दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश

6 | अभिव्यक्ति   3 | राजधानी   7 | आंचलिक   12 | देश-विदेश

रांची, शनिवार, 24 मई, 2025, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत-2082 वर्ष-10 अंक-38 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

श्रावणी मेले से झारखंड को देश- दुनिया में मिली है एक विशिष्ट पहचान: मुख्यमंत्री

श्रावणी मेला में नई कड़ियों को जोड़कर दे रहे और भव्य स्वरूप : सीएम

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 11 जुलाई से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला - 2025 की तैयारियों को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम- बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ आज उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री लोक कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने राजकीय श्रावणी मेला से जुड़ी सारी तैयारियां ससमय पूरी करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि, श्रावणी मेला में देश विदेश से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। बैठक में अधिकारियों ने श्रावणी मेला की चल रही तैयारियों की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

श्रावणी मेला को और भव्यता दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला हमारी आस्था का एक बड़ा केंद्र है। श्रावणी मेले से झारखंड को देश-

दुनिया में विशिष्ट पहचान मिली है। हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा नगरी आते हैं। हर वर्ष इस विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को काफी बेहतर तरीके से आयोजित करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में वे यहां से बेहतर अनुभव लेकर जाएं, इसके लिए श्रावणी मेला में नई कड़ियों को जोड़ने के साथ इसे और भी भव्य स्वरूप देने की दिशा में आगे बढ़ें। इसके लिए जो भी जरूरतें होंगी, उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

सभी विभाग समन्वय बनाकर तैयारियों को अंतिम रूप दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला में सुरक्षा, स्वच्छता, विश्राम, पेयजल, बिजली, पानी, शौचालय, स्नानागार, यातायात और स्वास्थ्य से संबंधित सारी व्यवस्थाएं पुख्ता होनी चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर तैयारियों को अंतिम रूप दें। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव से कहा कि वे श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर विभागों द्वारा की जा रही व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें ।

मेला रूट में खाली पड़ी जमीन का उपयोग हो

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे श्रावणी मेला के समापन तक के लिए मेला रूट में खाली पड़ी जमीन को लेने के लिए रैयतों से बात करें। अगर वे इसके लिए तैयार हो जाते हैं तो उस जमीन पर विश्राम गृह, शौचालय और स्नानागार की व्यवस्था करें , ताकि श्रद्धालुओं को अच्छी व्यवस्था मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मेला के समापन के बाद उक्त जमीन की पूरी साफ सफाई कर उसके रैयत को वापस कर दें। मुख्यमंत्री ने महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से रहने और भोजन की व्यवस्था करने का भी निर्देश अधिकारियों को दिया।

भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन व्यवस्था पर विशेष बल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ धाम में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़ नियंत्रण के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को पुख्ता रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेला रूट में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएं। वाहनों की गति सीमा निर्धारित कर उसका कड़ाई से पालन हो। पर्याप्त संख्या में वाहन प्लेट नंबर रीडिंग हाई डेफिनेशन कैमरा लगाएं जाय, ताकि ट्रैफिक सिस्टम का उल्लंघन करने वालों की पहचान में सुविधा हो सके।

श्रद्धालुओं की शिकायतों पर तुरंत एक्शन लें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को QR Based ComplainSyst शुरू करने का निर्देश दिया , ताकि किसी भी श्रद्धालु को अगर कोई परेशानी या समस्या हो रही है तो वह अपनी शिकायत तुरंत दर्ज करा सके। उन्होंने कहा कि शिकायतों के त्वरित निष्पादन की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने मेला प्रबंधन को लेकर कई अन्य अहम निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

उच्च स्तरीय बैठक में मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक सुरेश पासवान, विधायक देवेंद्र कुंवर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, सचिव मनोज कुमार के अलावा कई अन्य वरीय अधिकारी तथा बाबा बैद्यनाथ धाम- बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार के सदस्य गण मौजूद थे।

//-- सुविचार --//

गलती सिर्फ एक पल की ही होती है, परंतु उससे होने वाले प्रभाव को हम सारा जीवन महसूस करते हैं

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:08 प्रात:

अस्त : 06:22 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	32.0	20.0
जमशेदपुर	40.0	25.0
हजारीबाग	40.0	21.0
डालटनगंज	41.0	23.0

संक्षिप्त खबरें

ट्रंप ने ऐपल को दी सरेआम धमकी

नई दिल्ली। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा कि जो iPhones अमेरिका में बिकेंगे, उन्हें भारत या किसी और देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही बनाया जाना चाहिए. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो Apple कंपनी को अमेरिका में अपने हर X iPhone पर कम से कम 25 फीसदी का टैरिफ देना पड़ेगा. ट्रंप यह बात खुद ऐपल के उएड टिम कुक से पहले भी कह चुके हैं, और अब फिर से इसे जोर देकर सार्वजनिक तौर पर दोहराया है.

121 बांग्लादेशी घुसपैठिए पकड़े गए

नई दिल्ली। पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में 831 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की। इनमें से 121 भारत में अवैध रूप से रहते हुए पाए गए। सभी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और इन्हें विदेशी पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया। बाहरी उत्तरी जिले के डीसीपी निधिन वल्सन ने बताया कि बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया हुआ है। दौरान नरेला औद्योगिक क्षेत्र समेत कई इलाकों में अभियान चलाकर दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान 121 बांग्लादेशी की पहचान हुई। पुलिस नेसभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें एफआरआरओ के पास भेजा है।

मिथिला की बेटी अर्चना को न्यूयॉर्क में मिला सर्वोच्च सम्मान

मधुबनी। बिहार में मधुबनी जिल के मधेपुर प्रखंड निवासी मिथिला की बेटी अर्चना सिंह ने पुनः एक इतिहास रच डाला है। अर्चना सिंह को शुक्रवार को द वन शो 2025 में बेस्ट ऑफ शो का सर्वोच्च सम्मान न्यूयॉर्क में मिला। मिथिला और देश के लिए यह गर्व का पल है। मधेपुर ड्योढी निवासी डॉ टीपी सिंह व शीला सिंह की बेटी, अर्चना विश्व प्रसिद्ध विज्ञापन पुरस्कार द वन शो बेस्ट ऑफ शो जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं।

विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में पूर्वोत्तर की महत्वपूर्ण भूमिका: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां के भारत मंडपम में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्वोत्तर को देश के विकास का इंजन बताया और कहा कि यह क्षेत्र विकास की आपार संभावनाओं से भरा पड़ा है। प्रधानमंत्री ने देश और दुनिया के निवेशकों से आग्रह किया कि वे पूर्वोत्तर के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में विकसित भारत का रास्ता पूर्वोत्तर से होकर जाएगा।

दो दिवसीय (23-24 मई) राइजिंग नॉर्थ ईस्ट निवेश सम्मेल का उद्देश्य पूर्वोत्तर को अवसरों की भूमि के रूप में प्रस्तुत करना, निवेशकों को जोड़ना और नीति निमार्ताओं के साथ संवाद को बढ़ावा देना है। इसमें पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और खेल जैसे प्रमुख क्षेत्रों को फोकस किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर को अष्टलक्ष्मी से संबोधित किया और कहा कि यह क्षेत्र व्यापार, पर्यटन, जैव-अर्थव्यवस्था, बांस उद्योग, चाय उत्पादन, खेल, ऊर्जा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में



विशाल संभावनाओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर में हुए बदलाव केवल आंकड़ें नहीं हैं। जमीनी स्तर पर बदलाव नजर आ रहा है। उन्होंने 700 से अधिक बार केंद्रीय मंत्रियों की यात्राओं का हवाला देते हुए कहा कि यह क्षेत्र अब लुक ईस्ट से एक्ट ईस्ट की नीति के तहत भारत की विकास यात्रा में अग्रणी बन गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में हुए विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 11 हजार किमी हाई-वे निर्माण, भूपेन हजारिका ब्रिज और सेला टनल जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स, पूर्वोत्तर गैस ग्रिड, 4जी/5जी नेटवर्क और 13 हजार किमी ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का काम पूर्वोत्तर में हुआ है। इन परियोजनाओं ने उद्योगों के लिए फर्स्ट मूवर एडवांटेज की स्थिति बना दी है।

प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर को भारत-आसियान व्यापार का सेतु बताया और कहा कि भारत-आसियान व्यापार जल्द ही 200 अरब डॉलर को पार करेगा। गुवाहाटी, इंफाल और अगरतला में लॉजिस्टिक हब और मिजोरम व मेघालय में लैंड कस्टम स्टेशन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नया आयाम देंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि बीते दशक में 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा अपनाई। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिला है। गांवों में होमस्टे, नए टूर गाइड और सांस्कृतिक आयोजन बढ़े हैं। साथ ही हील इन इंडिया अभियान के अंतर्गत पूर्वोत्तर को वेलनेस टूरिज्म का केंद्र बनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 21 हजार करोड़ के निवेश से 800 स्कूल, 9 मेडिकल कॉलेज, 2 आईआईटी और देश का पहला स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी पूर्वोत्तर में बन रही है। साथ ही, युवाओं के लिए स्टार्टअप, डिजिटल इनोवेशन और स्किल सेंटर खुल रहे हैं। पूर्वोत्तर में हाइड्रो और सोलर पावर में तेज होते निवेश के साथ ही प्रधानमंत्री ने ऐलान किया कि जल्द ही क्षेत्र का पहला मेड इन इंडिया चिप तैयार होगा, जिससे भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

---

350 करोड़ की लागत से जमालपुर रेल कारखाना का होगा अत्याधुनिकीकरण

पटना। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर रेल कारखाना स्थित इरिमी सभागार में आज आयोजित कार्यक्रम में शामिल विभिन्न संगठनों से जुड़े अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रेलवे को अत्याधुनिक बनाने का विजन है, उन्होंने बिहार के लिये बहुत कुछ सोचा है। उन्होंने कहा कि 350 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर रेल कारखाना का आधुनिकीकरण होगा। केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि अब तक रेल अधिकारियों और सुपरवाइजरों को इनहाउस ट्रेनिंग देने वाली इरिमी अब युवाओं को भी प्रशिक्षित करेगी। वर्ष 2026 में शुरू होने वाले नए बैच से इसकी शुरूआत होगी। शुक्रवार को जमालपुर पहुंचे केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस कोर्स के शुरू होने से यहां प्रतिभावान युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर सम्मानजक पद प्राप्त कर सकेंगे। रेलमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद बीते साठ वर्षों में रेलवे का महज 20 हजार किलोमीटर विद्युतीकरण हो सका था लेकिन पिछले 11 वर्षों में हमने 50 हजार किलोमीटर से ज्यादा रेलवे का विद्युतीकरण किया है। पहले हमें डीजल दूसरे देशों से आयात करना पड़ता था इसलिए प्रधानमंत्री ने रेलवे के लिये संपूर्ण विद्युतीकरण का संकल्प लिया। भारत को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना प्रधानमंत्री का विजन है। नए तरह के रेलवे ट्रैक, नई तकनीक से युक्त ट्रेनें इन सब पर हमारा फोकस है।

सेना प्रमुख ने वीरता पुरस्कार से सम्मानित जवानों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को मानेकशॉ सेंटर में उन वीरता पुरस्कार विजेताओं से बातचीत की, जिन्हें भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को सम्मानित किया था। समारोह में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष सुनीता द्विवेदी ने भी वीर नारियों और सम्मानित परिवारों से मुलाकात की। सीओएएस ने शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षा अलंकरण समारोह के प्रथम चरण में छह कीर्ति चक्र और सात मरणोपरांत सहित 33 शौर्य चक्र प्रदान किए। इनमें 25 वीरता पुरस्कार भारतीय सेना को मिले हैं, जिनमें 14 शौर्य चक्र, 02 कीर्ति चक्र, 04 शौर्य चक्र (मरणोपरांत), 03 कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) हैं। सेना के इन जवानों ने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंकवाद, विद्रोह-विरोधी अभियानों से संबंधित विभिन्न अभियानों के दौरान बहादुरी दिखाई थी। इन अभियानों के दौरान खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया, उन्हें पकड़ा गया तथा हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए।



शौर्य चक्र1. मेजर (अब लेफ्टिनेंट कर्नल) विजय वर्मा, राजपूत रेजिमेंट, 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स, सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, 5वीं बटालियन, जम्मू और कश्मीर राइफल्स, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन (आर एंड ओ), नायब सूबेदार (अब सूबेदार) पी. पबिन सिंह, आर्टिलरी रेजिमेंट, 56 राष्ट्रीय राइफल्स, मेजर साहिल रंधावा, आर्टिलरी रेजिमेंट, 34 राष्ट्रीय राइफल्स, मेजर (अब लेफ्टिनेंट कर्नल) सीवीएस निखिल, 21वीं बटालियन, पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल). मेजर त्रिपतप्रीत सिंह, आर्मी सर्विस कॉर्प्स, 34 राष्ट्रीय राइफल्स. सूबेदार मोहन राम, 20 जाट रेजिमेंट. मेजर कुणाल, आर्मी सर्विस कोर, 1 राष्ट्रीय राइफल्स. मेजर आशीष दहिया, इंजीनियर्स कोर, 50 राष्ट्रीय राइफल्स. हवलदार प्रकाश तमांग, 9वीं गोरखा राइफल्स, 32 राष्ट्रीय राइफल्स. मेजर सतेंद्र धनखड़, आर्मर्ड कोर, 4 राष्ट्रीय राइफल्स. सहायक कमांडेंट एशेंथुंग किकॉन, 4 असम राइफल्स. सूबेदार विकास तोमर, 1 पैरा (विशेष बल) शौर्य चक्र (मरणोपरांत). मेजर आशीष धोंचक, सेना मेडल, सिख लाइट इन्फैंट्री, 19 राष्ट्रीय राइफल्स2. सिपाही प्रदीप सिंह, सिख लाइट इन्फैंट्री, 19 राष्ट्रीय राइफल्स. हवलदार रोहित कुमार, डोगरा रेजिमेंट, हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल. कैप्टन दीपक सिंह, सिग्नल कोर, 48 राष्ट्रीय राइफल्स कीर्ति चक्र. मेजर मल्ला राम गोपाल नायडू, मराठा लाइट इन्फैंट्री, 56 राष्ट्रीय राइफल्स2. मेजर मंजीत, पंजाब रेजिमेंट, 22 राष्ट्रीय राइफल्स,कीर्ति चक्र (मरणोपरांत). राइफलमैन रवि कुमार, जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, 63 राष्ट्रीय राइफल्स2.कर्नल मनप्रीत सिंह, सेना मेडल, सिख लाइट इन्फैंट्री, 19 राष्ट्रीय राइफल्स. नायक दिलवर खान, तोपखाना रेजिमेंट, 28 राष्ट्रीय राइफल्स।

सेना ने बयान में कहा कि कर्तव्य की पंक्ति में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सेना के कर्मियों के परिजनों को बलिदान का बैज और सम्मान प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

लोकार्पण | भारत छेड़ता नहीं है और कोई छेड़े तो उसे छोड़ता भी नहीं है

आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं: योगी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण किया। इस मौके पर योगी ने सनातन धर्म को भारत के अस्तित्व और वजूद का आधार बताते हुए कहा कि इसके सम्मान और गरिमा के खिलाफ कुछ भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने हनुमानगढ़ी के नागाओं और संतों से आह्वान किया कि वे अपने योद्धा भाव को बनाए रखें और सनातन धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। उन्होंने पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत छेड़ता नहीं है और कोई छेड़े तो उसे छोड़ता भी नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी ने हनुमानजी का उदाहरण देते हुए कहा कि बजरंगबली ने रावण के दरबार में यही संदेश दिया था। पाकिस्तान

आतंकवाद को बढ़ावा देकर खुद को बर्बाद कर रहा है। भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह गलती पाकिस्तान की है, जो आतंकियों को प्रश्रय दे रहा है। ये आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अध्यात्मिक जगत में कोई अस्तित्व नहीं है। जिसका अपना वास्तविक अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है। अब पाकिस्तान का समय पूरा हो गया है। उसके अंत की शुरूआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। योगी ने कहा कि देश को सनातन धर्म के मार्ग में बाधा डालने वालों को चिह्नित करना होगा। सनातन धर्म भारत के अस्तित्व की पहचान है और इसकी गरिमा और सम्मान के विरुद्ध हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है।

त्रेतायुगीन विरासत और सनातन धर्म का रक्षक है हनुमानगढ़ी

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत हनुमानगढ़ी के त्रेतायुगीन टीले को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि यहां से हनुमानजी महाराज ने अयोध्या धाम की रक्षा की है। उन्होंने बाबा अभयराम दासजी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह श्रीहनुमत कथा मंडपम बाबा अभयराम दासजी की दूरदर्शिता और वैष्णव अखाड़ों की सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उनकी कृपा से आज हम इस भव्य स्वरूप को देख रहे हैं। उन्होंने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन, पूज्य संतों और नागाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने एक-एक पाई बचाकर इस मंडपम का निर्माण किया। योगी ने कहा कि हनुमानगढ़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए योद्धा भाव का प्रतीक है। यह मंडपम आने वाली पीढ़ियों के लिए हनुमानगढ़ी के वैभव को संरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी का यह मंडपम न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि सत्संग और कथाओं के माध्यम से सनातन धर्म के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि 2014 और 2017 से पहले अयोध्या अव्यवस्था, टूटी-फूटी सड़कों, बिजली की कमी और गंदगी से जूझ रही थी। जब हम यहां आते थे, तो राम की पैड़ी का पानी सड़ता था, घाटों पर गंदगी थी और हर दूसरे दिन कर्फ्यू जैसी स्थिति रहती थी। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को नया स्वरूप दिया।

ज्योति मल्होत्रा ने बासुकीनाथ का भी वीडियो किया था शूट

बैद्यनाथ धाम व बासुकीनाथ धाम की सुरक्षा बढ़ायी गई

दुमका। जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा द्वारा बासुकीनाथ मंदिर का भी वीडियो शूट किया था। इसको लेकर बासुकीनाथ धाम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को मंदिर की सुरक्षा में लगाया गया है। साथ ही मंदिर के इर्द-गिर्द सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है, ताकि मंदिर परिसर की गतिविधियों को देखा जा सके।

वर्ष 2023 में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ने सुल्तानगंज से लेकर देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर और बासुकीनाथ मंदिर का वीडियो शूट किया था। जासूसी के आरोप में उसकी गिरफ्तारी के बाद देवघर के बैद्यनाथ धाम

मंदिर और बासुकीनाथ धाम मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जिला प्रशासन अलर्ट है। झारखंड के दुमका से करीब 24 किलोमीटर की दूरी पर दुमका-देवघर मुख्य मार्ग पर बाबा बासुकीनाथ धाम का मंदिर है। यूं तो यहां सालोंभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, लेकिन श्रावण माह के दौरान यहां काफी भीड़ उमड़ती है। यहां बिहार के उत्तरवाहिनी अजगैबीनाथ से जल लेकर श्रद्धालु देवघर के बैद्यनाथ धाम के रास्ते बाबा बासुकीनाथ तक पहुंचे हैं।

पिछले दिनों आईएसआई के लिए काम के आरोप में हरियाणा निवासी यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद अचानक से बासुकीनाथ धाम मंदिर और बैद्यनाथ धाम मंदिर सुर्खियों में आ गया है। ज्योति मल्होत्रा ने 2023 में इन धार्मिक स्थलों की यात्रा की थी और मंदिर परिसर में वीडियो बनाकर यू-ट्यूब पर अपलोड किया था। जिसमें सुल्तानगंज का अजगैबीनाथ मंदिर, बैद्यनाथ धाम मंदिर, बासुकीनाथ मंदिर और जसीडीह रेलवे स्टेशन का विस्तार पूर्वक चित्रण किया गया था।

जानबूझकर राज्य में संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाकर रखी है हेमंत सरकार : बाबूलाल

नवप्रदेश/रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य की ऐसी सारी संवैधानिक संस्थाएं जो राज्य सरकार के काम काज, गड़बड़ियों, भ्रष्टाचार पर नजर रखती है, जनता की शिकायत पर सुनवाई और कार्रवाई करती है उन्हें राज्य सरकार ने पंगु बनाकर रखा है।

मरांडी शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में लोकायुक्त, महिला आयोग, सूचना आयोग, उपभोक्ता फोरम जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं में वर्षों से अध्यक्ष- सदस्य के पद खाली हैं। कहीं अध्यक्ष हैं तो सदस्य नहीं, कही न अध्यक्ष हैं न सदस्य। संस्थान सिर्फ नाममात्र का रह गया है। ये संवैधानिक संस्थाएं जनता को न्याय दिलाने में सहायक होती हैं, सरकार को पारदर्शी और जवाबदेह बनाती है। लेकिन इनका पंगु रहना लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर रही है।

राज्य सरकार नेता प्रतिपक्ष नहीं होने का बहाना बनाती थी जबकि सच्चाई है कि भाजपा ने समय पर नेता चुनकर दिया है। पिछले टर्म में दो बार नेता का चयन किया गया लेकिन परिणाम शून्य रहा। आज विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष है लेकिन हेमंत सरकार की नियत साफ नहीं। यह सरकार अपनी नाकामियों, विफलताओं, भ्रष्टाचार को उजागर नहीं होने देना चाहती। लोग शिकायत करेंगे तो मामला संवैधानिक जांच के घेरे में आएगा, सूचनाएं मांगे जाने पर उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी। राज्य सरकार इससे बचना चाहती है।

सूचना आयुक्त का पद खाली है, महिला आयोग में 2020 से ही अध्यक्ष व सदस्य का पद खाली है, जिसमें 5000 से अधिक मामले लंबित हैं। महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा। यहां कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिल रहा। एक सफाई कर्मी की मौत भी हो चुकी है। उपभोक्ता फोरम में दर्जन भर जिले अध्यक्ष और सदस्य विहीन हैं।

उन्होंने कहा कि लोकायुक्त के नहीं रहने से न तो कोई शिकायत दर्ज हो रही, न कोई भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई हो रही। जबकि लोकायुक्त जैसी स्वतंत्र संस्था राज्य में काम करेगी तो मंत्री, विधायक बड़े पदाधिकारी, यहां तक कि एसीबी के विरुद्ध भी गलत और पक्षपातपूर्ण कारवाई और जांच की शिकायत की जा सकेगी, जो आज नहीं हो पा रहा। हाई कोर्ट के निर्देशों के बावजूद इन पदों को नहीं भरा जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि यह सरकार जानबूझकर संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां नहीं करना चाहती है ताकि किसी भी प्रकार के गलत काम के विरुद्ध किसी बड़ी मछली के खिलाफ स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच और दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो। राज्य सरकार संवैधानिक तरीके से बल्कि मुखेर कानून चलाना चाहती है।

मरांडी ने मांग किया कि अविलंब सूचना आयुक्त, महिला आयोग, लोकायुक्त जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं के अध्यक्ष, सदस्यों की नियुक्ति की जाए। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा आदि उपस्थित थे।

एक नजर

रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहा प्लास्टिक प्रदूषण मुक्त अभियान

नवप्रदेश/रांची।रामगढ़। पूरे विश्व में पांच जून को विश्व परिवार पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। भारतीय रेल ने अभी से ही विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। विभिन्न स्टेशनों पर प्लास्टिक प्रदूषण मुक्त थीम पर आधारित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 22 मई से 5 जून तक यह कार्यक्रम आयोजित होगा। धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने इसकी शुरूआत की। उन्होंने कहा कि शहर और पर्यावरण तथा अपने स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। अन्य लोगों को भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जब भी बाजार जाए तो साथ में कपड़े या जूट का थैला लेकर जाए । साथ ही शहर को स्वच्छ रखने में पूरा योगदान दें। लोगों में जागरूकता के लिए मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर रेल एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा शपथ भी ली गई।

झारखंड प्री मॉनसून की बारिश से हुआ ठंडा, पलामू में 32 डिग्री तापमान

नवप्रदेश/रांची। राज्य भर में हो रही प्री मानसून की बारिश से झारखंड मे वातावरण ठंडा हो गया है। राज्य का सबसे गर्म रहनेवाले जिला पलामू में तापमान गिरकर 32 डिग्री पहुच गया है। इससे लोगों को काफी राहत मिली है। वही राजधनी रांची में भी तापमान गिरकर 30 डिग्री हो गया है। मौसम विभाग ने 28 मई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन, बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और 40-50 किमी की रफ़्तार से तह हवाएं चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने इस बार समय से पूर्व मॉनसून के दस्तक देने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने इस बार 10 जून तक झारखंड में मॉनसून के आने की बात कही है। साथ ही विभाग ने इस वर्ष मॉनसून की अच्छी बारिश होने की जानकारी दी है। वहीं रांची और आसपास के इलाकों में शुक्रवार को सुबह से बादल छाए रहे और मध्यम गति की हवा चली। इसलिए मौसम काफी सुहाना रहा। रांची में अधिकतम तापमान 30.8, जमशेदपुर में 35.1 डिग्री, डालटेनगंज में 32.5, बोकारो में 36.5 और चाईबासा में तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहा प्लास्टिक प्रदूषण मुक्त अभियान

नवप्रदेश/रांची।रामगढ़। पूरे विश्व में पांच जून को विश्व परिवार पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। भारतीय रेल ने अभी से ही विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। विभिन्न स्टेशनों पर प्लास्टिक प्रदूषण मुक्त थीम पर आधारित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 22 मई से 5 जून तक यह कार्यक्रम आयोजित होगा। धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने इसकी शुरूआत की। उन्होंने कहा कि शहर और पर्यावरण तथा अपने स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। अन्य लोगों को भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जब भी बाजार जाए तो साथ में कपड़े या जूट का थैला लेकर जाए । साथ ही शहर को स्वच्छ रखने में पूरा योगदान दें। लोगों में जागरूकता के लिए मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर रेल एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा शपथ भी ली गई।

विश्वकर्मा लोहार समाज की बैठक 25 को

नवप्रदेश/रांची। विश्वकर्मा लोहार समाज झारखंड प्रदेश की बैठक 25 मई को पुराने विधानसभा के सभागार में होगी। बैठक के जरिए अपने अस्तित्व और पहचान के लिए पूरे झारखंड के लोहार एक मंच पर आएंगे। इसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से समाज के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। विश्वकर्मा लोहार समाज वर्तमान में अपने आप को विश्वकर्मा के वंशज मानते हुए लोहे को विभिन्न प्रकार के आकार देकर घरेलू उपयोग में आने वाले सामग्री का निर्माण करते हैं। समाज के सुरेंद्र विश्वकर्मा ने शुक्रवार को बताया कि लोहार जाति भारतीय संविधान में अनुसूचित जनजाति में दर्ज है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार लोहार जाति को लोहार और लोहारा में बांटकर लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति की सुविधा से वंचित कर रखा है। लोहार सुदूर ग्रामीण इलाकों में गांव के लोगों को कृषि के औजार उपलब्ध कराते हैं। इसलिए झारखंड में लोहारों की स्थिति राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से काफी पिछड़ता जा रहा है। रांची, 23 मई शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आईएएस विनय चौबे की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें गुरूवार शाम रिम्स में भर्ती किया गया था। विनय चौबे को रिम्स के पेइंग वार्ड में रखा गया है। शुक्रवार सुबह असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ऋषि गुड़िया ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। इससे पहले मेडिसिन विभाग की डॉक्टरों की टीम उनके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने की कोशिश कर रही थी। उनके सभी रिपोर्ट को नेफ्रोलॉजी विभाग में भेजा गया है। जहां डॉक्टर रिपोर्ट को देख रहे हैं। चौबे को हाई ब्लड प्रेशर और किडनी से जुड़ी समस्याएं हैं, जिनकी जांच अब नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ करेंगे। इससे पहले गुरूवार की रात विनय चौबे की पत्नी खाना लेकर उनसे मिलने रिम्स गयी थी। लेकिन वहां चौबे की पत्नी को उनसे मिलने नहीं दिया गया। खबर है कि विनय चौबे के लिए लाया गया घर का खाना वापस करवा दिया गया। इसके बाद विनय चौबे की पत्नी लौट गयी। हालांकि उन्होंने मीडिया को कोई बयान नहीं दिया। कोर्ट के दिशा-निर्देश में मेडिकल बोर्ड की बैठक हुई थी।

झारखंड से दिल्ली तक हो रही थी गांजे की तस्करी, 25 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

नवप्रदेश/रांची। रामगढ़। झारखंड से दिल्ली तक गांजे की तस्करी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। तस्करी गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में रामगढ़ पुलिस ने सफलता हासिल की है। शुक्रवार को एसपी अजय कुमार ने प्रेस वार्ता कर इस पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 25 किलो गांजा के साथ दो तस्कर शत्रुघन कुमार और लालू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वे दोनों मूल रूप से बिहार राज्य के पटना जिले के निवासी हैं। वर्तमान में वे लोग रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत पीटीपीएस क्षेत्र में रह रहे थे। एसपी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी की दो युवक रांची से गांजा लेकर पतरातू आने वाले हैं। पतरातू रेलवे स्टेशन से ट्रेन पड़कर वे लोग दिल्ली रवाना होंगे। इस सूचना के आधार पर पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में बनी एसआईटी में जांच शुरू की। टीम के द्वारा पतरातू रेलवे स्टेशन आने वाले सभी मार्गों पर निगरानी रखी गई थी। जांच के दौरान गरैवाटांड़ से पतरातू रेलवे स्टेशन जाने वाले पीसीसी सड़क पुतरियां नदी पुल के पास दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे? पुलिस जवानों के जरिये उसे दौड़ा कर पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्तियों में पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरा गांव निवासी शत्रुघन कुमार और पंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुर महाराजगंज निवासी लालू कुमार शामिल थे। गिरफ्तार शत्रुघ्न और लालू ने पुलिस को बताया कि वे लोग बैग में गांजा लेकर भुवनेश्वर से निकले थे। ट्रेन और बस के माध्यम से वे लोग रांची होते हुए सीधे पतरातू स्टेशन आ गए। यहां से ट्रेन लेकर वे लोग दिल्ली जाने वाले थे। दिल्ली में सकरपुर चार खंभा के पास एक दुकान में 25 किलो गांजे की डिलीवरी वे लोग करते। पुलिस ने तलाशी ली तो शत्रुघन कुमार के पास से अलग-अलग प्लास्टिक में छह पैकेट में बंद 11 किलो 800 ग्राम और लालू कुमार के पास से 14 पैकेट में 13 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। एसपी अजय कुमार ने बताया कि गांजा तस्करी करने वाले लोग रांची रेलवे स्टेशन से दिल्ली की ट्रेन नहीं पकड़ते थे। रांची रेलवे स्टेशन पर सख्ती से जांच की जाती है। जिसमें पकड़े जाने की संभावना अधिक रहती है। इस वजह से यह लोग अक्सर छोटे रेलवे स्टेशन से दिल्ली की ट्रेन पकड़ते थे, ताकि चढ़ने में आसानी हो। एक बार ट्रेन की जनरल बोगी में सवार हो गए, तो फिर कोई भी इन्हें पूछने वाला नहीं। दिल्ली स्टेशन से कुछ दूर पहले ही यह लोग उतर जाते थे, ताकि शहर में भी कोई जांच पड़ताल ना हो।

श्री दिगंबर जैन पंचायत की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव 25 मई को

नवप्रदेश/रांची। श्री दिगंबर जैन पंचायत रांची की 21 सदस्यों की कार्यकारिणी का चुनाव 25 मई को होगा। चुनाव मैदान में आदिनाथ ग्रुप और समर्पण ग्रुप आमने-सामने हैं। चुनाव पदाधिकारी राकेश जैन ने शुक्रवार को बताया कि नाम वापसी के बाद मैदान में 40 उम्मीदवार बचे हैं। मतदान रविवार को रातू रोड के रतनलाल जैन स्मृति भवन में सुबह 10 बजे से होगा। मतदान की प्रक्रिया दोपहर दो बजे तक चलेगी और इसके बाद मतों की गिनती शुरू होगी। बताया गया कि उसी दिन चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। दोनों गुट जोरशोर से चुनाव प्रचार में लगे हैं। श्री दिगंबर जैन पंचायत के 415 सदस्य हैं और सभी को मत डालने का अधिकार है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में अजय कुमार जैन गंगवाल, अजीत कुमार जैन काला, अनिल कुमार जैन ठोलिया, अनिल पाटनी, अरुण कुमार अजमेरा, अरुण कुमार बाकलीवाल, अशोक कुमार जैन सोगानी, अशोक कुमार जैन सिंघाई, कमल सेठी, कमल जैन विनायका, कैलाश चंद्र बड़जात्या, चेतन पाटनी, सीए जितेंद्र छाबड़ा, जितेंद्र कुमार सेठी, धर्मेंद्र छाबड़ा, नरेंद्र कुमार जैन गंगवाल, नवनीत कुमार पटौदी, पदमचंद जैन लोढ़ा, पंकज पांडेया, प्रदीप अजमेरा, प्रदीप कुमार जैन बाकलीवाल, प्रमोद कुमार झंझरी, विनीत जैन सेठी, मोनिका ठोलिया सहित अन्य शामिल हैं।

श्रद्धाभाव से श्याम मंदिर में मनी अचला एकादशी

नवप्रदेश/रांची। रांची के हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को अचला एकादशी के अवसर पर मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह के प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती में भक्त अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है । दोपहर में विश्राम आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर दिया गया। दोपहर के विश्राम के बाद बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया। लाल गुलाब, रजनीगंधा, तुलसीदल, गेंदा,गुलबहार मुरुगन फूल की मोटी मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। मंडल के कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, दीपाश्री गाड़ोदिया, तेजस, खुशी गाड़ोदिया ने खाटू नरेश के दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित की। पंकज गाड़ोदिया ने अखंड ज्योति में फल पेड़ा मेवा रबड़ी और मगहीपान अर्पित कर बाबा के आगे अपनी अर्जी लगाई। इस अवसर पर कदम कदम पर निभा रहा है ये तु ही है सब चला रहा है..., तेरा मेरा सांवरे ऐसा नाता है दिन हो चाहे रात हो तेरा सपना आता है... सहित कई मधुर भजनों की प्रस्तुती भक्तोंत ने दी। एकादशी संकीर्तन में भोग लगने के बाद मंदिर में आए सभी दर्शनार्थियों को निरंतर प्रसाद का वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री सोरेन से दो मेजर जनरल ने की मुलाकात

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में दो मेजर जनरल ने मुलाकात की। मेजर जनरल अरुण राजेश मोगे (विशिष्ट सेवा मेडल) ईस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर- सह- डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता कमिटी के वाइस चेयरमैन और मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर (विशिष्ट सेवा मेडल) जीओसी -23 इन्फैंट्री डिवीजन ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मेजर जनरल ने मुख्यमंत्री को जमशेदपुर में जुलाई में आयोजित होने वाले डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

सुहागिन महिलाएं 26 को करेंगी वट सावित्री का व्रत

रांची। राज्य भर में सुहागिन महिलाएं 26 मई को वट सावित्री का व्रत करेंगी। वट सावित्री पर्व का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। यह पर्व हर वर्ष के ज्येष्ठ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी अमावस्या तिथि मनाया जाता है। इस बार कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी अमावस्या की तिथि 26 मई को 12 बजकर 11 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन 27 मई को सुबह 8 बजकर 31 मिनट पर तिथि को समाप्त होगी। इसी दिन सोमवती अमावस्या भी मनाई जाएगी। वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति में विवाहित महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, जो पति की लंबी उम्र और सुखमय दांपत्य जीवन की कामना से जुड़ा हुआ है। यह व्रत विशेष रूप से सावित्री के अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लाने की पौराणिक कथा से प्रेरित है। मान्यता है कि इस दिन वट वृक्ष की पूजा करने से त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश की कृपा प्राप्त होती है। इससे जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास होता है। इसके अतिरिक्त, इस दिन किए गए व्रत से पापों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है।

विश्वविद्यालयों से संबंधित कॉमन बिल के विरोध में उतरा संघ

रांची। राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों के लिए एक नया कॉमन बिल लायी है। इस बिल में कई बदलाव किए गए हैं, हालांकि इसमें अभी अंतिम मुहर लगना बाकी है। आदिवासी छात्र संघ ने इस बिल को रोकने के लिए राज्यपाल सचिवालय में एक पत्र भेजा है।

बिल में ये है बदलाव

स्टूडेंट यूनियन की जगह अब स्टूडेंट काउंसिल होगा, कुलपति और प्रतिकुलपति की तरह अब रजिस्ट्रार की नियुक्ति भी राज्यपाल करेंगे। कुलपति का कार्यकाल तीन साल से बढ़ाकर पांच साल कर दिया गया है। आदिवासी छात्र संघ के दया बहुरा ने बिल के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें होने वाले ये बदलाव छात्र हितों के खिलाफ हैं।

इन बिंदुओं पर है छात्र संघ की आपत्ति



आदिवासी छात्र संघ का कहना है कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों के संचालन का अधिकार राज्यपाल से वापस ले लिया है, लेकिन झारखंड में इसके विपरीत कदम उठाया जा रहा है। यदि राज्य सरकार के अधीन ये जिम्मेदारी नहीं रहेगी तो विश्वविद्यालय केंद्र सरकार के नियमों के तहत संचालित होंगे।

इसका स्थानीय संस्कृति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे झारखंडी विचारधारा की कमी हो सकती है।

संघ का यह भी कहना है कि अगर स्टूडेंट लीडर नहीं होंगे, तो विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकेगा। रांची कॉलेज जो झारखंड के विद्यार्थियों के लिए राजनीति का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, अगर इस बदलाव का सामना करेगा तो इससे विद्यार्थियों के रोजगार अवसर प्रभावित होंगे।

आदिवासी छात्र संघ ने राज्यपाल सचिवालय को इस मुद्दे पर पुनः विचार करने के लिए आवेदन दिया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि बिल को वापस नहीं लिया तो वह एक हफ्ते बाद आंदोलन करेगा।

जागरूकता फैलाकर पीएलवी करें ग्रामीणों को जागरूक : भास्कर

नवप्रदेश/रांची। राजधानी रांची के सिविल कोर्ट स्थित डालसा के सभागार में में पीएलवी के साथ डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने शुक्रवार को बैठक की।

बैठक में उपस्थित पीएलवी के किये गये कार्यों की समीक्षा की और सभी पीएलवी की क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत उन्हें कई दिशा-निर्देश दिया।

बैठक में सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि गांव में ग्रामीणों के बीच नालसा और झालसा की ओर से चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में बताकर लोगों को जागरूक करें। जरूरतमंदों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और सरकारी की ओर से चलाये जा रहे लाभकारी योजनओं से अवगत कराकर उन्हें लाभ पहुंचायें।

डालसा सचिव ने कहा कि आप सभी झालसा कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। पीड़ित महिलाओं को भी चिन्हित करें, जिनको मुआवजा नहीं मिला हैं, उनका आवेदन डालसा कार्यालय में जमा कराकर, मुआवजा दिलाने में उन्हें मदद करें।

कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रांची।

आवश्यक सूचना।

352522 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रांची।

कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया

नवप्रदेश/रांची। शराब घोटाले आरोपित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया। अगली सुनवायी अब 3 जून को होगी। इससे पहले एसीबी ने करीब छह घंटे तक दोनों अधिकारियों से पूछताछ की। पूछताछ के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों को एसीबी की कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट में पेशी से पहले दोनों का मेडिकल जांच भी करवाया गया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ आर्थिक अपराध शाखा में प्राथमिकी दर्ज किये जाने के बाद झारखंड एसीबी ने राज्य में कथित शराब घोटाले के सिलसिले में सरकार की अनुमति के बाद प्रीलिमिनरी एनक्वायरी (पीई) दर्ज की थी। प्रारंभिक जांच के बाद एसीबी ने सरकार से अनुमति लेकर शराब घोटाले के सिलसिले में नियमित प्राथमिकी दर्ज की है।

विनय चौबे उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव हैं। उनके ही कार्यकाल में कथित तौर पर शराब घोटाला हुआ था। पूरा मामला झारखंड में 31 मार्च 2022 से लागू नई उत्पाद नीति से संबंधित है। आरोप है कि इसके लिए जनवरी 2022 में झारखंड में उत्पाद नीति को बदलने के लिए छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ तत्कालीन उत्पाद सचिव और अन्य अधिकारियों ने योजना बनायी और रायपुर में बैठक की थी।

यह भी आरोप है कि उत्पाद नीति लागू होने के बाद दो वर्षों तक झारखंड उत्पाद नीति में छत्तीसगढ़ की एजेंसियां कार्यरत रहीं। नकली होलोग्राम, अवैध शराब की सप्लाई कर झारखंड सरकार को करोड़ों रुपये की क्षति पहुंचाई गई।

छत्तीसगढ़ के रायपुर में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी इनफोर्समेंट केस इनफॉरमेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज किया था। पूर्व में ईडी ने पूर्व उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी। तब सभी अधिकारियों के आईफोन सहित अन्य दस्तावेजों को भी ईडी ने जब्त किया था।

झारखंड के तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे, संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह सहित अन्य के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की आर्थिक अपराध शाखा रायपुर में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ही ईडी ने गत वर्ष अपने यहां ईसीआईआर दर्ज किया था। उक्त केस रांची के अरगोड़ा निवासी विकास सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

उनका आरोप था कि छत्तीसगढ़ के तत्कालीन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव अनिल टुटेजा, छत्तीसगढ़ राज्य मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक अरुणपति त्रिपाठी, रायपुर के बैरन बाजार निवासी अनवर ढेबर और उनके सिंडिकेट ने झारखंड के अधिकारियों के साथ मिलकर साजिश पूर्वक झारखंड की आबकारी नीति में फेरबदल किया।

झारखंड में देसी और विदेशी शराब का ठेका सिंडिकेट के लोगों को दिलवाकर धोखाधड़ी की और झारखंड सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया। इस सिंडिकेट में झारखंड में बेहिसाब नकली होलोग्राम लगी देसी शराब की बिक्री कर तथा विदेशी शराब की सप्लाई का काम दिलवाकर उन कंपनियों से करोड़ों रुपये का कमीशन लिया। इन्हीं आरोपों के आधार पर एसीबी झारखंड ने भी समानांतर जांच शुरू की थी।

e-Procurement Cell
Office of The Executive Engineer
Building Construction Department, Building Division, Ramgarh

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

जेल प्रशासन को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

धनबाद/ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ,अवर न्नायायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो, के साथ धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया । जेल में कुल 652 बंदी मिले जिसमे 68 दोषसिद्ध व 584 विचाराधीन बंदी मिले। जिसमें 27 महिला बंदी थे। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश जेल डॉक्टर को दिया वही कल्याण परक, शिक्षापरक एवं रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश प्रभारी जेलर को दिया गया । महिला बैरक में निरुद्ध कुल 27 महिला बंदियों से मुलाकात कर न्यायाधीश ने उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जेलर को सेनेटरी पैड मशीन लगाने का निर्देश दिया , सभी बन्दियों का वर्तमान डेटा जेल के पैरा लीगल वालेंटियर (विधिक स्वंयसेवक) के माध्यम से कम्प्यूटर पर फीड कराया जाए। वैसे बंदी जो कई मुकदमों में जेल में बंद है उनके साथ नए बंदियों को नहीं रखा जाए पढ़ाई करने की इच्छुक बंदियों को समुचित शिक्षा की व्यवस्था कराई जाए । जेल में स्कैनर का समुचित प्रयोग करने , वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंदीयो को न्यायालय में पेश करने का निर्देश दिया गया इसके लिए हाईटेक आवश्यक उपकरणों को लगाने का निर्देश जेलर को दी गई । न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर,वहां तैयार हो रहे भोजन ,व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया।उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने जेल अधिकारियों को उनके कर्तव्य का समुचित रूप से पालन करने का निर्देश दिया । जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं बंदीयों को उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया और कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं की जानी चाहिए।इस मौके पर रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट आइ जेड खान ,जेल डॉ. राजीव कुमार सिंह भवन निर्माण विभाग के इंजीनियर,लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार बिमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सुमन पाठक, नीरज गोयल, के. एल ठाकुर , मुस्कान, पारा लीगल वॉलंटियर विशाल कुमार सिंह ,डालसा सहायक अरुण कुमार,प्रभारी जेलर व अन्य विभागों के पदाधिकारी शामिल थे।

डॉ कौशल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष को पौधा भेंट कर किया सम्मान

नवप्रदेश/ मेदिनीनगर पलामू/ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी जी के रांची आवास पर पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने मुलाकात कर उन्हें पलामू आने का आमंत्रण दिया। डॉ कौशल ने इस मुलाकात में पलामू के वर्तमान राजनीतिक सामाजिक और पर्यावरणीय हालातो पर भी चर्चा की। वहीं मुलाकात को यादगार बनाने के लिए पर्यावरण धर्म के प्रावधानों के तहत पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को डॉ कौशल ने दालचीनी का पौधा भेंट कर उनका सम्मान किया।

धनबाद में बिजली की समस्या को ले कांग्रेस जिला अध्यक्ष मिले जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक से

नवप्रदेश संवाददाता

धनबाद/ शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिंहा से मिला। धनबाद जिले में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति नहीं होने से जेवीवीएनएल के उपभोक्ता खासे परेशान हैं। उपभोक्ताओं की बिजली समस्या से निजात को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस पार्टी ने भी कमर कस ली है । जिलाध्यक्ष संतोष सिंह की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल जिसमें राजेश्वर सिंह यादव, योगेन्द्र सिंह योगी, नवनीत नीरज, दिनेश यादव मनोज सिंह, मनोज कुमार हाड़ी, पप्पू पासवान, जियाउल हुसैन, सुरज वर्मा, ने आज जेवीवीएनएल के महाप्रबंधक से मिला। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने महाप्रबंधक को अवगत कराया कि जिले में चरमराई बिजली व्यवस्था को लेकर सरकार की भी किरकिरी हो रही है और जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधरी तो कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए विवश होगी। जेवीवीएनएल का मानना है कि जिले में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने की दिशा में ग्रिड निर्माण को लेकर जेबीवीएनएल का कार्य प्रगति पर है. वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण ही ग्रिड निर्माण कार्य में अडचने आ रही है.चार ग्रिड बनने हैं तो ग्रिड का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है. ग्रिड तैयार होने के बाद डीवीसी पर जेबीवीएनएल की निर्भरता कम होगी तथा लोगों को निर्बाध रूप से जेबीवीएनएल बिजली आपूर्ति कर पायेगी. दूसरी तरफ विभाग ने बिजली समस्या से पूरी तरह से निजात को लेकर सरकार को जिले में 42 पावर सब स्टेशन का भी प्रपोजल दिया है. जहाँ पावर लोड का केंद्र बन चूका है वहाँ सब स्टेशन बनाये जायेंगे ताकि पावर कट की समस्या को खत्म किया जा सके। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा धनबाद और झरिया में बिजली की दयनीय हाल से जनमानस आक्रोश है जिला कांग्रेस जनहित में बिजली विभाग के खिलाफ जरूरत पड़ी तो आन्दोलन करेगी । महाप्रबंधक ने कहा है जल्द ही बिजली व्यवस्था दुरुस्त होगी। जिलाध्यक्ष श्री संतोष सिंह ने कहा झारखंड में कांग्रेस झामुमो की सरकार है फिर भी भाजपा परस्त मानसिकता के अधिकारी सरकार को बदनाम कर रहे हैं उन्होने चेतावनी दी है जिला प्रशासन जनहित में कार्य करे अन्यथा कांग्रेस जनहित के सवाल पर धनबाद में वृहद पैमाने पर आंदोलन करने पर बाध्य होगी।

ईसीआरकेयू तथा मंडलीय अधिकारियों से औपचारिक वार्ता
रेलकर्मियों को स्प्लिट पास की सुविधा मिले - मो ज्याऊद्दीन

नवप्रदेश/धनबाद। ईसीआरकेयू द्वारा रेलकर्मियों की विभिन्न समस्याओं की ओर मंडल प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। बरकाकाना कालोनियों में पेयजल आपूर्ति काफी दिनों से नहीं हो पा रही है। इसके अतिरिक्त अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों और कालोनियों में भी पेयजल संकट गहराता जा रहा है। उक्त मामले को लेकर गुरूवार को ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह पी एन एम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन बरकाकाना दौरे पर आए अपर मंडल रेल प्रबंधक से मिले। मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि रेलवे कालोनियों में पेयजल आपूर्ति की समस्त बाधाओं को युद्धस्तर पर दूर किया जाना चाहिए। उन्होंने हेहल सांकी मेसरा सेक्शन के सभी स्टेशनों पर पेयजल की घोर कमी से निपटने के लिए मंडल प्रशासन को पुनः आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इसके लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरा किया जाए ताकि भौगोलिक दृष्टि से जटिल लोकेशन वाले इन स्टेशनों पर कार्यरत रेलकर्मियों को बड़ी राहत मिल सके। इसके पश्चात मो ज्याऊद्दीन धनबाद जाकर संबंधित अधिकारियों से मिले और उनके समक्ष रेलकर्मियों की विभिन्न समस्याओं को रखा। देर शाम को ईसीआरकेयू धनबाद शाखा वन में एकत्रित सक्रिय सदस्यों की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड स्तर पर स्प्लिट पास की सुविधा,उम्मीद कार्ड के आधार पर रेफरल अस्पतालों में बिना रेलवे अस्पताल से रेफर किए इलाज कराने की सुविधा,विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को समयबद्ध पदोन्नति देने,जोखिम भरे कार्य करने वाले कर्मियों को हार्ड एलाउंस देने, रनिंग कर्मचारियों के रनिंग भत्ते को आयकर में छूट देने, ट्रेन मैनेजर तथा लोको पायलट को एम ए सी पी का लाभ देने आदि मामलों पर फेडरेशन और ईसीआरकेयू प्रयासरत है। धनबाद वन शाखा में सम्पन्न इस बैठक में नेताजी शुभाष,राजेश कुमार,एन के खवास,जे के साव,पिंटू नंदन,भानु प्रकाश,रंजीत कुमार,मंटू सिन्हा,रणधीर कुमार,रविन्द्र रवानी, हदीश,और अवधेश कुमार उपस्थित थे।

आदेश के बावजूद रसीद निर्गत करने में कर्मचारी कर रहे हैं आनाकानी

नवप्रदेश संवाददाता



धनबाद/उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्या से उनको अवगत कराया।

जनता दरबार में कतरास से आए एक व्यक्ति ने बताया कि छाताबाद मौजा में उनकी 1.50 कट्ठा जमीन है। इसकी रसीद कटवाने के लिए उन्होंने बाघमारा के अंचल अधिकारी को आवेदन दिया था। आवेदन मिलने पर अंचल अधिकारी एवं अंचल निरीक्षक ने रसीद काटने का आदेश पारित कर दिया। इसके बावजूद बाघमारा अंचल के कर्मचारी रसीद काटने में आनाकानी कर रहे हैं। मामले पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने अंचल अधिकारी बाघमारा को समस्या का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया।

वहीं बीसीसीएल के कतरास एरिया नंबर 4 के केशलपुर हाउस कुम्हार बस्ती से आए ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि वे लोग दशकों से उक्त स्थान पर रहते हैं और मिट्टी के बर्तन, प्याला दीपक इत्यादि बनाकर अपना जीवन निर्वाह करते हैं। वहां एक आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा परियोजना विस्तार करने में सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर हेवी ब्लास्टिंग की जाती है। इसके कारण बस्ती के घरों में दरार आ गई है। हर समय बस्ती के लोग डरे सहमे रहते हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस मामले में हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई।

जनता दरबार में राउरकेला (उड़ीसा) से आए एक व्यक्ति ने बताया कि धनबाद में उन्होंने जमीन ली है। लेकिन कुछ दबंग जमीन की मापी करने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इसके अलावा जनता दरबार में अन्य कई प्रकार की शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

जैप-3 वाहिनी में पारण परेड में शामिल हुई उपायुक्त, आरक्षियों को दी शुभकामनाएं

नवप्रदेश/धनबाद। धनबाद के गोविंदपुर स्थित जैप-3 वाहिनी में संचालित बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के अंतिम चरण में शुक्रवार को पारण परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान बोकारो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) डॉ माइकल राज एस महोदय ने सलामी लेने के बाद परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं एसएसपी श्री एच पी जनार्दनन मौजूद रहें। इस दौरान उन्होंने सभी आरक्षियों को शुभकामनाएं दी। बतादें कि जैप-3 वाहिनी में शुक्रवार को आयोजित पारण परेड में आईआरबी एवं एसआईआर बी के कुल 82 आरक्षियों ने हिस्सा लिया जिनमें 30 पुरुष और 52 महिला शामिल थीं । इस सभी प्रशिक्षुओं ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया जिसके बाद ट्रेनिंग के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वालों को कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान सभी 82 आरक्षियों को कर्तवनिष्ठा का शपथ भी दिलाया गया। पारण परेड के बाद परिसर में अतिथियों द्वारा पौधा रोपण भी किया गया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, जैप-3 के समदेष्टा (कमांडेंट) हदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी श्री कपील चौधरी समेत जैप-3 के कई पदाधिकारी व जवान भी उपस्थित थे।

डीवीसी के उदासीन रवैया से सरकार की योजनाएं हो रही है बाधित

नवप्रदेश/धनबाद। नगर विकास विभाग एवं पेयजल आपूर्ति योजना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) निर्गत करने में दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डी.वी.सी.) के उदासीन रवैया के कारण राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं बाधित हो रही है।

इसको लेकर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त सादात अनवर एवं नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने डीवीसी तथा झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं में हो रहे विलंब की समीक्षा की।

बैठक में जुडको के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर विकास विभाग की निरसा - गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति सहित तीन योजना के लिए डीवीसी से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने से योजना में प्रगति नहीं हो रही है। साथ ही पीएचईडी 1 की योजना के लिए भी डीवीसी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है।

जुडको के पदाधिकारियों ने बताया कि सड़क उपयोग, संशोधित इंटेक वेल स्थान, सॉईल टेस्टिंग तथा पाइपलाइन बिछाने के लिए डीवीसी से एनओसी नहीं मिला है। जबकि कंपनी ने वाटर चार्ज के एवज में डीवीसी को 3 महीने का अग्रिम भुगतान 8 जून 2024 को किया है। इंटेक वेल के लिए पूर्व में चयनित स्थान पर सॉइल टेस्टिंग भी किया गया। परंतु डीवीसी ने 28 दिसंबर 2024 को स्थल परिवर्तन करने का अनुरोध किया। नए स्थल के लिए एनओसी जारी करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज डीवीसी को जमा कर दिए। अब नए स्थल पर सॉइल टेस्टिंग के लिए अनुमति नहीं दे रहे हैं। यदि अनुमति मिल जाए तो मानसून से पहले सॉइल टेस्टिंग पूरा कर लिया जाएगा।

डीवीसी के उदासीन रवैया पर नाराजगी प्रकट करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना के समय पर कार्यान्वयन के लिए संरचना का निर्माण महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य धनबाद के निवासियों को पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि डीवीसी द्वारा एनओसी जारी करने में अनावश्यक बाधा उत्पन्न करने के कारण जिले की बड़ी आबादी योजना से लाभान्वित नहीं हो रही है।

बैठक में डीवीसी के जीएम (सिविल) आर.के. सिन्हा के अलावा जुडको के पदाधिकारी मौजूद थे।

एंटी करप्शन ब्यूरो — **एसीबी के द्वारा की गई यह बड़ी कार्रवाई है जिसके लिए यह बधाई की पात्र है, जांच ईमानदारी से आगे बढ़ी तो कई राजनेता भी बंगले झांकते नजर आएंगे**

शराब घोटाले में दो-चार लोग हीं शामिल हो यह संभव नहीं: अविनाश वर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर पलामू। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने एक बयान जारी कर राज्य सरकार के प्रमुख पद पर आसीन एवं आईएएस अधिकारी विनय चौबे समेत कई प्रमुख अधिकारियों को राज्य सरकार की ही जांच एजेंसी एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा गिरफ्तार करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की निश्चित तौर पर एसीबी के द्वारा की गई यह बड़ी कार्रवाई है जिसके लिए यह बधाई की पात्र है और आने वाले दिनों में अगर यह जांच ईमानदारी से आगे बढ़ी तो इसमें कई बड़े नामो के साथ कई राजनेता भी बंगले झांकते नजर आएंगे।

ऐसे में राज्य सरकार की इस एजेंसी के कार्यों को प्रभावित करने की पुरजोर कोशिश सत्ता में बैठ राज्य के बड़े-बड़े मठाधीशो के द्वारा की जाएगी।

इसलिए मेरे जैसे इस राज्य के लाखों नागरिकों की इच्छा और मनसा है की यह जांच सीबीआई के माध्यम से पुरी की जाए ताकि बगैर किसी हस्तक्षेप के पूरे निष्पक्षता के साथ दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

अविनाश वर्मा ने कहा कि एक तरफ इस राज्य की भोली भाली गरीब जनता बुनियादी चीजों के लिए संघर्ष कर रही है लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं है, बालू के निर्णय पर असमंजस की स्थिति से गरीब मजदूर तो परेशान है ही विकास के कई कार्य प्रभावित है, बिजली की स्थिति अंतिम सांस से ले रही है, अपराध और अपराधी चरम सीमा पर है, राज्य की गरीब महिलाओं का समय मैया योजना राशि की बाट जोहते गुजर रहा है, यहां के वृद्धजन निराश है, युवा वर्ग बेरोजगारी की मार से हताश है, ऐसे में आखिर किस भले सोच के तहत अपने राज्य में शराब बेचने के लिए दूसरे राज्य के निवासियों से कार्य करने के लिए अनुबंध किया गया। शायद इन्हीं कमियो की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के उद्देश्य से राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री माननीय बाबूलाल मरांडी ने 19 अप्रैल 2022 को राजकीय उत्पादन नीति पर विरोध दर्ज कराते हुए राज्य के माननीय मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर अविलंब पुनर्विचार का सुझाव दिया था मगर उस वक्त उनके पत्र एवं उनकी बातों को अनसुना कर ऐसे अफसर के मनोबल को बढ़ाया गया जिसका परिणाम यह हुआ कि राज्य का हजारों करोड़ रुपए का नुकसान तो हुआ ही साथ ही साथ आज पूरे देश में झारखंड की चर्चा फिर से भ्रष्टाचार और नकारात्मक पदाधिकारियों को ले कर हो रही है जो हम तमाम झारखंडियों के लिए अपमान का विषय है।

उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य में सरकारी फैसले को अमली जामा देने के लिए एक व्यक्ति या एक पद काफी नहीं है उसके लिए कई प्रक्रियाओं से दस्तावेजों को गुजरना पड़ता है और ऐसे में सिर्फ एक या दो व्यक्ति हजारों करोड़ के घोटाले का जिम्मेदार हो यह समझ से परे है इसलिए अभी इस घेरे में दर्जनों लोग आएंगे, अतः यह जांच केंद्र सरकार के निगरानी में हो तभी मुख्य अपराधी पकड़े जाएंगे।

एक नजर

मृतक के आश्रित को एक करोड़ मुआवजा व नौकरी दिया जाए: विजय शंकर नायक

नवप्रदेश/रांची। पालोजोरी सारठ में पुलिस हिरासत में क्रूरता से पिटाई के कारण मिराज अंसारी की असमय मौत होने पर अपनी प्रतिक्रिया मे आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कही। इन्होने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार मे मुस्लिम युवाओ की इरादतन हत्या की घटनाओ मे बेतहास वृध्दि हुई है। इससे पूर्व मे भी पीछले सप्ताह मे बोकारो नावाडीह में अब्दुल कयुम की पीट पीट कर हत्या कर दी गई थी जो बहुत चर्चे में रही अभी कुछ दिन बीते भी नही कि पुलिस पालोजोरी सारठ के द्वारा पीट पीट कर हत्या कर देना विधि वयवस्था एंव कानून राज पर प्रश्न चिन्ह लगाता है जो राज्य के लिए अच्छी बात नही है। श्री नायक ने आगे कहा कि जैसा कि जानकारी मिली है कि बीते 21 तारीख को पालोजोरी सारठ में पुलिस हिरासत में क्रूरता से पिटाई के कारण मिराज अंसार कि मृतक हो जाने पर मुस्लिम समाज के लोगों के अंदर आक्रोश है कि दोषी पदाधिकारियों पर उचित कार्रवाई हो और परिजनों को इंसाफ मिले साथ ही साथ मुआवजा मिले इसी मांग को लेकर कल यानी 22 तारीख को स्थानीय ग्रामीण थाना के समक्ष्य अपनी मांगों को ले कर आंदोलन कर रहे थे इसी बीच ग्रामीण और प्रशासन आमने सामने हो गए जिसके बाद वहां आंदोलन कर रहे जानकारी के अनुसार 15 से 20 युवकों को प्रशासन के द्वारा हिरासत में ले लिया गया। जिसकी आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच कडे शब्दो मे निन्दा करता है और इस हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच की मांग करता है। श्री नायक ने आगे कहा कि अल्पसंख्यक आयोग मृतप्राय हो गया है जो आयोग अल्पसंख्यक समाज की रक्षा करने मे असमर्थ हो उस आयोग को भंग कर देना चाहिए जबकि अल्पसंख्यक समाज के दो विधायक मंत्री पद पर विराजमान इरफान अंसारी और हफिजुल हसन साहब उसी क्षेत्र से आते है मृतक मिराज अंसारी के परिजनों को इंसान की तो बात दूर की है वहां जो ग्रामीण आंदोलन कर रहे थे इंसाफ की गुहार लगा रहे थे उन युवकों को हिरासत में ले लिया जाता है पर अब तक इनका मुंह नहीं खुल रहा सिर्फ और सिर्फ आश्वसन दे रहे है और सोशल मीडिया पर रिलीज बनान का कार्य कर समाज का हितैषी बनने का ढोंग कर रहे है। इन्होने साफ शब्दो मे कहा कि हितैषी बनने का ढोंग बंद किजिए और जो गलत सरकार मे गलत हो रहा है उसको खुल कर गलत बोले और सही का साथ दे।

प्राधिकार के द्वारा 26 मई से 26 जून तक चलेगा विशेष अभियान साथी : जिला जज

नवप्रदेश/चाईबासा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वावधान में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों सहित विशेष एवं विपरित परिस्थिति में रह रहे बच्चों को उनके मूलभूत वैधानिक अधिकारों को दिलाने और उनके व्यक्तिगत पहचान को स्थापित करने के उद्देश्य से साथी अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है, व्यवहार न्यायालय के सभा कक्ष में इस योजना के तहत आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जानकारी देते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अक्षत कुमार श्रीवास्तव ने नवगठित यूनिट के सदस्यों को उनकी भूमिका की विस्तार से जानकारी प्रदान कर इस महत्वपूर्ण कार्य को बाल हित में करने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने बताया कि वंचित और निराश्रित बच्चों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने और उनके परिचय पत्र, आधार कार्ड और अन्य संबंधित दस्तावेजों का पंजीकरण आवश्यक है, इसी दृष्टिकोण से सम्पूर्ण भारत में प्राधिकार के माध्यम से लागू की गई साथी योजना के द्वारा बाल अधिकार पर कार्यरत हितधारकों की एक यूनिट का गठन जिला स्तर पर किया गया है, जिसमें पैनल अधिवक्तागण, जिला शिक्षा अधिकारी, विशेष बाल पुलिस इकाई, सिविल सर्जन, सूचना पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई, अधिकार मित्र और बाल गृहों के पदधारी सदस्य हैं जिनके माध्यम से वैसे जरूरतमंद बच्चों को चिह्नित कर उनके लिए आवश्यक वातावरण और दस्तावेज तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 26 मई से 26 जून तक एक माह यह सघन पहचान अभियान चलाया जाएगा और बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा, इस मौके पर साथी अभियान में सम्मिलित सभी अधिकारी तथा हितधारक उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद की बैठक संपन्न

नवप्रदेश/धनबाद: शुक्रवार को श्रीराम पाण्डेय की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद की एक बैठक धनबाद सरायढेला न्यु डाक्टर कालोनी में सम्पन्न हुई। जिसमें हमारे अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के राष्ट्रीय यूवा अध्यक्ष विकास पाठक ने बिहार प्रदेश यूवा अध्यक्ष आंनन्द राज मिश्रा को मनोनीत किया है। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक हृदय नारायण मिश्रा ने आंनन्द राज मिश्रा आह्वान किया कि नवचयनित प्रदेश यूवा अध्यक्ष आंनन्द राज हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के अभियान में खरा उतरेंगे। आनन्द राज ने कहा कि मैं अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक तथा राष्ट्रीय यूवा अध्यक्ष तथा समस्त कार्यों का निर्वहन दृढ़ता से करुंगा। मौके पर उपस्थित श्रीराम पाण्डेय, सुरेश चंद्र तिवारी, बलराम उपाध्याय, विजय नारायण पाण्डेय,गणेश राजवंशी, इंद्रदेव रजक आदि ने आंनन्द राज मिश्रा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

धनबाद मंडल द्वारा मंडल में चलाया गया मेगा टिकट चेकिंग अभियान

नवप्रदेश/धनबाद। धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में धनबाद मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, चन्द्रपुरा, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग किया गया` यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान सुनियोजित कार्यक्रम के तहत दिन- रात चलाया गया` इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 1021 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे` इस दौरान उनसे 05 लाख 97 हजार 730 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई` चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा` धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की सलाह देता है तथा यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है उसी श्रेणी में यात्रा करने का अनुरोध करता है

93 लाख की लागत से पांच विकास योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

नव प्रदेश संवाददाता

जयनगर। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में माननीय विधायक अमित कुमार यादव जी के द्वारा लगभग 93 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पाँच महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का विधिवत रूप से शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ करने एवं जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है। इन योजनाओं से संबंधित क्षेत्रों में खुशी की लहर है और स्थानीय नागरिकों ने विधायक को धन्यवाद देते हुए इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक पहल बताया। योजनाओं का विवरण। 1. गडगी शिव मंदिर आरईओ रोड से बारा टोली (बहादुर यादव घर तक) पीसीसी पथ - 15,55,000 की लागत से निर्माण। 2. आंगनबाड़ी केंद्र, गडगी परसाबाद-दो का सुदृढ़ीकरण - 5,90,200 की लागत से। 3. कटिया अखरा चौक से सहदेव राणा घर तक पीसीसी पथ - 21,40,500 की लागत से निर्माण। 4. अंबाडीह पंचायत तेतरीन में आरईओ रोड से अंबाडीह गांव तक पीसीसी पथ - 48,09,200 की लागत से निर्माण। 5. आरईओ रोड पावर हाउस से बागोडीह तक पीसीसी पथ इसी योजना में सम्मिलित। शिलान्यास समारोह के दौरान विधायक अमित कुमार यादव जी ने कहा, क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव कृत संकल्पित हूँ। जिस विश्वास के साथ जनता ने मुझे सहयोग और समर्थन दिया है, उस विश्वास को कभी टूटने नहीं दूँगा। क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी और हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ये योजनाएं निश्चित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के जीवनस्तर को ऊँचा उठाने में मील का पत्थर सिद्ध होंगी। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिनमें जिप सदस्य केदारनाथ यादव, मंडल अध्यक्ष विजय राणा, सांसद प्रतिनिधि किशुन यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, विधायक प्रतिनिधि रामजी यादव, शशिकांत चौधरी, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, धानेश्वर चौधरी, पंसस धानेश्वर राणा, सरफुद्दीन अंसारी, पूर्व मुखिया हिंद किशोर राम, लखपत यादव, नागेश्वर चौधरी, केडी यादव, दीपक सिंह, दिलीप यादव, नंदू यादव आदि मौजूद थे।

आरपीवाई बीएड कॉलेज में मोटिवेशनल लेक्चर का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिन शुक्रवार को मोटिवेशनल लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रभूषण पाण्डेय, वोकेशनल टीचर, उत्कृष्ट आदर्श मॉडल स्कूल, खूंटी रांची, सह पूर्व निदेशक सह प्राचार्य स्टार किड्स प्ले स्कूल, पेठियाबागी जयनगर कोडरमा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर व द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि को प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया। वहीं अंशु एन्ड ग्रुप ने स्वागत गान की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश सह स्वागत भाषण सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रभूषण पांडेय ने कहा कि, शिक्षा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें ज्ञान देती है और हमें एक सफल व्यक्ति बनने में मदद करती है। जैसे कि महात्मा गांधी ने कहा था, शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। इसलिए, हमें शिक्षा के प्रति गंभीर रहना चाहिए और इसे अपने भविष्य की नींव बनाना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे। यह वाक्य हमें यह सिखाता है कि सफलता कभी भी आसानी से नहीं मिलती। यह लगातार प्रयासों और कठिन परिश्रम का परिणाम होती है। कभी–कभी, हम असफल होते हैं, लेकिन असफलता हमें सिखाती है कि हमें फिर से कोशिश करनी चाहिए। थॉमस एडिसन ने कहा था, ह्लहमारी सबसे बड़ी कमजोरी हार मान लेना है; सफल होने का सबसे निश्चित तरीका है हमेशा एक और बार प्रयास करना। उन्होंने कहा जब हम सकारात्मक सोचते हैं, तो हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होते हैं। याद रखें, आप जो सोचते हैं, वही बनते हैं। इसलिए अपने विचारों को सकारात्मक रखें और अपने सपनों की ओर बढ़ें। जीवन में चुनौतियाँ आएंगी, लेकिन हमें उन्हें अपने सपनों के रास्ते में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहें और हमेशा आगे बढ़ते रहें। याद रखें, सपने वो नहीं जो हम सोते वक्त देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने भी संबोधित किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, आनंद कुमार, खुर्शीद अली, अनिल कुमार, किशोर वर्मा, कमलेन्द्र नाथ त्रिपाठी, डॉ. हरचरण सिंह, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथिलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, सेण्टू कुमार, गौरव सिन्हा, सहित प्रशिक्षु तबस्सुम परवीन, प्रीति, अंशु, संजना, पूजा, अंजलि, प्रिया, प्रिंस, पंकज, अजित, दिलीप, विजय, रोहित आदि मौजूद रहे।

वृक्षारोपण अभियान के प्रथम चरण में चिन्हित 12 स्थलो पर 2100 पेड़ लगाने लक्ष्य निर्धारित

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा शंभू प्रसाद कुशवाहा के ने बताया कि आवासान शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड सरकार के निदेर्शानुसार अमृत मिशन 2.0 योजना अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान वूमेन फॉर ट्री कैंपेन एक पेड़ माँ के नाम

अमृत मित्र इनिशिएटिव के तहत प्रथम चरण में कोडरमा नगर पंचायत द्वारा चिन्हित 12 स्थलों पर दिनांक 21 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक डे एन यु एल एम के द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा स्थल भ्रमण किया गया है, उक्त स्थल पर पूर्व से लगे पेड़, वर्तमान में लगने वाले पेड़ों का आकलन कर, संख्या क्षेत्रफल आकलन कर नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत कुल 12 स्थलों का भ्रमण किया गया है जो क्रमशः बागीटांड स्टेडियम के पास तालाब, दुखहरनी तालाब, सामुदायिक भवन बाहेरवांटांड के पास, प्रेम सागर तालाब के पास,आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरसोतियाबार, अरघोती नदी, बरसोतियाबार तालाब, बड़कीबागी तालाब, मारियमपुर तालाब, बड़की बागी स्कूल, पाण्डेय टोला, बोनकाली वैर्टीकल थ्री आवास योजना क्षेत्र है' जिसमे कुल 2100 पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है' अभियान के द्वितीय चरण दिनांक 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा जो कि 31 अगस्त तक सभी स्थलों में वृक्षारोपण पूर्ण हों जायेगा ' एवं वृक्षारोपण के पश्चात सभी पेड़ पौधों की देखभाल करने की जिम्मेवारी स्वयं सहायता समूह को दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत कोडरमा के संजीत कुमार साहु नगर मिशन प्रबंधक, विशाल कुमार साव कनीय अभियंता, दिग्विजय कुमार स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, बसंत कुमार राजस्व निरीक्षक, निरंजन कुमार विधि सहायक, रश्मि सिन्हा सामुदायिक संगठनकर्ता, सामुदायिक संसाधन सेविका रेणु देवी, नीलम देवी एवं सभी स्वयं सहायता समूह की सदस्य उपस्थित रही।

सड़क सुरक्षा को लेकर आईपीएस सह एसडीपीओ ने किया लोगों से अपील, जीवन अनमोल है इसे सुरक्षित रखें



नवप्रदेश/हुसैनाबाद पलामू: अनुमंडल क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एसडीपीओ सह आईपीएस एस मोहम्मद याकूब ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है। इसे सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि सड़क पर बाइक या फोर व्हीलर वाहन चलाने में कोई जल्दबाजी न करें। उन्होंने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट व जुता के साथ साथ कागज को साथ रखें। उन्होंने कहा कि फोर व्हीलर वाहन चलाने के दौरान लोग सिट बेल्ट को लगा कर ही बड़ा वाहन चलाएं। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अपने नन्हे मुन्ने बच्चों को वाहन चलाने को नहीं दें। उन्होंने कहा कि कम उम्र के बच्चे वाहन को अधिक तेज गति से चलाते हैं। जिससे कम उम्र के बच्चे अधिक दुर्घटना का सिकार होते हैं। जिससे अभिभावकों को इसकी खामियाजा भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का पालन नहीं करने वाले लोगों पर पुलिस की पैनी नजर है। अगर वाहन चलाते समय सावधानी नहीं बरती गई तो उनके विरुद्ध करवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार वाहन जांच अभियान चलाकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। किंतु वाहन चालक सड़क सुरक्षा का ध्यान नहीं रख रहे हैं। जिससे प्रतिदिन कहीं ना कहीं दुर्घटना घट रही है। जिससे परिजनों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। तनीक जल्द बाजी परिवार को परेशानी में डाल देता है। उन्होंने स्थानीय मीडिया कर्मियों को भी इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

निजी अस्पतालों को राशि भुगतान न होने से गरीब मरीजों का इलाज ठप: अनूप जोशी

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि झारखंड में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार की ओर से निजी अस्पतालों को लंबे समय से भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते कई अस्पतालों ने योजना के तहत मरीजों का इलाज करना बंद कर दिया है। इसका सीधा असर गरीब और जरूरतमंद मरीजों पर पड़ रहा है, जिन्हें मुफ्त इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

कई निजी अस्पतालों ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से करोड़ों रुपये का भुगतान लंबित है, जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अस्पतालों ने योजना के तहत मरीजों को भर्ती करने से मना कर दिया है। कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद और रांची जैसे जिलों से मिल रही शिकायतों में यह बात सामने आई है कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद मरीजों को अस्पतालों में भर्ती नहीं किया जा रहा है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल उनसे नकद भुगतान की मांग कर रहे हैं। एक मरीज के परिजन ने बताया, ह्लहमारा आयुष्मान कार्ड है, लेकिन अस्पताल वाले कह रहे हैं कि सरकार से पैसा नहीं मिला है, इसलिए इलाज नहीं हो पाएगा। हम गरीब लोग कहां जाएं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भुगतान प्रक्रिया में तकनीकी और प्रशासनिक दिक्कतें हैं, जिन्हें जल्द ही सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन तब तक गरीब मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी का कहना है कि अगर जल्द ही राज्य सरकार द्वारा अस्पतालों का भुगतान नहीं किया गया, तो आयुष्मान भारत योजना की साख पर सवाल उठने लगेंगे और गरीबों के स्वास्थ्य के अधिकार पर सीधा असर पड़ेगा।भारत सरकार योजना का पैसा दे देती है लेकिन राज्य सरकार समय पर भुगतान नहीं करती है। इसलिए अब सभी की नजरें राज्य सरकार पर टिकी हैं, कि वह कब तक इस गंभीर समस्या का समाधान करती है और गरीबों को दोबारा मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराती है।

सड़क सुरक्षा के द्वारा गुमला थाना में मोटरसाइकिल वाहन जाँच अभियान चलाया गया

नवप्रदेश/गुमला। पुलिस अधीक्षक गुमला के निदेर्शानुसार मोटरयान निरीक्षक रोबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की एवम गुमला थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली एवम सड़क सुरक्षा के द्वारा गुमला थाना में मोटरसाइकिल वाहन जाँच अभियान चलाया गया जिसमें सभी मोटरसाइकिल वाहनों से कागजात से संबंधित त्रुटियों को जांच किया गया। ज्ञात हो की आवश्यक दस्तावेज जैसे हेलमेट, इंसुरेंस , ड्राइविंग, लाइसेंस, पोलूशन, नहीं लेकर यात्रा करने तथा वाहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर जुमार्ना वसूला गया। यह जांच अभियान शाम 03:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक चलाया गया। जाँच की इस प्रक्रिया मे दण्ड राशि वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर 34 वाहनों से 52,000 रुपये की दंड राशि वसूला गया।

शीलापट्ट पर अंकित स्वतंत्रता सेनानियों के नामों में त्रुटि सुधार हेतू परिजन मिले नगर आयुक्त से

नवप्रदेश/मेदिनीनगर पलामू/नगर आयुक्त आवास के बिल्कुल बगल (महिला कॉलेज के सामने)में शीलापट्ट पर अंकित स्वतंत्रता सेनानियों के नामों में त्रुटि सुधार हेतू आज स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन (स्वर्गीय यदुवंश सहाय के परपौत्र सुधीर सहाय, स्वर्गीय वेद प्रकाश के पुत्र प्रेम प्रकाश, स्वर्गीय नंदकिशोर प्रसाद वर्मा के पौत्र विवेक वर्मा और पौत्रवधू शर्मिला वर्मा) नगर आयुक्त जावेद सर से मिले और लिखित ज्ञापन देकर उनसे स्वतंत्रता सेनानियों के नामों में मौजूद त्रुटि को सुधारने की गुजारिश की। इन त्रुटियों की ओर पलामू निवासी दिल्ली में अमर उजाला के पत्रकार प्रभात मिश्रा 'सुमन' ने ध्यान आकृष्ट कराया है।विदित हो कि प्रभात मिश्रा 'सुमन ' ने पलामू के क्रांतिकारी नामक पुस्तक लिखी है, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पलामू के स्वतंत्रता सेनानियों का जिक्र है। नगर आयुक्त महोदय ने कहा कि मैं उस जगह की साफ–सफाई करवा रहा हूं,और शीघ्र ही वो जगह बहुत सुंदर हो जाएगी! परिजनों के ज्ञापन को देखकर नगर आयुक्त महोदय ने यथाशीघ्र इसपर विचार करने की बात कही और आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आपकी मांग पूरी करने की कोशिश होगी।

डुमरी प्रखंड में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन, 11 मामलों का हुआ निष्पादन

नवप्रदेश/गुमला: जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज डुमरी प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित मामलों का निराकरण किया गया।इस कार्यक्रम में कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अबुआ आवास योजना से संबंधित 1 मामला, जन्म प्रमाणपत्र से जुड़े 2 मामले, राशन कार्ड में नाम संशोधन के 2 मामले, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन संबंधी 1 मामला तथा पेंशन से संबंधित 5 मामले शामिल थे। बीडीओ श्री स्वांसी ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से बात की और समस्याओं के समाधान की दिशा में संबंधित विभागीय कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। अबुआ आवास से संबंधित एक शिकायत में यह पाया गया कि लाभुक बिहानी मुंडाईन के बैंक खाते में लेन–देन की सीमा तय थी, जिससे राशि का भुगतान बाधित था। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बीडीओ ने बैंक प्रबंधक से संपर्क कर लाभुक के खाते की लिमिट बढ़ाने का निर्देश दिया, ताकि भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जा सके।उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में अब सभी प्रखंड में भी जन शिकायत निवारण दिवस का नियमित रूप से आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है, ताकि नागरिकों की हर समस्या के लिए मुख्यालय तक की दूरी तय करने की आवश्यकता ना पड़े।

इको सेंसेटिव जोन में किसके निर्देश पर होने लगे बीड़ी पत्ते की तुड़ाई: तस्लीम खान

नवप्रदेश/बरवाडीह लातेहार/फिर एकबार पीटीआर वन क्षेत्र में जोर–शोर से अवैध बीड़ी पत्ते की तुड़ाई बीड़ी पत्ता माफिया द्वारा शुरू किया जा चुका है। अब वन विभाग के अधिकारी व कर्मियों को कुछ दिनों के लिए आराम करने का वक्त आ गया है वह इसलिए कि वन क्षेत्र में बीड़ी पत्ते की तुड़ाई शुरू हो चुकी है और बीड़ी पत्ता मजदूर वन क्षेत्र और वन्यजीवों की रक्षा करने को लेकर सक्रिय हो गए हैं। साथ ही सूत्रों की माने तो वन निगम को अवैध रूप से बीड़ी पत्ता की तुड़ाई में बंधीझबंधाई रकम ठेकेदार के माध्यम से दिया जाता है, जिस कारण वनाधिकारी अवैध कारोबार को रोकने के लिए कभी दिलचस्पी नहीं दिखाते है। वहीं दुसरी तरफ बीड़ी पत्ते के सौ पोले का दर 200 रुपए निर्धारित है और यह दर कौन निर्धारित करता है यह तो वन निगम वाले ही जानेंगे लेकिन मजदूर भी मजबूर हैं क्योंकि उनके पास कोई चारा नहीं है रोजी–रोटी का बीड़ी पत्ते की दर का बिना विरोध किए आसानी से लग जाते हैं बीड़ी पत्ते की तोड़ाई करने में शायद उन्हें जीविकोपार्जन का कुछ हिस्सा मिल जाता है और इसी का फायदा जनप्रतिनिधि, ठेकेदार और वन विभाग उठाया करते हैं, जबकि पलामू व्याघ्र परियोजना के तहत वन क्षेत्र प्रतिबंधित क्षेत्र में आता है जहां कोई भी व्यक्ति वन क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकता, ऐसे में आखिर प्रतिबंधित क्षेत्र में बीड़ी पत्ते की तुड़ाई का परमीशन कौन दे रहा है।

ग्रीष्मावकाश में शिक्षा को रचनात्मकता से जोड़ने की पहल

नवप्रदेश/गुमला: उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार ह्लशिक्षा कर भेंटह्व गतिविधि के अंतर्गत ग्रीष्मावकाश अवधि में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए जिले के सभी प्रखंडों में विभिन्न स्थलों पर निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इन समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देना तथा अवकाश काल को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बनाना है।इसी क्रम में आज झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला की अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एडीपीओ) ज्योति खलखो द्वारा रायडीह प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय महुआटोली में आयोजित समर कैंप का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया।श्रीमती खलखो ने बताया कि उपायुक्त गुमला के मार्गदर्शन में जिले में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए नवाचारी प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ) के समन्वय से जिले के सभी बीआरसी एवं सीआरसी केंद्रों पर समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में शैक्षिक गतिविधियों के साथ–साथ खेल, कला, हैंडक्राफ्ट, संगीत आदि गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की बहुआयामी प्रतिभा को विकसित किया जा रहा है। समर कैंप के संचालन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, पीरामल फाउंडेशन, प्रथम एजुकेशन तथा टाटा सिन्नी की अहम भूमिका है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा विभिन्न संकुल संसाधन केंद्रों में दो दिवसीय गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं, जबकि पीरामल फाउंडेशन द्वारा पंचायत स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से समर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। शिक्षा कर भेंट के सहायक नोडल पदाधिकारी श्री दिलदार सिंह ने बताया कि समर कैंप में बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इस पहल को सफल बनाने में जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, एडीपीओ ज्योति खलखो, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से सोनालिका एवं आशुतोष, पीरामल फाउंडेशन से प्रमोद जायसवाल, तथा सभी बीआरसी के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी झ चंद्रशेखर शहदेव, अभिजीत, तपेश्वर साहू, एंजलीना मिंज, पुष्पा लकड़ा, नीरज कुमार, सरफराज आदि सक्रिय रूप से शामिल थे। उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि समर कैंप को गुणवत्तापूर्ण, बाल केंद्रित एवं आनंददायक बनाया जाए, ताकि यह बच्चे बेहतर सिख सकें।

प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

नवप्रदेश/गुमला। प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित हुवी। मौके पर नवचयनित अधिकारियों के बीच मनोनयन पत्र का वितरण जिला अध्यक्ष चैतू उरांव सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि संगठन भले ही छोटा हो लेकिन सक्रिय होना चाहिए। जनमानस के साथ जुड़कर संगठन को आगे बढ़ाने की नसीहत चैतू उरांव ने अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि नाम और सम्मान के लिए अधिकारी नही बनाया जाता बल्कि सक्रियता के लिए। कार्यक्रम की जानकारी देते दवे जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरना कोड की मांग को लेकर आगामी 26 मई को राजभवन के समक्ष घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जबकि 27 मई को अल्पसंख्यक राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के इटकी में आगमन है, तथा विभिन्न जिलों में आयोजित संविधान बचाव कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई और तीनों कार्यक्रम में कांग्रेसियों को बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील चैतू उरांव ने उपस्थित कॉंग्रेसियीं से की। अगस्तीन महेश कुजूर ने संगठनात्मक मजबूती के बावत बताया कि धागे को एकत्रित कर रस्सी का रूप दिया जाता है। उसी प्रकार संगठन एक नही बल्कि अनेक लोगों के सक्रिय होने से मजबूत होगा। मौके पर तरुण गोप, कृष्णा कुमार लोहरा, महेश कुजूर, रमेश जायसवाल, दिलबहार अंसारी, नसीम अंसारी, सोमारी देवी, गंदुर महली, बसंत भगत, भरत कुमार, घुड़ा उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

सुंडी समाज गुमला का 25 मई को सुंडी धर्मशाला में आम सभा की होगी बैठक: संदीप प्रसाद

नवप्रदेश/गुमला। सूंडी समाज गुमला के आप सभी सम्मानित संरक्षकगणों, पूर्व पदाधिकारी, वर्तमान कमीटी के सभी पदाधिकारी,मोर्चा के साथी गण,सभी प्रखंड कमिटी,और जिले में निवास करने वाले समस्त सूंडी बंधुओं आप सभी से विनम्र आग्रह है,की आने वाले रविवार 25 तारीख को सूंडी समाज गुमला का आमसभा होना सुनिश्चित हुआ है! बैठक में वर्तमान कमेटी द्वारा पूरे कार्यकाल की उपलब्धि और आय व्यय प्रस्तुत की जाएगी! उक्त तिथि को दोपहर 11:00 से आप सभी बस स्टैंड स्थित सूंडी धर्मशाला में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और आने वाले सत्र के लिए एक सशक्त कमीटी का चुनाव करें जो समाज को मजबूती के साथ एक सूत्र में बांधते हुए आगे की ओर बढ़ाएं

अनुमंडल पदाधिकारी ने डुमरी प्रखंड का किया निरीक्षण

नवप्रदेश/गुमला: उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर पूर्णिमा कुमारी द्वारा डुमरी प्रखंड में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का स्थल भ्रमण कर उनके धरातलीय क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अबुआ आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, बिरसा हरित ग्राम योजना, मनरेगा के तहत संचालित कूप निर्माण कार्य, जन वितरण प्रणाली, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, आपूर्ति तथा राजस्व जैसे विभागों से संबंधित योजनाओं का निरीक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण के पश्चात प्रखंड कार्यालय डुमरी में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओ ने योजनाओं की प्रगति, शेष कार्यों की स्थिति एवं उनके निष्पादन में आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि लाभुकों को समय पर योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।अबुआ आवास योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन आवासों की प्रगति संतोषजनक पाई गई, जबकि शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण में बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई गई और बेहतर पोषण सुनिश्चित करने के लिए खिचड़ी में दाल की मात्रा बढ़ाने की बात कही गई। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करते हुए एसडीओ ने एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता, ममता वाहन का पंजीकरण और एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने हेतु त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न के वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए शतप्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। शिक्षा विभाग से संबंधित समीक्षा में विद्यालय भवनों की जर्जर स्थिति पर संज्ञान लेते हुए मरम्मति या स्थानांतरण के निर्देश दिए गए। पशुपालन से संबंधित जानकारी में यह बताया गया कि राज्य स्तर से लक्ष्यों की प्राप्ति न होने के बावजूद जरूरतमंद लाभुकों को पशुधन उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है।अनुमंडल पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं को धरातल पर ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाए ताकि सरकारी प्रयासों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

एक नजर

तीन नाबालिक बच्चों को आरपीएफ ने किया रेस्क्यू

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा को एक सूचना प्राप्त हुआ की गाड़ी संख्या 13010 में तीन बच्चे को जबरदस्ती किसी के द्वारा पहाड़पुर स्टेशन से हावड़ा ले जाया जा रहा है। सूचना उपरांत आरपीएफ पोस्ट कोडरमा के ऑन ड्यूटी स्टाफ एवं अधिकारी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन स्टाफ द्वारा गाड़ी आगमन पर अटेंड किया गया तथा बच्चों को ट्रेन से सही सलामत उतारकर आरपीएफ पोस्ट कोडरमा पर लाया गया एवं बच्चों को ले जाने वाले व्यक्ति की ट्रेन में खोजबीन किया गया लेकिन कहीं नहीं मिला इसकी सूचना राजकीय रेल थाना कोडरमा को दिया गया' बच्चों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम (1) राज कुमार उम्र 13 वर्ष (2) सोनू कुमार उम्र 12 वर्ष (3) आर्यन कुमार उम्र 12 वर्ष ग्राम लखयपुर थाना मोहनपुर जिला गया का रहने वाला बताया' बाद उक्त बालकों के उपस्थापन हेतु आरपीएफ पोस्ट कोडरमा में ऑन ड्यूटी अधिकारी सहायक उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण यादव द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन के पर्यवेक्षक रितिक कुमार तथा केशव कुमार को आज दिनांक 23/05/25 को लगभग 00 :15 बजे सही सलामत सुपुर्द कर दिया गया' सी डब्ल्यू सी कोडरमा द्वारा बच्चों की काउंसलिंग की जा रही है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नुक्कड़ सभा, रैली, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



नव प्रदेश/कोडरमा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार हैंड इन हैंड इंडिया एवं जिला समाज कल्याण के संयुक्त तत्वाधान में कोडरमा जिला के जानपुर, पारहो, चनाको, महुआदहर, भोंडो, गझंडी, बिशुनपुर, ढाब, बेहराडीह इत्यादि स्थान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नुक्कड़ सभा, रैली, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन, एपीएम तुलसी कुमार साव, रंजन विश्वकर्मा, रूपेश कुमार, नीतीश पांडे, साबिर अंसारी, सविता कुमारी, बसंत कुमार, अंजुम खातून सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, किशोरियों एवं समाज सेवकों का महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तुलसी कुमार साव ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महज अभियान नहीं, आज के समय की मांग है। जिस प्रकार बेटियों की संख्या दिनों दिन घटते जा रहा है यह समाज के लिए चिंता का विषय है। इसके लिए हर संभव समाज के विभिन्न समुदायों में भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा के प्रति सामाजिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आज बेटियां कहीं से भी कम नहीं है हमारे देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान द्रौपदी मुर्मू, जिले के उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसडीएम रिया सिंह, सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव सहित सैकड़ो महिलाएं अपने प्रतिभा का लोहा बनवा चुकी है। इसीलिए बेटा बेटी में भेदभाव करना उन्हें बराबर दृष्टिकोण से समान अवसर न देना आपने आप में एक बड़ी विडंबना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक कुमार, सविता कुमारी, कंचन कुमारी, मनीषा कुमारी, बबीता देवी, केसर परवीन, सबिया खातून आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

रोटरी सेवा के क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा संगठन - विपिन

नव प्रदेश/कोडरमा। जिले के पानी टंकी रोड झूमरी तिलैया स्थित रोटरी सभागार में शुक्रवार को रोटरी 3250 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विपिन चचान के आधिकारिक दौरे पर आने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. जिसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने कहा कि रोटरी सेवा के क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा संगठन है. इसके सभी सदस्य तन मन धन से सेवा कार्य के लिए समर्पित रहते हैं. रोटरी के द्वारा इस सत्र में आज तक किए गए सभी समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया उन्होंने कहा कि रोटरी कोडरमा समाज सेवा के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने आने वाले दिनों में रोटरी के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की रुप रेखा बताया गया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण के क्षेत्र में वृहद रूप से काम कर रही है. साथ ही कई बच्चों के दिल में छेद का जटिल ऑपरेशन निःशुल्क किया गया है। आई वैन की शुरूवात की जा रही है. एवं राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान कर रही है इस मौके पर रोटरी अध्यक्ष अमित कुमार असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा सचिव प्रवीण बरनवाल पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर सह मीडिया प्रभारी नवीन जैन बाल विद्यालय के डायरेक्टर महेश दारूका आई हॉस्पिटल के डायरेक्टर जयकुमार गंगवाल इम्यूनाइजेशन सेंटर के डायरेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद कोषाध्यक्ष नवीन आर्य आदि लोग उपस्थित थे।

सेंट जेवियर स्कूल डीवीसी केटीपीएस में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत भाषण प्रतियोगिता



नव प्रदेश/कोडरमा। सेंट जेवियर स्कूल डीवीसी केटीपीएस में स्वच्छता पखवाड़ा पहल के हिस्से के रूप में, 23 मई 2025 को टीम एचआर डीवीसी केटीपीएस द्वारा सेंट जेवियर स्कूल, केटीपीएस में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई. कार्यक्रम का विषय स्वच्छता: जीवन रक्षा के लिए महत्वपूर्ण था, जिसमें स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने में स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने समाज में स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उनके भाषणों में जागरूकता, रचनात्मकता और स्वच्छ भारत अभियान के आदर्शों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता झलकती है। इस अवसर पर मनोज कुमार ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक और परियोजना प्रमुख, डीवीसी केटीपीएस की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने प्रेरक शब्दों से छात्रों को प्रोत्साहित किया और स्वच्छता बनाए रखने में व्यक्तिगत जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। धन्यवाद ज्ञापन डीवीसी केटीपीएस टीम से नवीन कुमार ने किया।

प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

नवप्रदेश/घाघरा/प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक में कमेटी का विस्तार कर अन्य सदस्यों को को जिम्मेदारी सौंप गईवहीं नवचयनित अधिकारियों के बीच मनोनयन पत्र का वितरण जिला अध्यक्ष चैतू उरांव सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि संगठन भले ही छोटा हो लेकिन सक्रिय होना चाहिए। जनता के साथ जुड़कर संगठन को आगे बढ़ाने की नसीहत चैतू उरांव ने अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि नाम और सम्मान के लिए अधिकारी नही बनाया जाता बल्कि सक्रियता के लिए। कार्यक्रम की जानकारी देते दवे जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरना कोड की मांग को लेकर आगामी 26 मई को राजभवन के समक्ष घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जबकि 27 मई को अल्पसंख्यक राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के इटकी में आगमन है, तथा विभिन्न जिलों में आयोजित संविधान बचाव कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई और तीनों कार्यक्रम में कांग्रेसियों को बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील चैतू उरांव ने उपस्थित कॉंग्रेसियीं से की। वहीं अगस्तीन महेश कुजूर ने संगठनात्मक मजबूती के बावत बताया कि धागे को एकत्रित कर रस्सी का रूप दिया जाता है। उसी प्रकार संगठन एक नही बल्कि अनेक लोगों के सक्रिय होने से मजबूत होगा। मौके पर तरुण गोप, कृष्णा कुमार लोहरा, महेश कुजूर, रमेश जायसवाल, दिलबहार अंसारी, नसीम अंसारी, सोमारी देवी, गंदुर महली, बसंत भगत, भरत कुमार, घुड़ा उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन

नवप्रदेश/गुमला। सचिव महोदय ने कहा कि यह साथी अभियान के तहत अनाथ और असहाय निराश्रय बच्चों को चिन्हित करना है तथा उनका चिन्हित कर उनका आधार कार्ड बनवाना है और साथियों को सरकारी लाभ से जोड़ना है। जिसमें सदस्य अधिवक्ता है वे इस बात का ध्यान रखेंगे कि कहीं भी बाल विवाह जैसी घटना हो रही हो तो उसकी सूचना तुरंत डालसा को देंगे। सभी पीएलबी को यह निर्देश दिया गया कि वे सभी अपने क्षेत्र में बाल विवाह, शोशीत ,पीड़ित बच्चे अगर क्षेत्र में मिलते हैं तो वह तुरंत डालसा के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उनका आधार कार्ड बनवाकर उनको सरकारी लाभ से जोड़ा जा सकेगा इस कार्य के लिए एनजीओ एवं आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान को लेकर 25 मई तक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा वहीं 26 मई से 26 जून तक सर्वे का कार्य किया जाएगा तथा 27 जून से 5 अगस्त तक आधार रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन होगा इस कार्यक्रम में वैसे बच्चे लाभान्वित होंगे जो भटके हुए निराश्रित आशा है शोषण एवं देखते क्यों संरक्षण के दायरे में आने वाले बच्चे हैं उन सभी बच्चों को साथी समिति ढूंढने का प्रयास करेगी और उनका आधार कार्ड बनवाकर सरकारी लाभ दिलाने का कार्य करेंगे। बैठक में अधिवक्ता गण पैनल लॉयर,एलएडीसीएस एवं पीएलवी आदि उपस्थित थे।

पलामू के अधिवक्ता को शीतल जल की नहीं होगी कमी

नवप्रदेश/मेदिनीनगर/पलामू प्रधान एवं सत्र जिला न्यायाधीश श्री दिवाकर पांडेय के द्वारा पलामू जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों को शीतल पेयजल की सुविधा मुहैया हो, इसके लिए एक प्यूरीफायर मशीन संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय को प्रदान किया। अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पलामू के अधिवक्ताओं के शीतल जल यंत्र उपलब्ध करने के लिए पलामू जिला अधिवक्ता संघ की ओर से आभार व्यक्त किया गया। कहा कि अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों को गर्मी के दिनों में शीतल जल का सेवन कर सकेंगे। मौके पर संजीव कुमार दास प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, कमल प्रकाश निबंध व्यवहार न्यायालय, विनोद कुमार तिवारी उपाध्यक्ष पलामू जिला अधिवक्ता संघ समेत कई अधिवक्ता शामिल थे।

परिचय

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक देश के किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। खाद्य के मूल्यों में अत्यधिक उतार - चढ़ाव, मौसमी और कम समय के लिए मूल्य वृद्धि और अनियमित मानसून को देखते हुए कृषि क्षेत्र में शामिल सभी हितधारकों के लिए एह एक कठिन चुनौती है। इसके बावजूद किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को अवश्य हासिल किया जा सकता है। खेत उत्पादकता में सुधार लाने, खेती की लागत को कम करने, अखिल भारतीय स्तर पर बाजार पहुँच को सुनिश्चित करने आदि की दिशा में सामूहिक प्रयास से इस लक्ष्य की प्राप्ति में काफी आसानी हो सकती है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। की इस लक्ष्य को हासिल करने में कंदीय फसलों की मुख्य भूमिका होगी।

कंदीय फसलों से भरपूर आमदनी

बागवानी से भरपूर आय

बागवानी क्षेत्रों में किसानों की आय को बढ़ाने की भरपूर क्षमता है। इसलिए पारंपरिक अनाजीय फसलों से उ च मूल्य वाली बागवानी फसलों की ओर बदलाव करने से से भारत में किसानों की आय को दोगुनी करने की दिशा में व्यापक पैमाने पर योगदान किया जा सकेगा। बागवानी फसलों में भी विशेषत~कंदीय फसलें इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इनमें अभूतपूर्व उ च प्रति इकाई उत्पादकता पाई जाती है। हालाकि एक सम्यक रीति में किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए उत्पादन क्लस्टरों को इनपुट के साथ - साथ उपभो ा बाजारों से अ छी तरह से जोड़ने की जरूरत है यह संदेह से परे है कि कृषि इनपुट और उत्पादन से जुड़े सूक्ष्म - लघु - छोटे तथा माध्यम स्तरीय उद्यमों की स्थापना से ग्रामीण भारत की आजीविका सुरक्षा में प्रभावी तरीके से सुधार किया जा सकता है। कंदीय फसलें ग्राम स्तर पर ही ऐसे उद्यमों को स्थापित करने के भरपूर अवसर प्रदान करती हैं। कंदीय फसल अनुसंधान पर कहीं अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिसमें शामिल है~ गैर- पारंपरिक क्षेत्रों में इनकी खेती का विस्तार करना, कंदीय फसलों की पोषणिक एवं खाद्य सुरक्षा भूमिका का पूर्वानुमान करना, मूल्यवर्धित खाद्य, आहार एवं औद्योगिक उत्पादों का विकास करके उपयोगिता संभावनाओं को बढ़ाना, अमंग आकलन रण नीतिया विकसित करना, नये बाजार विकल्पों की तलाश करना, औषधीय प्रभावों वाले हर्बल उत्पादों, जैव कीटनाशकों, प्राकृतिक खाद्य रंगों का विकास करना जैसे अल्प दोहित क्षेत्रों की खोज करना आदि। प्रौद्योगिकीय प्रगति का प्रभावी तरीके सेड प्रदर्शन और प्रसार करने. उत्पादकता में और सुधार करने और ग्रामीण जनसंख्या तक लाभ पहुचाने के लिए इन फसलों की उपयोगिता संभावनाओं का खुलासा करने में काफी मदद मिल सकती है।

कंदीय फसलों में मूल्यवर्धन

उष्णकटिबंधीय कंदीय फसलों में न केवल खाद्य फसलों के रूप में महत्ता हासिल की है वरन इनकी आहार और कृषि आधारित उद्योगों में भी व्यापक संभावनाएं हैं। खाने - पीने की आदतों में तेजी से हो रह बदलाव और प्रति व्यि आमदनी में अनुमानित बढ़ोतरी के साथ शहरी क्षेत्रों की ओर बढ़ते देशांतर से अगले 30 - 40 वर्षों में प्रसंस्करित और रेडी टू ईट (खाने के लिए तुरंत तैयार) सुविधाजनक खाद्य में बढ़ोतरी होने का अनुमान है। उस परिदृश्य में कंदीय फसलों से रोग - निरोधी और चिकित्सीय कार्यशील खाद्य विकसित करने की व्यापक संभावना विद्यमान है।

आलू, कसावा, शकरकंद, जिमीकंद, कचालू, टेनिया, याम (रतालू), याम बीन, अरारोट आदि जैसी कंदीय फसलें स्टार्चयु भंडारण अवयव के रूप में संशोधित जड़ अथवा तने के साथ पौधों का एक समूह बनाती हैं। इनमें कहीं अधिक जड़ें, घनकंद, राइजोम्स होते है और इनके कंदों की खुदाई आमतौर पर जमीन से नीचे की जाती है। ये फसलें अनाज एवं दाना फसली के उपरांत तीसरी सर्वाधिक महत्वपूर्ण खाद्य फसलें हैं और प्रति इकाई समय में प्रति इकाई क्षेत्रफल में उ च शुष्क सामग्री उत्पादन के साथ खाद्य उत्पादक रूप में अपनी जैविक प्रभावशीलता के आधार पर ये फसलें अनूठी हैं। र्जा उत्पादन में आलू सबसे आगे (216 मेगाजूल हे. दिन) एवं इसके बाद क्रमश रतालू (181 मेगाजूल हे. दिन), शकरकंद (152 मेगाजूल हे. दिन), तथा कसावा (121 मेगाजूल हे. दिन) का स्थान है। कंदीय फसलें विश्व की 1 5 आबादी के लिए मुख्य अथवा सहायक खाद्य के तौर पर उष्णकटिबंधीय तथा अर्द्ध उष्णकटिबंधीय देशों में लाखों लोगों की

खाद्य सुरक्षा सुनिि त करती है।

उपयोगी प्रौद्योगिकियां

ऐसे किसान जो आलू और अन्य कंदीय फसलों की खेती करते हैं, वे उपयु फसल किस्म, आधुनिक उत्पादन एवं संरक्षण तकनीकें अथवा बचाव प्रौद्योगिकियों को अपनाकर अपनी फार्म आमदनी में बढ़ोतरी कर सकते हैं। भाकृअनुप - केंद्रीय फसल अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतपुरम जैसे शोध संस्थानों द्वारा आलू और अन्य कंदीय फसलों की अधिक पैदवार देने वाली अनेक किस्में और प्रौद्योगिकियां विकसित की गई है। कुछ प्रौद्योगिकियां राज्य कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा भी विकसित की गई हैं और वे किसानों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। इन प्रौद्योगिकियों की पहुच अभी बहुत सीमित हैं। इन्हें किसान समुदाय के बीच लोकप्रिय बनाये जाने की जरूरत है ताकि कंदीय फसलों में वर्तमान पैदावार अंतराल को कम किया जा सके। आलू और अन्य कंदीय फसलों की उत्पदकता को बढ़ाने के लिए यहा प्रौद्योगिकीय हस्तक्षेपों पर जानकारी देने का प्रयास किया गया है।

गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री

अधिकांश कंदीय फसलों को तने के टूकड़ों अथवा कंद का उपयोग करके शाकीय रूप से प्रवर्धित किया जाता है। इसलिए बीज की गुणवत्ता को बनाये रखना विशेषकर इसे वायरस तथा अन्य रोगजनकों से मु रखना बहुत आवश्यक होता है। भारत में आलू उत्पादकों के समक्ष गुणवत्ता आलू बीज की उपलब्धता अभी भी एक प्रमुख समस्या है। इसीलिए यह जरूरी है कि किसानों को सस्ते दामों पर अ छी गुणवत्ता वाले बीजों की आपूर्ति की जाये। किसान स्वयं भी भाकृअनुप - केंद्रीय फसल अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा विकसित की गई बीज ह्लाट तकनीक का उपयोग आलू बीज उगा सकते हैं। यह प्रौद्योगिकी पिछले 50 वर्षों से भारत में आलू के उत्पादन और उत्पादकता क्षेत्र में उल्लेखनीय बढ़ोतरी में मुख्य भोमिका निभा रही है। वायरस की पहचान करने वाली उ ात तकनीकों, पौध बचाव उपायों और सस्यविज्ञान रीतियों के साथ बीज ह्लाट तकनीक का एकीकरण करने से भारत में प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम की मजबूत बुनियाद रखने को बढ़ावा मिला है। हाल ही में हाइटेक बीज उत्पादन प्रौद्योगिकियां जैसे कि तक संवर्धन से तैयार लघु कंद के साथ - साथ ऐरोपॉनिक प्रौद्योगिकी द्वारा तैयार लघु कंद का विकास किया गया है इन्हें गुणवत्तायु आलू बीज के उत्पादन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐरोपॉनिक प्रौद्योगिकी के अंतर्गत, आलू पौधों को एक बंद अथवा संरक्षित वातावरण में उगाया जाता है और मृदा अथवा किसी अन्य समु य मीडियम का उपयोग किये बिना पोषण से भरपूर घोल का साथ समय - समय पर जड़ों पर छिड़काव किया जाता है। इसमें उ च गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री का तेजी से गुणन होता है, जिसमें प्रति तक संवर्धन पादप 35 - 60 लघुकंद उत्प ा होते हैं। इसमें अनेक मृदा जनित रोगजनकों के आलू कंदों के साथ सम्पर्क में कमी आती है। इसके अलावा इसे ऑपरेट करना भी आसान होता है। इस प्रणाली को गौरवायविय तथा पानी की कमी वाले इलाकों में स्थापित किया जा सकता है। यह प्रौद्योगिकी अत्यधिक लागत प्रभावी है, जिसमें 10 लाख कंदों के उत्पादन के लिए 100 लाख रूपये का निवेश करने की जरूरत होती है और कोई भी उद्यमी इससे प्रति वर्ष 52 लाख रूपये तक कमा सकता है। अत~ तक संवर्धन और ऐरोपॉनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से भारत में पारंपरिक बीज उत्पादन प्रणाली में क्रन्तिकारी बदलाव लाने की क्षमता है। भाकृअनुप - केंद्रीय कंदीय फसल अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतपुरम द्वारा मानकीकृत मिनी सेट प्रौद्योगिकी को अपना कर उष्णकटिबंधीय कंदीय फसलों में भी वायरसमु गुणवत्ता रोपण सामग्री को विकसित किया जा सकता है।

अनाज फसलों की तुलना में कंदीय फसलों से अधिक लाभ

चावल, गेंहू और म ा जैसे पारंपरिक अनाज फसलों की तुलना में फल व सब्जियों जैसे बागवानी फसलें कहीं अधिक लाभ प्रदान करती हैं। उ च मूल्य वाली फसलों और उद्यमों की दिशा में कृषि गतिविधियों का विविधीकरण करना किसानों की आय को बढ़ाने में एक प्रमुख चालक बन सकता है। भारत के तीन मुख्य राज्यों यथा उत्तर प्रदेश, पि म बंगाल और बिहार के लिए चावल व गेहूं जैसे अनाज फसलों और प्रमुख कंदीय फसल आलू में खेत की लागत और शुद्ध आय के तुलनात्मक अध्ययन को सरणी - 1 में दर्शाया गया है। यह देखा जा सकता है कि सभी चयनित राज्यों के लिए आलू की खेती की लागत चावल और गेहूं से कहीं ज्यादा है, जो कि पि म बंगाल में सबसे ज्यादा रूपये 1,08,860,30 प्रति हे. है। उत्तर प्रदेश में आलू से मिलने वाली प्रति हे. शुद्ध आय चावल और के मुकाबले दोगुनी से भी ज्यादा है। पि म बंगाल में आलू से मिलने वाली प्रति हे. शुद्ध आय रूपये 36,519,70 है, जो कि चावल तथा गेहूं की तुलना में लगभग तीन गुना है। बिहार में गेहूं (प्रति हे. रूपये 26,835,70) के मुकाबले आलू (प्रति हे. रूपये 32,787,00) में कहीं अधिक लाभ मिला। बिहार में किसानों के लिए धान की खेती आलू की ही तरह लाभप्रद नहीं है, क्योंकि इससे उन्हें प्रति हे. केवल रूपये 6,277,70 का कम लाभ ही मिल रहा है। अत~ यह देखा जा सकता है कि पारंपरिक अनाज फसलों के मुकाबले आलू जैसी कंदीय फसल की खेती करके किसान कहीं अधिक लाभ कमा सकते हैं।

उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकियां

भारत में कृषि केवल लाभ अर्जित करने वाला व्यवसाय नहीं है बल्कि यह 138 मिलियन से भी अधिक कृषिजोत पर काम करने वाले परिवारों के लिए परंपरा का हिस्सा है इनमें से 85 प्रतिशत परिवारों के पास 2 हे. से भी कम आकार वाली कृषिजोत हैं। इनमें से अधिकांश कृषिजोत का उपयोग बहु कृषि गतिविधियों यथा कृषि बागवानी, पोल्ट्री एवं पशु पालन, मत्स्यिकी, मधुमक्खी पालन रेशमा पालन तथा वानिकी में किया जाता है। इन छोटी तथा सीमांत कृषिजोत में फसलचक्र सघनता बहुत अधिक होती है। यहा तक कि प्राय~ यह 300 प्रतिशत तक भी पहुच जाती है।

फायदे का सौदा आलू

भारतीय समाज में आलू सर्वाधिक प्रचलित सब्जी है। देश में सब्जियों के तहत कूल कृषि में यह 21 प्रतिशत क्षेत्र में बोई जाती है और कुल सब्जी उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी 25.50 प्रतिशत है। चीन के बाद भारत आलू का सबसे बड़ा उत्पादक राष्ट्र है। उत्तर प्रदेश, पि म बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात और पंजाब राज्यों को शामिल करते हुए भारत के गंगा के मैदानी इलाकों में देश के कुल आलू उत्पादन का 85 प्रतिशत से भी अधिक उत्पादन होता है। वर्ष 2014 - 15 में भारत में 23.1 टन हे. की औसत उत्पादन हुआ। लगातर बढ़ रही जनसंख्या के साथ भविष्य में भारत में आलू की खपत कई गुना बढ़ने का अनुमान है।

जल बचत

आलू सहित किसी भी फसल की खेती के लिए सिंचाई जल इ की म कमी प्रमुख समस्या है। आधुनिक आलू किस्में जल की कमी वाली मृदाओं के प्रति संवेदनशील होती है और उनमें बार - बार उथली सिंचाई करने की जरूरत होती है। आमतौर पर पानी की कमी फसल की बढ़वार अवधि के मध्य से पिछेती भाग में भूस्तारी अथव स्टोलन गठन और कंद की शुरूआत तथा बल्किंग के दौरान होती है। इससे पैदावार में कमी होने की आशंका रहती है। अगेती फसलें शाकीय वृद्धि के दौरान कम संवेदनशील होती हैं। फसल पकने वाले अवधि की ओर उ चतर रिि करण को अपनाकर भी जल की बचत की जा सकती है ताकि फसल द्वारा अपने जड़ क्षेत्र में भंडारित उपलब्ध पूरे जल का उपयोग किया जा सके। इस क्रियाविधि अथवा रीति से परिप ता को भी जल्दी किया जा सकता है और शुष्क पदार्थ सामग्री को बढ़ाया जा सकता है। कुछ किस्में कंद बल्किंग के अगेती भाग में सिंचाई के प्रति कहीं बेहतर प्रतिक्रिया देती हैं, जबकि अन्य बाद वाले हिस्से में कहीं बेहतर प्रतिक्रिया को दर्शाती हैं। कम कंदों वाली किस्में आमतौर पर अनके कंदों वाली किस्में आमतौर पर अनेक कंदों वाली किस्मों की तुलना में जल की कमी के प्रति कम संवेदनशील होती हैं। सिंचाई के लिए सही समय का चयन करके और पौधा वृद्धि चक्र की विशिष्ट अवस्था में जल प्रयोग की उपयु गहराई का प्रयोग करके आलू की फसल में जल की जरूरत को किफायती बनाया जा सकता है। अब जलमग्न अथवा बाढ़ जैसे सिंचाई की तुलना में ड्रिप एवं स्प्रिकलर विधियों के माध्यम से सटीक रूप से सिंचाई करने के लिए प्रौद्योगिकियां मौजूद हैं, जो न केवल पानी की बचत करती हैं वरन साथ ही उत्पादकता को भी बढाती हैं।



खुदाई अथवा तुड़ाई करने के उपरांत, छिलकों के उपचार हेतु कंदों को 10 - 15 दिनों तक ढेर में रखा जाना चाहिए। यह जरूरी है की सभी क्षतिग्रस्त और सड़े हुए कंदों को हटा दिया अ छा लाभ कमाने के लिए उत्पाद अर्थात कंदों की छटाई की जाये और उन्हें ग्रेडिंग के अनुसार जूट के थैलों में पैक किया जाए। किसान अधिक लाभ कम सकते है यदि अपने आलू को शीत भंडार में भंडारित किया जा सकता है। इस प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए भंडारित किये गये आलू स्वाद में मीठे नहीं होंगे और इस प्रकार इनसे कहीं अधिक मूला हासिल किये जा सकता है। यह ध्यान दिया जाये कि बीज आलू को केवल 0 - 20 सेल्सियस तापमान पर ही भंडारित किया जाये। चिप्स, फ्रेंच फ्रेंचाइज, ल छा आदि जैसे निर्जलीकृत आलू उत्पादों को तैयार करके आलू में मूल्यवर्धन करने से भी किसानों को आकर्षक लाभ मिल सकता है। भाकृअनुप - केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला में घरेलू स्तर पर मूल्य वर्धन करने की प्रौद्योगिकियां उपलब्ध हैं।

आतंकवाद के जो साथ रहेगा, भारत उसका विरोध करेगा

ि नसन दस ननीं

आतंकवाद के जो साथ रहेगा,भारत उसका विरोध करेगा - भारत के 7 डेलिगेशन बनाम पाक का 1 शांति दूत।चीन, तुर्कीए, अजरबैजान...पाक के भाईजान की बंद होगी भारत में दुकान-बॉयकॉट,ट्रेड, ट्रेवल्स व सामानवैश्विक स्तरपर अब भारत की आतंकवाद के खिलाफ स्ट्राइक-7 डेलिगेशन से घेराबंदी,समर्थक देश की आर्थिक पाबंदी,न झुकेंगे न रुकेंगे की नीति सराहनीय।

वैश्विक स्तरपर भारत की विदेश नीति कूटनीति की सराहना विश्व में तो ही रही है,यहां तक कि पाक के पूर्व पीएम ने भी इसकी तारीफ की थी,विकसित देश भी भारतीय कूटनीति की तारीफ के पुल बांध चुके हैं। अब भारत इसमें और एक अध्याय जोड़ने जा रहा है वह यह है कि हथियारों की लड़ाई में तो भारत ने झंडे गाढ़ दिए हैं अब बौद्धिक क्षमता से पूरे विश्व को कन्वेंस कर आतंकवाद के खिलाफ वातालाप कर अपनी वाणी से उन्हें कन्वेंस कर उन्हें सबूत तर्क देकर कूटनीति से अपनी विजय का ठप्पा लगवा कर आतंकवाद के खिलाफ विश्व के सभी देशों को एक मंच पर लाने की रणनीति को क्रियान्वयन किया जा रहा है,ताकि आतंक वाद का उनको पोषण करने वाले देश व उनका सहयोग कर उन्हें वित्त हथियार, ताकत व प्रोत्साहन देकर पोषित करने वाले देशों पर भी शाब्दिक, आर्थिक स्ट्राइक को क्रियान्वयन किया जा रहा है,उन देशों को यह एहसास कराया जा रहा है कि भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा अब भारत आज का नया भारत है, इसीलिए ही 7 सर्वदलीय डेलिगेशन, चीन तुर्की अजरबैजान पर भारत के नागरिकों द्वारा आर्थिक स्ट्राइक का फैसला लेना रेखांकित करने वाली बात है।चूँकि वैश्विक स्तरपर अब भारत की आतंकवाद के खिलाफ स्ट्राइक,7 डेलिगेशन से घेराबंदी, समर्थक देश की आर्थिक पाबंदी,न झुकेंगे ना रुकेंगे नीति सराहनीय है, इसीलिए चीन तुर्कीए व अजरबैजान..पाक के भाईजान की बंद होगी भारत में दुकान,बॉयकॉट ट्रेड ट्रेवल्स व सामान, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आतंक वाद के जो साथ रहेगा,भारत उसका विरोध करेगा,भारत के 7 डेलिगेशन बनाम पाक का 1 शांति दूत।

साथियों बात अगर हम आतंकवाद के बादशाह पाक की भारतके खिलाफ मदद करने वालों पर भारतीय नागरिकों द्वारा आर्थिक स्ट्राइक की करें तो, भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का असली चेहरा पूरी दुनियाँ के सामने आ गया,पाक ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो मेड इन चाइना और तुर्किए थे, पाक ने जो चीन की फुस्सा मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में इस्तेमाल किये, उनके अवशेष नई दिल्लीर के पास मौजूद हैं, चीन और तुर्किए अब इन सबूतों को नकार नहीं सकता है। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाक को ऑपरेशन सिंदूर में ऐसी चोट दी कि वो घुटनों पर आ गया और सीजफायर के लिए कहा पाक को सबक सिखा दिया गया है, अब उसके भाईजान चीन, तुर्किए और अजरबैजान की दुकान भारत में बंद करने की तैयारी हो रही है। साल 2023 से 20.7 पेर्सेंट ज्यादा पर्यटक तुर्किए में पहुंचे थे, पर्यटकों से तुर्किए का राजस्व लगभग 61.1 बिलियन डॉलर रहा, भारतीय पर्यटकों का औसत खर्च इसमें लगभग 972 डॉलर है,भारतीय पर्यटकों के बहिष्कार से तुर्किए को करीब 291.6 मिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान है,ये तो वो नुकसान नजर आ रहा है, लेकिन तुर्किए को भारत के खिलाफ जाने का अप्रत्यतक्ष रूप से भी आर्थिक नुकसान होगा। तुर्किए एवं अजरबैजान की यात्राओं के बहिष्कार के संबंध में कैट ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स संगठनों सहित विभिन्न अन्य संबंधित वर्गों से सम्पर्क कर इस अभियान को तेज करेगा, उधर दूसरी ओर तुर्की और अजरबेजान के साथ व्यापार बंद करने के मुद्दे पर अंतिम निर्णय आगामी 16 मई को कैट द्वारा नई दिल्ली में आयोजित देश के प्रमुख व्यापारी नेताओं के एक राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया गया है। अजरबैजान में भी काफी भारतीय पर्यटक पहुंचते हैं, जिससे वहां की अर्थव्यीवस्थार को काफी समर्थन मिलता है, उन्होंने बताया कि साल 2024 में कुल विदेशी आगमन लगभग 2.6 मिलियन पर्यटक था,जिसमें भारतीय पर्यटकों की संख्या लगभग 2.5 लाख थी और प्रति भारतीय पर्यटक औसत खर्चः 2,170 एजेडएन था, जो लगभग 1,276 डॉलर होता है, इस लिहाज से भारतीय पर्यटकों का खर्च 308.6 मिलियन डॉलर के लगभग अजरबैजान में होता है, भारत अगर तुर्किए और अजरबैजान की इन दुकानों को बंद कर देता है, तो आर्थिक नुकसान होने से इन्हेंज अपनी नीतियों पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, इन देशों के होटल, रेस्तरां, टूर ऑपरेटर, और अन्य संबंधित व्यवसायों को भी नुकसान होगा। व्यापारियों के संगठन, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भी ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान के लिए तुर्की और अजरबैजान के हालिया समर्थन का हवाला देते हुए, उनके साथ सभी व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों का बहिष्कार करने का फैसला किया है।सीएआईटी ने शुक्रवार को कहा कि इस निर्णय में तुर्की और अजरबैजानी वस्तुओं का राष्ट्रव्यापी बहिष्कार शामिल है, और भारत भर के व्यापारी इन देशों से आयात रोक रहे हैं।

साथियों बात अगर हम भारत पाक तनाव व युद्ध में पाक को समर्थन करने वाले देशों की करें तो, पहलगाम हमले के बाद बदलते हालात के बीच तुर्की ने पाक के समर्थन का ऐलान किया था। तुर्की के राष्ट्रपति ने पाक पीएम से बात कर उन्हें हर तरह की मदद की बात कही थी। ऐसी भी खबरें हैं कि तुर्की ने मिलिट्री ट्रांसपोर्ट विमानों के जरिए पाक को हथियारों की बड़ी खेप भेजी है। हालांकि, तुर्की ने इसका खंडन किया है। इतना ही नहीं, भारत से तनाव के बीच तुर्की के एयरफोर्स के कमांडर और खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने पाक का दौरा भी किया था।भारत से तनाव के बीच चीन ने खुलकर पाक का समर्थन किया था। चीन ने कहा था कि वह पाकिस्तान की संप्रभुता का समर्थन करेगा और उसके साथ दोस्ती को कायम रखेगा। उसने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की पाक की मांग का समर्थन भी किया था। गुरुवार को चीनी राजदूत ने पाक पीएम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ने चीनी राजदूत को भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए तनाव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान राजदूत ने कहा कि चीन पाक की वैध सुरक्षा चिंताओं को समझता है और राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए उसके प्रयासों का समर्थन करता है। अजरबैजान और पाक की दोस्ती जगजाहिर है। दोनों देश इस्लाम के नाम पर एक दूसरे का समर्थन करते हैं। अजरबैजान ने भी भारत से तनाव के बीच पाक का समर्थन किया। उसने कश्मीर को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का राग अलापा और शांति की अपील की। अजरबैजान ने पहलगाम हमले की पाक की अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की है और युद्ध की जगह वार्ता के जरिए समाधान तलाशने पर जोर दिया है।

साथियों बात अगर हम दोनों देशों के तनाव में भारत को समर्थन करने करने वाले देशों की करें तो, इजरायल ने पाक के साथ तनाव के बीच खुलकर भारत के समर्थन का इजहार किया है। पहलगाम हमले के तुरंत बाद इजरायल के पीएम भारत में इजरायली दूतावास, राजदूत और दूसरे वरिष्ठ इजरायली नेताओं ने इसकी निंदा की।उन्होंने भारतीय पीएम से बात कर अपनी संवेदना और समर्थन का इजहार भी किया। गाजा पट्टी में हमास के साथ युद्ध में उलझने के बावजूद इजरायल ने भारत को हर तरह की मदद का भरोसा दिया है।पहलगाम हमले के बाद इटली ने भी भारत का समर्थन किया है। इटली की पीएम ने इस घटना पर दुख जताया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इटली ने भारत को हर तरह के समर्थन का ऐलान भी किया है। जॉर्जिया मेलोनी के कार्यकाल में भारत और इटली के द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत हुए हैं। इटली यूरोपीय यूनियन का एक प्रमुख देश है। फ्रांस ने भी पहलगाम हमले के बाद भारत का समर्थन किया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने पहलगाम हमले पर दुख जताया था और भारत को हर संभव मदद का ऐलान किया था। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही थी। फ्रांस दुनियाँ की महाशक्तियों में से एक होने के अलावा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य भी है। वह भारत का एक प्रमुख रक्षा साझेदार भी है।

साथियों बात अगर हम भारत के खिलाफ चीन के हवाई सुरक्षा सैटेलाइट व खुफिया जानकारी पाक को साझा करने की करें तो, जब भारत और पाकिस्तान की सेनाएं एक-दूसरे पर भारी पड़ने की जुगत में थीं, तब कोई तीसरा खिलाड़ी चुपके से मैदान में उतर आया। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली के सेंटर फॉर ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज ने खुलासा किया कि चीन ने पाक को हवाई सुरक्षा, सैटेलाइट सपोर्ट और खुफिया जानकारी देकर इस जंग में उसका साथ दिया। चीन के सैटेलाइट के बदौलत पाक भारत के शहरों में ड्रोन और मिसाइल अटैक कर रहा था।

साथियों बात अगर हम भारत के विरोध के कारण आईएमएफ द्वारा 18 मई 2025 को पाक के खिलाफ और 11 शर्तें लागू करने की करें तो भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच पाक को भारी-भरकम कर्ज देने के बाद अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमफ) को अब शायद अपना पैसा डूबने का खतरा महसूस होने लगा है. पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक,इसके चलते आईएम एफ ने अपने बेलआउट पैकेज की अगली किस्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं और इसके बाद ढं' पर कुल शर्तें बढ़कर 50 हो गई हैं। आईएमएफ की ओर से पाक को दो टूक कह दिया गया है कि अगर ये शर्तें पूरी नहीं होती हैं, तो फिर उसे अगली किश्त जारी नहीं हो सकेगी

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेष विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किआतंकवाद के जो साथ रहेगा,भारत उसका विरोध करेगा - भारत के 7 डेलिगेशन बनाम पाक का 1 शांति दूत।चीन, तुर्कीए, अजरबैजान...पाक के भाईजान की बंद होगी भारत में दुकान-बॉयकॉट,ट्रेड, ट्रेवल्स व सामानवैश्विक स्तरपर अब भारत की आतंकवाद के खिलाफ स्ट्राइक-7 डेलिगेशन से घेराबंदी,समर्थक देश की आर्थिक पाबंदी,न झुकेंगे न रुकेंगे की नीति सराहनीय।

संपादकीय

अंतिम चरण में माओवाद

ीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षाबलों ने सत्ताइस माओवादियों को मार ाया। पुलिस के अनुसार ये माओवादी बस्तर के नारायणपुर, बीजापुर र दंतेवाड़क्ष जिलों की सीमा पर हुई मुठभेड़ में मारे गए। इसमें एक ान शहीद हुआ, जबकि कई अन्य घायल हैं। पिछले कई दिनों से ी अभियान के दौरान कई वरिष्ठ स्तर के माओवादी कैड़र मारे गए, नमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का महासचिव बसवराजू मारा गया। हालांकि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट या, 'नस्लवाद की लड़ाई में एतिहासिक उपलब्धि। एक ऑपरेशन में क्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मारा है। जिनमें बसवराजू भी मेल है।' शाह ने एजेंसियों की तारीफ करते हुए 54 नक्सलियों के फ्तारी की बात भी की, परंतु विशेषज्ञों का दावा है, इसे माओवाद के त्में के रूप में देखना जल्दबाजी होगा। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़, ार, तेलंगाना से लेकर महाराष्ट्र तक नक्सलियों का सफाया करने के ए कमर कस चुकी है। बीते पंद्रह महीनों में माओवादियों के खिलाफ ा रहे सघन ऑपरेशन में चार सौ से ज्यादा संदिग्ध नक्सलियों के मारे ने का भी दावा किया जा रहा है। इससे पहले सुरक्षा बलों ने दावा या था कि माओवादियों के 214 बंकर व ठिकाने नष्ट किए जा चुके जहां से भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किया गया। दरअसल, ़ूदा वक्त में यह आंदोलन अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। राज्य कार द्वारा शांति वार्ता की बात बार-बार की जा रही है। मगर साथ ही क्षा बलों के ऑपरेशन भी तेज कर दिए जाते हैं। इसी साल जनवरी छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुए विस्फोट में आठ सुरक्षाकर्मी व एक आम दमी मारा गया था। सरकार की कड़ाई के चलते नक्सलियों का संगठन ़र कमजोर पड़ रहा है। उनको मिलने वाली आर्थिक मदद भी मराई है, मगर उनका ढ़ांचा काफी मजबूत है। नौजवानों का सलवाद के प्रति आकर्षण भी तेजी से कमजोर पड़ा है। अब उन्हें नई ़ी के स्थानीय नौजवानों को प्रशिक्षण के लिए राजी करना मुश्किल ा जा रहा है। जो पढ़-लिखकर कर नौकरियां तलाशते हैं और अपने वन स्तर को सुधारने के प्रति सजग हो रहे हैं।

हिंदी में कार्यरत वैज्ञानिक संस्थान को प्रोत्साहित करने की जरुरत



संज ी

आज हिंदी में कार्यरत वैज्ञानिक संस्थान को प्रोत्साहित करने की जरुरत है इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर की संस्थान,हिं वि सा परिषद यानी हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद के नई कार्यकारणी का गठन 18.05.25 को भाभा पार्क अनुशक्तिनगर में सुबह 10:30 बजे शुरू हुआ औ? 12बजे खत्म हुआ आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है।जो मातृभाषा में करना आवश्यक है हमारे जीवन की छोटी-बड़ी हर घटना का संबंध विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ा हुआ है। आज हम चाहकर भी मोबाइल, इंटरनेट, टीवी, स्कूटर, कार, बस और ट्रेन से अपने को दूर नहीं रख सकते। अब आप बताइए ये सभी साधन विज्ञान और प्रौद्योगिकी की देन हैं या नहीं? आपका जवाब हां में होगा! सभ्यता के आरंभिक चरण, कृषि और औद्योगिक क्रांति के बाद वर्तमान में हम प्रौद्योगिकी तथा सूचना क्रांति के युग में जी रहे हैं। लोगों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संबंध में जानकारी देना आज एक अहम आवश्यकता बन गई है। भारतीय सम्विधान के अंतर्गत भी इसे एक मूलभूत कर्तव्य का दर्जा प्राप्त है। विज्ञान साहित्य और इसके लेखन को लोकप्रिय विज्ञान या लोकविज्ञान साहित्य कहते हैं। इसका महत्व किसी भी भाषा के साहित्य से कम नहीं होता। क्योंकि एक विज्ञान लेखक के पास साहित्य और लेखन कौशल के साथ विज्ञान की प्रमाणिक जानकारी भी होती है। वास्तव में विज्ञान लेखन साहित्य का अभिन्न हिस्सा है और इस विज्ञान साहित्य का सृजन वैज्ञानिक जानकारी और साहित्यिक तत्वों के संयोग या सम्मिलन से होता है। विज्ञान रिपोर्ट, विज्ञान लेख, विज्ञान समाचार, विज्ञान कथा, विज्ञान नाटक, विज्ञान रूपक, विज्ञान उपन्यास विज्ञान लेखन की विभिन्न धाराएं होती हैं।हिंदी विज्ञान में एक नई क्रांति मुंबई के वैज्ञानिकों ने 1968 में हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद की नींव रखी और 2साल बाद वैज्ञानिक पत्रिका का सतत प्रकाशन हुआ जो आज भी ऑनलाइन माध्यम से चल रही है अतः राष्ट्रीय अस्तर पर हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद ही एक मात्र ऐसी संस्था बची है जो इन उद्देश्यों को पूर्ण कर सकती है नई कार्यकारिणी का गठन हेतु 18 मई 25 को अनुशक्तिनगर में विशेष आम सभा में चुनाव अधिकारी ने सभी प्रत्याशी के नाम का ऐलान किया आम सभा से पहले चुनाव अधिकारी श्री बलवंत सिंह ने नई कार्यकारिणी 25-27 हेतु सभी चयनित उम्मीदवार के परिणाम प्रस्तुत किए गए -जो निम्न है अध्यक्ष - कृष्ण कुमार वर्मा - -उपाध्यक्ष - ब्रजेश कुमार सिन्हा,सचिव,शेर सिंह मीणा, संजय गोस्वामी -सयुंक्त सचिव,राज कुमार डाबरा -कोषाध्यक्ष बी.एन मिश्र - सयुंक्त कोषाध्यक्ष,सदस्य हेतु डॉ सुभाष दोन्दे,अश्विनी कुमार मिश्रा,संजू वर्मा, राजेश कुमार सचान - अनिल अहिरवार प्रकाश कश्यप - आलोक कुमार त्रिपाठी आदि निर्विरोध चुने गए हैं 18 मई 25 को आम सभा में चुनाव अधिकारी ने आवेदकों का नाम आम सभा में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जिसे आम सभा में परिषद के सभी सभी लोगों एक मत अनुमोदन किया जिसके बाद में वैज्ञानिक के नए संपादक मंडल व व्यवस्थापन मंडल के सदस्य बाद में नई कमिटी द्वारा बनाए जायेंगे व परिषद के सचिव श्री सत्य प्रभात प्रभाकर व सह सचिव श्री राजेश कुमार ने नई कार्यकारिणी के सदस्यों को वर्तमान कार्यकारिणी को अब परिषद के आगे के कार्यक्रम के बारे में बताया जो सभा में उपस्थित सभी लोगों ने स्वीकार किया परिषद के सभी आजीवन सदस्यो ने आम सभा, जो भाभा पार्क, अणुशक्तिनगर में 10:30 बजे सुबह उपस्थित रहें उसमें सभी ने परिषद के कार्यों की सराहना की हिन्दी विज्ञान की लोकप्रिय पत्रिका वैज्ञानिक से जुड़े नव विज्ञान लेखक, प्रोफेसर, वैज्ञानिक और इंजीनियर ने सभी पाठकों और सृजनशील व्यक्तियों के निरंतर सहयोग, स्नेह, विश्वास और वैज्ञानिक से लगाव रहा है। इसके मुख्य संपादक श्री राजेश कुमार मिश्र हैं व संपादकीय बोर्ड के सदस्य सर्वश्री, राजेश कुमार, के-के वर्मा, डॉ संजय कुमार पाठक व वैज्ञानिक के व्यवस्थापक ,सर्वश्री श्री नवीन त्रिपाठी, बी.एन. मिश्र,अनिल अहिरवार, प्रकाश कश्यप, बधाई के पात्र हैं। विज्ञान साहित्य का ऐसा मिला-जुला ढंग उस साहित्य के सृजन में सहायक होता है जो पूर्णतः भौतिकवादी होता है तथा शुद्ध कला का निर्माण नहीं करता है। हिंदी विज्ञान की पत्रिका वैज्ञानिक का योगदान विज्ञान संचार हेतु जरुरी है ताकि इससे नवविज्ञान लेखकों को एक वैज्ञानिक मंच मिल सके। हिंदी में विज्ञान संचार हेतु हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद का 55वर्षों से अधिक का लम्बा इतिहास रहा है राष्ट्रभाषा हिंदी आपसी सहयोग, साहचर्य एवं प्यार की भाषा है। इसे विश्वसमुदाय में स्थापित करना इन मूल्यों के संवर्द्धन हेतु अत्यंत लाभप्रद होगा।हिंदी को विश्वभाषा बनाने के मकसद से परिषद ने दो महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विज्ञान संस्थाओं में हिंदी व हिंदी माध्यम से इंजीनियरिंग के विभिन्न अध्ययन व अनुसंधान के लिए परिषद की पत्रिका वैज्ञानिक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है यह एक विज्ञान लेखक की महारत या दक्षता होती है और इसे किसी मायने में कमतर आँका जाना उचित नहीं है। हमें इस बात का भी संज्ञान अवश्य लेना होगा कि कालांतर में हिंदी और दूसरी भाषाओं के अनेक साहित्यकारों ने स्वयं वैज्ञानिक लेखन किये हैं तथा समाज के लिए इसके महत्व को रेखांकित करते रहे हैं।पूर्व में परिषद के अध्यक्ष भारत के मशहूर वैज्ञानिक डॉ. पी.के. अयंगर पूर्व अध्यक्ष एईसी व भारत के महत्वपूर्ण वैज्ञानिक भी थे परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी. के. अयंगर, परमाणु उपकरण के वास्तविक निर्माण के पीछे मुख्य वैज्ञानिकों में से एक थे, जिसने 18 मई, 1974 को पोखरण क के साथ भारत को परमाणु मानचित्र पर ला खड़ा किया। उन्होंने 40 वर्षों तक परमाणु ऊर्जा विभाग में काम किया।

ि न नन

प्रतिभा और ज्ञान

संत को जंगल में एक नवजात शिशु मिला। वह उसे अपने घर जे आए। ोंने उसका नाम जीवक रखा। उन्होंने जीवक को अच्छी शिक्षा-दीक्षा न की। जब वह बड़ा हुआ तो उसने संत से पूछा, गुरुजी, मेरे माता-पिता ा हैं? संत को जीवक के मुंह से यह सुनकर बड़ा आश्चर्य हुआ लेकिन ोंने उसे सच बताने का निश्चय किया और बोले, पुत्र, तुम मुझे घने जंगलों मिले थे। मुझे नहीं मालूम कि तुम्हारे माता-पिता कौन हैं और कहां हैं? ाक अत्यंत उदास होकर बोला, गुरुजी, अब आत्महीनता का भार लेकर कहां जाऊं? इस पर संत उसे सांत्वना देते हुए बोले, पुत्र, इस बात से ी होने के बजाय तुम तक्षशिला जाओ और वहां विद्याध्ययन करके अपने ं के प्रकाश से संपूर्ण समाज को आलोकित करो। जीवक अध्ययन के ए चल पड़ा। वहां पहुंचकर वहां के आचार्य को उसने अपने बारे में सब ु बता दिया। आचार्य ने उसकी स्पष्टवादिता से प्रभावित होकर उसे वविद्यालय में प्रवेश दे दिया। जीवक वहां पर कठोर परिश्रम के साथ ा प्राप्त करने लगा। वहां उसने आयुवेर्दाचार्य की उपाधि प्राप्त की। संपूर्ण ा प्राप्त करने के बाद एक दिन आचार्य जीवक से बोले, पुत्र, अब तुम ग जाकर वहां के लोगों की सेवा करो। यह सुनकर जीवक परेशान हो । आचार्य उसे दुखी देखकर बोले, कौन सी बात तुम्हें टीस रही है? ाक बोला, आचार्य, आप तो जानते ही हैं कि मेरा कोई कुल और गोत्र है। मैं जहां भी जाऊंगा, लोग मुझ पर उंगलियां उठाएंगे। क्या आप मुझे ने पास ही नहीं रख सकते? उसकी बात सुनकर आचार्य बोले, वत्स। ारी प्रतिभा और ज्ञान ही तुम्हारा कुल-गोत्र है। इन्हीं से तुम्हें सम्मान ागा। आचार्य की बातों ने जीवक को नई दिशा दिखाई और वह मगध गया। वहां उसने लगन और मेहनत से काम किया। कुछ ही समय में पूरे मगध में आयुवेर्दाचार्य के रूप में प्रसिद्ध हो गया।

इस्कॉन दो फाड़: शीर्ष अदालत का ऐतिहासिक निर्णय



जनी

मई 16, 2025 को सर्वोच्च अदालत ने एक 25 साल पुराने विवाद पर अंतिम फैसला सुनाया, जिसमें इस्कॉन बेंगलुरु को बेंगलुरु के प्रसिद्ध हरे कृष्ण मंदिर का स्वामित्व प्रदान किया गया, जबकि इस्कॉन मुंबई के इस संपत्ति पर दावे को खारिज कर दिया गया। आज यह फैसला उन हजारों भक्तों की जीत है जो श्रील प्रभुपाद को ही इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानते हैं। हम अपनी सारी संपत्तियां इस्कॉन मुंबई के हवाले करने को पहले दिन से तत्पर रहे हैं। हमारी केवल एक ही शर्त है कि इस्कॉन में केवल प्रभुपाद ही आचार्य माने जाएं बाकी उनके आदेशानुसार ह्यिऋत्वक' की भूमिका निभाएं।

1966 में न्यूयॉर्क में एक गौड़ीय वैष्णव संत श्रील प्रभुपाद द्वारा 'इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस' (इस्कॉन), की स्थापना की गई थी, जिसे आज पूरा विश्व 'हरे कृष्ण आंदोलन' के नाम से जानता है। इस्कॉन ने विश्व भर में भगवान कृष्ण की भक्ति और वैदिक संस्कृति को फैलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्रील प्रभुपाद ने 9 जुलाई 1977 को एक लिखित निर्देश जारी किया था, जिसमें उन्होंने दीक्षा (शिष्य दीक्षा) के लिए एक 'ऋित्वक' प्रणाली की स्थापना की थी। इसके तहत, उनके द्वारा नियुक्त 11 वरिष्ठ शिष्य ('ऋित्वक') नये भक्तों को दीक्षा देने के लिए उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे और सभी भावी भक्त केवल श्रील प्रभुपाद के ही शिष्य होंगे। श्रील प्रभुपाद ने स्पष्ट किया था कि वे इस्कॉन के एकमात्र आचार्य बने रहेंगे और उनके बाद कोई भी शिष्य स्वयं को आचार्य या गुरु घोषित नहीं करेगा। 1977 में वृंदावन में श्रील प्रभुपाद की महासमाधि के बाद, उनके कुछ वरिष्ठ शिष्यों (मुख्य रूप से पश्चिमी) ने उनके निर्देशों की अवहेलना की और स्वयं को उत्तराधिकारी आचार्य घोषित कर लिया। उन्होंने स्वयं दीक्षा देना शुरू किया, भव्य जीवनशैली अपनाई और अपने लिए सम्मानजनक उपाधियां और गीत रचवाए, जो श्रील प्रभुपाद की सादगीपूर्ण जीवनशैली के विपरीत था। इस स्व-घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करने वाले भक्तों को उत्पीड़न, मंदिरों से निष्कासन, और यहां तक कि हिंसा का सामना करना पड़ा। एक चरम मामले में, वर्जीनिया में एक भक्त सुलोचना दास की 1984 में हत्या कर दी गई। अंग्रेजी में छपी एक पुस्तक, 'मंकी ऑन द स्टिक' में इस हत्या में शामिल इस्कॉन के आज कुछ मशहूर नेतृत्व की ओर खुल कर लिखा गया है। नवम्बर 1998 में, इस्कॉन बेंगलुरु में देश-विदेश के अनेक वरिष्ठ भक्त जमा हुए और उन्होंने 'इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट' की स्थापना की, जिसका लक्ष्य स्व-घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करना था। इस समूह ने श्रील प्रभुपाद को इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानने और 'ऋित्वक' प्रणाली का पालन करने का संकल्प लिया। इस रु ख के कारण, इस्कॉन मुंबई, जो स्व-घोषित गुरु ओं द्वारा नियंत्रित थी, ने इस्कॉन बेंगलुरु के भक्तों को संगठन से निष्कासित करने और उनके मंदिर पर नियंत्रण करने का असफल प्रयास किया। बाद में 'इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट' की बैठकें कुआलालम्पुर और फ्लोरिडा जैसे शहरों में भी हुई। बेंगलुरो और मुंबई केंद्रों के बीच संपत्ति विवाद की शुरू आत 2000 में हुई, जब इस्कॉन मुंबई ने बेंगलुरु के हरे कृष्ण हिल मंदिर पर नियंत्रण का कानूनी दावा किया। इस्कॉन बेंगलुरु 1978 में कर्नाटक सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत एक स्वतंत्र संस्था के रूप में पंजीकृत थी, जबकि इस्कॉन मुंबई 1860 के सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट और 1950 के बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत थी। इस्कॉन मुंबई ने दावा किया कि बेंगलुरु केंद्र केवल उनकी शाखा है और मंदिर की संपत्ति पर उनका अधिकार है। इस्कॉन की गुरु प्रणाली संगठन के इतिहास में एक विवादास्पद मुद्दा रही है। परंपरागत रूप से, गौड़ीय वैष्णव परंपरा में गुरु को परम आध्यात्मिक अधिकार प्राप्त होता है, जो शास्त्रों और पूर्ववर्ती आचार्यों के अनुसार शिक्षण देता है।

भविष्य में अनाधिकृत लोग स्वयं को गुरु बता कर इस्कॉन के भक्तों को गुमराह न कर सकें इसलिए श्रील प्रभुपाद ने इस्कॉन में 'ऋित्वक' प्रणाली लागू की थी ताकि उनकी मृत्यु के बाद भी वे एकमात्र दीक्षा गुरु बने रहें। 1977 के बाद, इस्कॉन की गवर्निंग बॉडी

कमीशन (जीबीसी) ने नई गुरु प्रणाली शुरू की, जिसमें वरिष्ठ भक्तों को ह्यदीक्षा गुरु ' नियुक्त किया गया। यह प्रणाली ईसाइयों के वेटिकन मॉडल की तरह सहमति और मतदान पर आधारित थी, जिसे उन्होंने 'लोकतांत्रिक' कहा, जबकि भारत की सनातन परंपरा में गुरु का पद भगवान समान माना जाता है और ऐसा पद प्राप्त करने के लिए साधना और उस संप्रदाय की परंपरा के आचार्य का आदेश सर्वोपरि होता है। अपना प्रचार करके चुनाव में ज्यादा वोट पाकर गुरु बनना सनातन धर्म के मूल सिद्धांत का मजाक है। इस्कॉन के लाखों भक्तों को इस तथ्य का पता नहीं है इसलिए वे जीबीसी में होने वाले आंतरिक चुनाव जीतने वालों को ही अपना गुरु माने बैठे हैं। कोर्ट का फैसला इस्कॉन बेंगलुरु के लिए कानूनी जीत नहीं है, बल्कि प्रभुपाद की ऋित्वक प्रणाली और उनकी आध्यात्मिक विरासत को बनाए रखने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

शी 'दो में पहुंचने की उम्मीदों के सा दिल्ली से भिडेगी पंजाब किंण्स

जयपुर (एजेंसी)। शनिवार को पंजाब किंग्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा, जहां पंजाब की नजरें 11 साल में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर टिकी हैं। आखिरी बार पंजाब की टीम 2014 में लीग चरण में शीर्ष पर रही थी, हालांकि फाइनल में हारकर खिताब से चूक गई थी। 2008 से शुरू हुए आईपीएल के इतिहास में पंजाब अब तक केवल दो बार प्लेऑफ तक पहुंच पाई है, और इस बार टीम इस सूखे को खत्म कर खिताब जीतने की पूरी कोशिश में जुटी है।

पंजाब की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है, खासकर तब जब उसके चार प्रमुख विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन तीन दिन पहले टीम से दोबारा जुड़ चुके हैं। भारत-पाकिस्तान सैन्य तनाव के चलते आईपीएल कुछ समय के लिए स्थगित किया गया था, जिसके दौरान ये विदेशी खिलाड़ी अपने देश लौट गए थे। लेकिन टूर्नामेंट दोबारा शुरू होने के बाद पंजाब ने इन्हें फिर से बुला लिया है और अब ये खिलाड़ी दिल्ली के खिलाफ चयन के लिए उपलब्ध होंगे। धर्मशाला में आठ मई को पंजाब और दिल्ली के बीच हुआ पिछला मुकाबला बारिश के कारण पहली पारी के बाद रद्द कर दिया गया था। अब जब टूर्नामेंट निर्णायक दौर में पहुंच चुका है, तो दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला अहम बन गया है, हालांकि दिल्ली पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर के पास यह मौका है कि वह आईपीएल प्लेऑफ में तीन अलग-अलग टीमों की कप्तानी करने वाले पहले खिलाड़ी के रूप में अपनी

विरासत को और मजबूत करें। उन्होंने 2019 और 2020 में दिल्ली को प्लेऑफ में पहुंचाया था और पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब जिताया था। इस सीजन में पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह, श्रेयस अय्यर, प्रियांश आर्य, अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वहीं दिल्ली की टीम को मिचेल स्टार्क की वापसी के बाद झटका लगा है और उसका प्रदर्शन अस्थिर रहा है। अब वह इस सीजन को जीत के साथ अलविदा कहना चाहेगी।

दोनो ही टीमें इस पकार हैं

पंजाब किंग्स = श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

दिल्ली कैपिटल्स = अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

पीति जिंटा बिजनेस पार्टनर मोहित बर्मन और नेस वाडिया के खिलाफ पहुंची अदालत

- पंजाब किंग्स के सह-मालिकों के बीच छिड़ा विवाद

नई दिल्ली (एजेंसी)। अभी तक आईपीएल के इस सीजन में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है और टीम प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। लेकिन मैदान के बाहर फ्रेंचाइज़ी के मालिकों के बीच गंभीर मतभेद सामने उभर आए हैं। टीम की सह-मालकिन और बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपने ही बिजनेस पार्टनर मोहित बर्मन और नेस वाडिया के खिलाफ चंडीगढ़ की अदालत में याचिका दायर की है। जिंटा, बर्मन और वाडिया, तीनों पंजाब किंग्स की मालिक कंपनी केपीएच ड्रीम क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। विवाद की जड़ 21 अप्रैल 2025 को हुई कंपनी की एक एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग है, जिसमें मुनीश खन्ना को नया निदेशक नियुक्त किया गया था। इस मीटिंग की वैधता, प्रक्रिया और इसके निर्णयों को प्रीति जिंटा ने अदालत में चुनौती दी है।

प्रीति जिंटा का आरोप है कि यह मीटिंग कंपनीज एक्ट 2013 और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज करते हुए बुलाई गई थी। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, जिंटा ने 10 अप्रैल को ईमेल भेजकर मीटिंग पर आपत्ति जताई थी, लेकिन उनकी बात को अनदेखा कर दिया गया। हालांकि, उन्होंने अपने साथी निदेशक करन पॉल के साथ मीटिंग में भाग लिया और मुनीश खन्ना की नियुक्ति का कड़ा विरोध किया। इसके बावजूद, मोहित बर्मन ने नेस वाडिया के समर्थन से खन्ना की नियुक्ति को मंजूरी दिलाई।

आईपीएल हमारे पास लेऑफ में जाने के मौके `, गुजरात पर जीत के बाद लका पंत का दर्द

अहमदाबाद (एजेंसी)। लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने आईपीएल 2025 में कई मौकों पर अच्छा प्रदर्शन तो किया लेकिन मौके भुना नहीं सकी जिससे प्लेआफ की दौड़ से बाहर होना पड़ा। लखनऊ को प्रदर्शन में निरंतरता का खामियाजा भुगतना पड़ा और कई करीबी मुकाबलों में उसे पराजय भी मिली।

पंत ने गुजरात टाइटंस पर 33 रन से जीत के बाद कहा, 'हम अच्छा क्रिकेट खेलने की बात करते हैं और हमने कई मौकों पर खेला भी। टूर्नामेंट में ऐसा भी समय आया जब हमारे पास प्लेऑफ में पहुंचने का मौका था लेकिन हम पहुंच नहीं सके। लेकिन यह खेल का हिस्सा है।'

उन्होंने दोहराया कि प्रमुख गेंदबाजों की चोट से उनका आक्रमण कमजोर हुआ। लखनऊ ने सत्र में अपने अभियान का आगाज मोहसिन खान, आवेश खान, आकाश दीप और मयंक यादव के बिना किया। शार्दुल ठाकुर को सत्र के बीच में शामिल किया गया जबकि आवेश और आकाश ने वापसी की। मयंक दो मैच खेलने के बाद बाहर हो गए। पंत ने कहा, 'टूर्नामेंट की शुरूआत में कई फिटनेस समस्याएं थी। हमने तय किया था कि इस पर बात नहीं करेंगे। फील्डिंग में हमे कमी खली। हम बहाने नहीं बना सकते। बस गलतियों से सीखकर आगे बढ़ना है।'

आज हो सकती है टेस्ट टीम के क ान की ा णा, गिल दौड में सबसे आगे

मुंबई (एजेंसी)। विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय टीम एक नए युग की ओर बढ़ रही है। इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए शनिवार को टीम इंडिया के नए कप्तान की घोषणा हो सकती है। इस दौरे के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत भी होगी। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल इस दौड़ में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। 25 वर्षीय गिल ने हाल के वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और उन्हें भविष्य का नेतृत्वकर्ता माना जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उप-कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन उनकी फिटनेस और कार्यभार को देखते हुए इस बार कप्तानी की जिम्मेदारी उनसे दूर रह सकती है। वहीं, ऋषभ पंत भले ही आईपीएल 2025 में अपनी छाप नहीं छोड़ पाए हों, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह अब भी टीम का अहम हिस्सा बने हुए हैं और उन्हें उप-कप्तान बनाया जा सकता है। कोहली

और रोहित के संन्यास से टीम में जो खालीपन आया है, उससे केएल राहुल जैसे अनुभवी बल्लेबाजों की जिम्मेदारी बढ़ गई है।

माना जा रहा है कि राहुल और यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड में 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में पारी की शुरुआत कर सकते हैं। साई सुदर्शन को रिजर्व ओपनर के तौर पर शामिल किए जाने की संभावना है। मध्यक्रम के लिए करुण नायर, सरफराज खान और श्रेयस अय्यर में से किसी एक को चुना जा सकता है। स्पिन विभाग में रविचंद्रन अश्विन की विदाई के बाद रविंद्र जडेजा टीम के प्रमुख स्पिनर होंगे। इंग्लैंड की परिस्थितियों को देखते हुए वॉशिंगटन सुंदर को कुलदीप यादव पर तरजीह मिल सकती है।

विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत पहली पसंद होंगे, जबकि ध्रुव जुरेल को रिजर्व के तौर पर देखा जा रहा है। तेज गेंदबाजी में बुमराह की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि मोहम्मद शमी भी पूरी तरह फिट नहीं माने जा रहे। ऐसे में मोहम्मद सिराज की भूमिका अहम होगी। अन्य तेज गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह को चुना जा सकता है। भारतीय क्रिकेट के इस बदलाव भरे दौर में युवा खिलाड़ियों पर बड़ी जिम्मेदारी आने वाली है।

आईपीएल से करोड़पति बने वैभव

नई दिल्ली। आईपीएल के इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से उतरे 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी को देखकर दिग्गज गेंदबाज भी हैरान हो गये। खेल के साथ ही वैभव ने इस सत्र में काफी पैसे भी कमाये हैं। वैभव सूर्यवंशी को इस सीजन में कुल 7



मैचों में खेलने का मौका मिले। उन्हें नियमों के अनुसार एक मैच खेलने के लिए 7.5 लाख रुपये की फीस भी मिली। इस प्राकर 7 मैचों में ही उन्होंने 52.5 लाख रुपये कमा लिए। इसके अलावा वैभव ने एक प्लेयर ऑफ द मैच, स्ट्राइकर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीत है जिसके लिए उसे एक-एक लाख रुपये मिले हैं। इस प्रकार वैभव ने तकरीबन डेड़ करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई कर ली है। इस प्रकार इस क्रिकेटर ने एक दिन के हिसाब से देखें तो करीब 43650 रुपये कमा लिए। वहीं उनके पूरे आईपीएल से कमाई की बात करें तो उन्हें एक रन के लिए 65,277 रुपये मिले। टीम के कोच विक्रम राठौर के अनुसार वैभव लंबी रेस के घोड़े हैं। 14 साल की उम्र में ही वह दिग्गज गेंदबाजों के सामने बड़े शॉट्स खेलते हैं। 14 साल की उम्र में ही उन्होंने 35 गेंदों में आक्रामक शतक लगाया। वो आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी है। वैभव ने इस सीजन में सात मैच खेले. इस दौरान उन्होंने 36 की औसत से 252 रन बनाए। इस दौरान इस क्रिकेटर का स्ट्राइक रेट 206 का रहा।

प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए मिशेल मार्श ने कहा, आईपीएल में हर मैच में तैयार रहना होता

मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स की गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत में सबसे बड़ा योगदान मिशेल मार्श ने दिया। जिन्होंने 117 रन बनाकर लखनऊ को 235 रनों तक पहुंचाया। अपनी शतकीय पारी के लिए मार्श प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने कहा कि मैंने सबसे पहले डेक्कन चार्जर्स के लिए आईपीएल खेला था, यह एक लंबा सफर रहा है। आज टीम के लिए योगदान देकर अच्छा लगा। ओपनिंग का मौका मिलना और मारक्रम के साथ साझेदारी करना फायदेमंद साबित हुआ है। हमारा सीज़न अब तक बहुत अच्छा नहीं रहा, लेकिन आख़िरी मैच अब भी महत्वपूर्ण हैं। मार्श ने कहा कि आईपीएल एक जबरदस्त प्रतियोगिता है, हर मैच में तैयार रहना होता है। कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है और यही इस दुनिया का सबसे बेहतरीन टूर्नामेंट बनाता है। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि हम हमेशा अच्छा क्रिकेट खेलने की बात करते हैं और हमने कई मौक़ों पर दिखाया है कि हम अच्छा क्रिकेट खेल सकते हैं।

दिग्वेश के बाद अब आकाश महाराज ने नोटबुक सेलिब्रेशन कर लिए बीसीसीआई के मजे



नई दिल्ली। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जाएंट्स ने गुजरात टाइटंस पर 33 रनों से जीत दर्ज की। 19 अप्रैल के बाद टीम को यह पहली जीत हासिल की है। लखनऊ के लिए यह सीजन कुछ खास नहीं रहा, कप्तान सहित कई सीनियर खिलाड़ियों का प्रदर्शन फीका रहा। कुछ खिलाड़ियों ने अच्छा परफॉर्म किया, मगर अपने आक्रामक रवैये की वजह से दिग्वेश राठी जैसे खिलाड़ी को बैन किया गया। दिग्वेश ने सीजन की शुरुआत से ही अपने नोटबुक सेलिब्रेशन के द्वारा सुर्खियां बटोरी थी, हालांकि बीसीसीआई ने बल्लेबाज को उकसाने के लिए उनपर जुर्माना लगाया था, मगर वे नहीं माने थे। अब जब बीसीसीआई ने अभिषेक शर्मा से हुई भिड़ंत के बाद उनपर एक मैच का बैन लगाया, एलएसजी के दूसरे खिलाड़ी ने नोटबुक सेलिब्रेशन कर बीसीसीआई से मजे लिए। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि लखनऊ सुपर जाएंट्स के 23 वर्षीय आकाश महाराज सिंह हैं। आकाश ने नोटबुक सेलिब्रेशन जोस बटलर के विकेट के बाद किया। पारी के 10वें ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने बटलर को क्लीन बोल्ड किया था। यह एलएसजी के लिए काफी बड़ा विकेट था। बटलर 18 गेंदों पर 3 चौके और 2 गगनचुंबी छक्कों के साथ 33 रन बनाकर आउट हुए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम ने मिचेल मार्श के शतक के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 235 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर का पीछा करने उतरी मेजबान टीम 9 विकेट के नुकसान पर 202 ही रन बना सकी। लखनऊ ने यह मैच 33 रनों से जीता।

एंजेलो मै यज ने कर दी सं यास की ा णा, अगले महीने किकेट के इस पा प को अलविदा कहेंगे

कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंका के अनुभवी हरफनमौला एंजेलो मैथ्यूज ने संन्यास की घोषणा कर दी है। वह बांग्लादेश के खिलाफ अगले महीने पहले टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 37 वर्ष के मैथ्यूज हालांकि सफेद गेंद का क्रिकेट खेलते रहेंगे। उनका आखिरी टेस्ट 17 से 21 जून के बीच गॉल में खेला जाएगा।

मैथ्यूज ने 'एक्स' पर लिखा, 'कृतज्ञ हृदय और अविस्मरणीय यादों के साथ। अब समय आ गया है कि मैं खेल के सबसे अद्भुत प्रारूप से विदा लूं, अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट। बांग्लादेश के खिलाफ जून में पहला टेस्ट देश के लिए मेरा आखिरी टेस्ट

होगा।' उन्होंने कहा, 'मैं टेस्ट प्रारूप से विदा ले रहा हूं लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में खेलने के लिये उपलब्ध रहूंगा। अब समय आ गया है कि युवा पीढ़ी टेस्ट क्रिकेट में बागडोर संभाले।' मैथ्यूज ने 2009 में पदार्पण के बाद से 118 टेस्ट में 8167 रन बनाए हैं और श्रीलंका के इतिहास में कुमार संगकारा (12400) और माहेला जयवर्धने (11814) के बाद सबसे ज्यादा रन उन्हीं के नाम है। श्रीलंका क्रिकेट ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट के असल सेवक। 17 वर्ष तक नेतृत्व कुशलता, प्रतिबद्धता और लाल गेंद के क्रिकेट में अविस्मरणीय यादों के लिये शुक्रिया। आपके समर्पण और जुनून ने एक पूरी पीढी को प्रेरित किया। भविष्य के लिए शुभकामनायें। सफेद गेंद के क्रिकेट में आपका योगदान जारी रहने का इंतजार।'

आरसीबी या पंजाब किंण्स में से कोई एक टीम इस बार आईपीएल जीतेगी पर्व मु् य चयनकर्ता

मुंबई (एजेंसी)। भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य चयनकर्ता दिलीप वेंगसरकर ने 2025 के मौजूदा सीजन में अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु या पंजाब किंग्स का समर्थन किया है। और दोनों ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है और अपने लीग चरण में दो-दो गेम शेष रहते हुए अंक तालिका में शीर्ष दो स्थानों के लिए दावेदारी में हैं।

वर्तमान में दूसरे स्थान पर है और उसका अगला मुकाबला क्रमशः शुक्रवार और 27 मई को लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। दूसरी ओर, श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली ने 11 साल में पहली बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है। वे तीसरे स्थान पर हैं और उन्हें शनिवार और 26 मई को जयपुर में क्रमशः दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो मैच खेलने हैं।

वेंगसरकर ने कहा, ' और पंजाब कई सालों से खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि इनमें से कोई एक टीम इस बार आईपीएल जीतेगी - यह टीम, फ्रेंचाइजी और मालिकों के लिए बहुत अच्छा होगा।' आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने अब तक के अपने सफल आईपीएल 2025 अभियान का श्रेय टीम के गेंदबाजी आक्रमण को दिया और फ्रेंचाइजी को उनके लंबे समय से प्रतीक्षित पहले आईपीएल खिताब तक पहुंचाने के लिए उनका समर्थन किया।

उन्होंने कहा, 'टी20 खेलों में अच्छे, अनुभवी गेंदबाजों का होना, जो विशिष्ट परिस्थितियों में गेंदबाजी करना जानते हों, बहुत मदद करता है। आपका गेंदबाजी समूह आपको मैच जिता सकता है और यहां तक कि



खिताब भी। मुझे लगता है कि इस साल, हमने अच्छी तैयारी की और विशिष्ट क्षेत्रों में हमें जो चाहिए था, उसके आधार पर खिलाड़ियों को चुना। यह अच्छी तरह से काम कर रहा है, और मेरा मानना है कि यह अब तक की हमारी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी इकाई रही है।'

हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का चेन्नई में होगा आयोजन

- स ू को ला । । हलास क ।

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को ऐतिहासिक पहल करते हुए पहली बार आयोजित किए जा रहे हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 के आयोजन की तारीखों और स्थल की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 18 से 27 जून तक चेन्नई में खेला जाएगा और इसका आयोजन तमिलनाडु की हॉकी इकाई द्वारा किया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खेले जाने वाले इस आयोजन का उद्देश्य अनुभवी खिलाड़ियों को दोबारा मैदान पर लौटने का अवसर प्रदान करना है। इस टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, पुरुष खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 40 वर्ष और महिला खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागियों को अपनी-अपनी राज्य हॉकी संघों के माध्यम से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता का आयोजन लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में किया जाएगा और पूल का गठन भाग लेने वाली टीमों की संख्या के अनुसार किया जाएगा। हॉकी इंडिया का यह मास्टर्स कप खेल के प्रति जीवनभर समर्पित खिलाड़ियों को न सिर्फ प्रतिस्पर्धा का मौका देगा, बल्कि उनके अनुभव और जुनून को भी सम्मानित करेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान असुंता लाकड़ा ने इस अवसर को बेहद खास बताते हुए कहा, 卐हॉकी इंडिया मास्टर्स कप का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद भावनात्मक और गौरवपूर्ण क्षण है। हॉकी ने मेरे जीवन को आकार दिया है, और मैदान पर वापस लौटने का मौका मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह टूर्नामेंट केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि हमारे खेल से जुड़े वर्षों के समर्पण और विरासत का उत्सव है।卐 उन्होंने आगे कहा कि इस आयोजन से न केवल पूर्व खिलाड़ी दोबारा खेल का आनंद ले सकेंगे, बल्कि यह आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बनेगा। हॉकी इंडिया द्वारा पूर्व खिलाड़ियों के लिए इस तरह का मंच तैयार करना भारतीय हॉकी के लिए एक सकारात्मक पहल है।

मोहम्मद शमी के इंग्लैंड दौरे पर जाने की संभावना कम, मेडिकल रिपोर्ट अ ी नहीं

नई दिल्ली (महाराष्ट्र) (एजेंसी)। भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली 5 टेस्ट मैचों की महत्वपूर्ण सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाने की संभावना कम बताई जा रही है। शमी, जो वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए गेंदबाजी करने के लिए फिट हैं, ने टेस्ट क्रिकेट की उच्च मांगों के लिए आवश्यक वर्कलोड अभी तक तैयार नहीं किया है। उनकी लाल गेंद के साथ आखिरी टेस्ट 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेला था।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मेडिकल स्टाफ का एक सदस्य इस सप्ताह शमी की फिटनेस का आकलन करने के लिए लखनऊ पहुंचा, जहां शुक्रवार को हैदराबाद का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबला है। यह पुष्टि नहीं हुई है कि चयनकर्ताओं ने शमी को सीरीज के लिए बाहर करने का अंतिम फैसला लिया है या नहीं। हालांकि, संभावना है कि वे जोखिम न लें और मेडिकल स्टाफ से सकारात्मक रिपोर्ट न मिलने पर शमी को टीम से बाहर रखें। 34 वर्षीय शमी एक साल से अधिक समय तक मैदान से दूर रहे, क्योंकि उन्हें टखने की चोट का सामना करना पड़ा। फरवरी 2024 में टखने की सर्जरी से सफलतापूर्वक उबरने के बाद, उन्हें अपने दाहिने घुटने में दर्द की शिकायत शुरू हुई, जिसका वे इलाज करा रहे हैं।

पिछले साल शमी ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की और बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए मध्य प्रदेश के खिलाफ सात विकेट लिए। अफवाहें थीं कि वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वापसी करेंगे, लेकिन सीरीज बीत गई और उनकी वापसी नहीं हुई। साल 2025 में शमी को सभी प्रारूपों में भारत के लिए नई गेंद से गेंदबाजी का जिम्मा सौंपा गया था। उन्होंने इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा बनकर संयुक्त रूप से दूसरा सबसे ज्यादा विकेट लिया।

शमी ने भारत के लिए 64 टेस्ट में 229 विकेट लिए हैं, जिनका औसत 27.1 है और उनके नाम छह पांच विकेट हॉल हैं। ढ्ढक्क 2025 में हैदराबाद के लिए शमी ने 13 ग्रुप-स्टेज मैचों में 56.16 की औसत और 11.23 की इकोनॉमी रेट के साथ छह विकेट लिए हैं। यदि चयनकर्ता शमी को चुनने के खिलाफ जाते हैं, तो उनके पास अन्य विकल्प मौजूद हैं। प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, यश दयाल, अंशुल कंबोज, खलील अहमद और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ी इस बहुप्रतीक्षित सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जा सकते हैं।

साई सुदर्शन के सिर से ऑरेंज कैप छीनने को बेताब मिचेल मार्श और जोस बटलर ने किया बड़ा उलटफेर, कोहली को पछाड़ा

नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच आईपीएल का 64वां मैच हुआ। एलएसजी ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 235/2 का स्कोर बनाने के बाद जीटी को 33 रनों से धूल चटाई। मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप सूची में बड़ा उल्टफेर हो गया। मिचेल मार्श और जोस बटलर ने विराट कोहली को पछाड़ दिया है। मार्श (64 गेंदों में 117, चार चौके पांच सिक्स) शतक ठोककर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वे टॉप-10 से बाहर थे। मार्श के खाते में 12 मैचों में 560 रन हो गए हैं। बटलर इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे पायदान पर हैं। उन्होंने 13 मैचों में 533 रन जोड़े हैं। बटलर ने एलएसजी के खिलाफ 18 गेंदों में 33 रन हासिल किए। एलएसजी के निकोलस पूरन तीन स्थान ऊपर चढ़कर सातवें पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 13 मैचों में 511 रन जुटाए हैं। पूरन ने अहमदाबाद में 27 गेंदों में नाबाद 56 रनों की पारी खेली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज कोहली तीन स्थान लुढ़ककर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 11 मैचों में 505 रन बनाए हैं।

संक्षिप्त समाचार

ल ा ेल ल- स ा
स हो ड क ा

नईदिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें जेपी फ्लैट घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के सिलसिले में आज दिल्ली-एनसीआर और मुंबई समेत 15 स्थानों पर छापेमारी कर रही हैं। इनमें जेपी एसोसिएट्स और इसकी संबद्ध संस्थाएं गौरसंस, गुलशन, महागुन और सुरक्षा रियलिटी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, ईडी द्वारा यह छापेमारी जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड और अन्य से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले (पीएमएलए) में घर खरीदारों और निवेशकों के साथ लगभग 12000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी के मामले में की जा रही है।

ईडी को शक है कि बड़ी मात्रा में फंड्स को डायवर्ट कर मनी लॉन्ड्रिंग की गई है। यह कार्रवाई उन हजारों होमबायर्स के लिए उम्मीद की किरण बनकर आई है, जो सालों से अपने घर का इंतजार कर रहे हैं।

ाहुल ा ा को ा ु
ाक ा ेला ा स ा
ा ेस ल

नईदिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ का दौरा करेंगे जहां वह पाकिस्तान की गोलाबारी एवं ड्रोन हमलों से प्रभावित परिवारों और पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कल यानी 24 मई को पुंछ का दौरा करेंगे, जहां वे हाल ही में पाकिस्तान की गोलाबारी में मारे गए लोगों के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, इससे पहले, 25 अप्रैल को वे श्रीनगर गए थे, जहां उन्होंने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले में घायल लोगों और अन्य संबंधित पक्षों से मुलाकात की थी। उन्होंने उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से भी भेंट की थी। भारत-पाकिस्तान के बीच आठ से 10 मई तक सैन्य संघर्ष के दौरान पुंछ समेत जम्मू क्षेत्र में भारी गोलाबारी और ड्रोन हमले हुए, जिनमें 27 लोग मारे गए और 70 लोग घायल हो गए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद 25 अप्रैल को कश्मीर का दौरा किया था।

सडक ह

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को बताया कि राजघाट से आईएसबीटी कश्मीरी गेट तक हनुमान सेतु के दाहिने कैरिजवे पर अगले 20 दिन (2× मई से 11 जून) मरम्मत और पुनर्वास का काम किया जाएगा, जिसके चलते इस सड़क पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इस बारे में ट्रैफिक एडवायजरी (यातायात सलाह) जारी करते हुए पुलिस ने कहा कि इस काम को लोक निर्माण विभाग द्वारा पूरा किया जाएगा और इससे आसपास के इलाकों के यातायात पर असर पड़ने की आशंका है। एडवायजरी के अनुसार जरूरत के आधार पर डायवर्जन पॉइंट में शांति वन चौक, गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास आउटर रिंग रोड पर शांति वन की ओर जाने वाला कट और लाल किले के पीछे मंगी ब्रिज शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि प्रभावित होने वाले हिस्सों में रिंग रोड (शांति वन से आईएसबीटी कश्मीरी गेट तक), आउटर रिंग रोड (गीता कॉलोनी फ्लाईओवर से आईएसबीटी तक), राजा राम कोहली मार्ग, निषाद राज मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, लोथियन रोड, केला घाट रोड और युधिष्ठिर सेतु (जीटी रोड) शामिल हैं। ट्रैफिक पुलिस ने अपनी एडवायजरी में नोएडा, अक्षरधाम और सराय काले खां से आईएसबीटी कश्मीरी गेट, चंदगीराम अखाड़ा या नरेला की ओर जाने वाले यात्रियों को सलाह दी है कि वे गीता कॉलोनी रोड-पुश्ता रोड-शास्त्री पार्क-जीटी रोड-आईएसबीटी कश्मीरी गेट या गीता कॉलोनी रोड-पुश्ता रोड-शास्त्री पार्क-वजीराबाद रोड-सिग्नेचर ब्रिज के माध्यम से अपनी आगे की यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाएं।इसी तरह शास्त्री पार्क, सीलमपुर और शाहदरा से आने वालों को सलाह दी गई है कि वे पुश्ता रोड-शास्त्री पार्क-जीटी रोड-आईएसबीटी कश्मीरी गेट मार्ग का उपयोग करें।

दिल्ली चुनाव में कांग्रेस ने खूब उड़ाया पैसा

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में कांग्रेस ने इस बार खूब पैसा बहाया था। चुनाव आयोग के पास दाखिल खर्च की डिटेल के अनुसार, कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) से तीन गुना से भी ज्यादा रकम खर्च की, लेकिन एक भी सीट जीतने में विफल रही। खर्च की डिटेल बुधवार को श्श्ष्ट्ठ की वेबसाइट पर अपलोड की गई थी।

'आप' और कांग्रेस दोनों ने ही सभी 70 सीटों पर अपने-अपने प्रत्याशी उतारे थे, जिनमें से 'आप' 22 सीटें जीतने में कामयाब रही। वहीं, वोट शेयर में वृद्धि के बावजूद कांग्रेस तीसरी बार भी एक भी सीट नहीं जीत पाई।

इस बार चुनाव में कांग्रेस ने जहां 46.18 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि 'आप' का कुल खर्च 14.51 करोड़ ही रहा। इन आंकड़ों में पार्टी के मीडिया विज्ञापन और कैंपेन सामग्री और प्रत्याशियों द्वारा किया गया खर्च, दोनों शामिल हैं।

कांग्रेस ने कहां कितना किया खर्च:

आप से 3 गुना से ज्यादा किया खर्च

कांग्रेस पार्टी ने मीडिया विज्ञापनों पर करीब 18 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें बल्क एसएमएस कैंपेन भी शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि पार्टी ने नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाले एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (छ्रछ्र) को भी प्रिंट विज्ञापनों के लिए 2.68 करोड़ रुपये का भुगतान किया। कांग्रेस ने कैंपने के दौरान वॉयस ब्रॉडकास्ट और बल्क एसएमएस पर भी 60.49 लाख रुपये खर्च किए। इसके अलावा, कांग्रेस ने पोस्टर, बैज, होर्डिंग, झंडे और अन्य प्रचार सामग्री पर करीब 18 करोड़ रुपये खर्च किए थे। प्रत्याशियों से जुड़े खर्च के मामले में कांग्रेस पार्टी ने 6.05 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें अखबारों में अपने उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी प्रकाशित करने के लिए 10.75 लाख रुपये का खर्च शामिल है।

क ाल ससो ास क स ा

दूसरी ओर, 'आप' ने अपने 23 प्रत्याशियों को 2.23 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जिनमें से 15 हार गए। इसमें पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया शामिल हैं। जैन ने 23 लाख रुपये और सिसोदिया ने 20 लाख रुपये खर्च किए। केजरीवाल पर 10 लाख रुपये खर्च किए गए, जबकि गोपाल राय पर 24.75 लाख रुपये खर्च किए गए। 'आप' ने अपने प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास को अखबारों में प्रकाशित करने पर भी 16 लाख रुपये खर्च किए। 'आप' का कुल 'प्रोपेगेंडा खर्च' – जिसमें मीडिया और प्रचार शामिल है 12.1 करोड़ रुपये रहा। गौरतलब है कि, दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी 2025 को हुए थे और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए गए थे। भाजपा ने 48 सीटें जीतकर 27 साल के बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की है। वहीं, 'आप' महज 22 सीटें ही जीत सकी, जबकि पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल सहित 'आप' के कई प्रमुख नेता अपनी सीटें हार गए।

ा ा -डा ो ाक
ह ला ा ा लका ाक
ु ाकल ु क
ा ल क स

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत पर एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में तेलंगाना, कर्नाटक, दिल्ली और गुजरात राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

उद्योग मंत्रालय ने विस्तृत विचार-विमर्श के बाद पीएम ई-ड्राइव योजना के वर्तमान चरण के अंतर्गत बेंगलुरु को लगभग 4,500, हैदराबाद को 2,000, दिल्ली को 2,800, अहमदाबाद को 1,000 और सूरत को 600 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है। यह जानकारी भारी उद्योग मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है। इस दौरान एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के कारण अब देश में टिकाऊ शहरी गतिशीलता की दिशा में साहसिक कदम उठए जा रहे हैं।

आप नेता की पत्नी ने वित्त मंत्री सीतारमण पर दर्ज कराया आपराधिक मानहानि मामला, जवाब तलब

नईदिल्ली, एजेंसी। आप नेता सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा ने दिल्ली की एक अदालत में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले को लेकर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सीतारमण को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

लिपिका मित्रा की शिकायत पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने कहा कि प्रस्तावित आरोपी को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने 19 मई को सीतारमण को नोटिस जारी कर 12 जून तक जवाब मांगा है। मजिस्ट्रेट ने कहा कि शिकायतकर्ता के खिलाफ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणी करने और प्रकाशित करने का नया मामला असाइनमेंट के माध्यम से प्राप्त हुआ है। इसकी जांच की जानी चाहिए और इसे रजिस्टर्ड किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान के स्तर पर है और धारा 223 बीएनएसएस के पहले प्रावधान के अनुपालन में प्रस्तावित आरोपी को सुनवाई का अवसर दिया जाना है। कहा कि प्रस्तावित आरोपी को 12 जून तक जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया जाना चाहिए।

शिकायत में दावा किया गया है कि सीतारमण ने 17 मई, 2024 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपमानजनक, झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान दिए। इसका एकमात्र उद्देश्य सोमनाथ भारती की प्रतिष्ठा को धूमिल करना और आम चुनावों में उनकी जीत की संभावनाओं को कमजोर करना था।

शिकायत के अनुसार, 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार को राजनीतिक लाभ पहुंचाने और शिकायतकर्ता के पति को राजनीतिक नुकसान पहुंचाने के इरादे से आरोपी ने शिकायतकर्ता और उसके पति के वैवाहिक कलह के बारे में बात की। लेकिन, उनके दोबारा से मिलने और खुशी से साथ रहने की जानकारी छिपा दिया।

एनसीआर में फिर कोविड-19 की दस्तक, 3 मरीजों में मिला कोरोना वायरस



नईदिल्ली, एजेंसी। एनसीआर में कोरोना वायरस ने एक बार फिर से दस्तक दे दी है। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में करीब ढाई साल बाद बुखार से पीड़ित दो मरीजों की जांच करने पर उनमें कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है। दोनों मरीजों का होम आइसोलेशन में इलाज चल रहा है। वहीं, फरीदाबाद में भी एक मरीज कोरोनावायरस से संक्रमित मिला है। गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना से संक्रमित होने वालों में सेक्टर-52 निवासी 31 वर्षीय महिला और सेक्टर-70 निवासी 62 वर्षीय बुजुर्ग शामिल हैं। राहत की बात यह है कि बुजुर्ग के साथ परिवार में रहने वाले सदस्यों की जांच में उनमें से किसी में भी कोविड का संक्रमण नहीं मिला है। सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं। बुजुर्ग की कोई ट्रेवल हिस्ट्री भी नहीं है। वहीं 31 वर्षीय महिला अपने दोस्त के साथ रहती है और वह मुंबई से घूमकर आई है। दोनों का इलाज स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में होम आइसोलेशन में चल रहा है। दोनों मरीजों के सैंपल को जांच के लिए लैब में भी भेजा जाएगा, जिसमें संक्रमण के वेरिएंट के बारे में पता लगाया जाएगा।

जांच करवाने पर हुई पुष्टि – स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 31 वर्षीय महिला हाल ही में मुंबई से यात्रा करके लौटी थी। उन्हें बुखार और कोविड जैसे लक्षण दिखाई देने पर जांच करवाई गई, जिसमें उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

डरिए नहीं, सावधान रहिए: स्वास्थ्य विभाग ने दोनों मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा है। उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। दोनों की हालत स्थिर है और उन्हें आवश्यक डॉक्टरी सहायता दी जा रही है। इसके अलावा, मरीजों के संपर्क में आए लोगों की पहचान कर जांच शुरू कर दी गई है, ताकि वायरस के प्रसार को रोका जा सके।

होम आइसोलेशन में चल रहा इलाज

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. जे.पी. राजलीवाल ने कहा कि डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन सावधानी बरतें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कोविड-19 के लक्षणों, जैसे बुखार, खांसी, या सांस लेने में तकलीफ हो तो जांच करवाएं। मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने और नियमित रूप से हाथ धोने जैसे एहतियाती उपायों का पालन करने की भी सलाह दी गई है। स्थानीय लोगों को सतर्कता बरतने और स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील भी की गई। जरूरत पड़ने पर नागरिक अस्पतालों में संक्रमित मरीजों के लिए अलग से वार्ड बनाया जाएगा, ताकि समय पर इलाज हो सके।

फरीदाबाद में भी एक मरीज में हुई है पुष्टि

फरीदाबाद में भी एक मरीज में कोरोना की पुष्टि हुई है। 28 वर्ष युवक वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम से परेशान था। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग सैंपल जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिया है। बुखार से पीड़ित युवक डॉक्टरी सलाह के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में गया था। डॉक्टरों ने कोरोना की जांच कराई थी। उसकी रिपोर्ट मंगलवार देर शाम आई थी। पीड़ित युवक एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। पिछले कुछ दिनों से उसे वायरल बुखार, सर्दी, खांसी जुकाम की शिकायत थी। जेएन-1 को कोरोना का नया वेरिएंट बताया जा रहा है। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामभगत ने बताया कि जीनोम सीक्वेंसिंग के सैंपल भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मरीज की हालत में लगातार सुधार आ रहा है और जिलेवासियों को भी बिल्कुल घबराने की आवश्यकता नहीं है। अभी सब कुछ स्वास्थ्य विभाग के नियंत्रण में हैं। उन्होंने बताया कि बीके अस्पताल में दोबारा से कोरोना जांच भी शुरू होगी।

भारतीय सांसदों के पहुंचने से पहले मॉस्को एयरपोर्ट पर ड्रोन अटैक

डीएमके सांसद कनिमोझी का विमान हवा में लगाता रहा चक्कर

मॉस्को , एजेंसी। भारतीय डेलिगेशन कई देशों की यात्रा पर गया है और इस दौरान एक डेलिगेशन का नेतृत्व कर रही डीएमके सांसद कनिमोझी रूस के दौरे पर हैं। इस बीच मॉस्को एअरपोर्ट पर ड्रोन हमले की जानकारी सामने आई है।

हवा में फंसा विमान: बताया जा रहा है कि मॉस्को के एअरपोर्ट पर ड्रोन अटैक किया गया है, जिसके बाद डीएमके सांसद कनिमोझी का विमान हवा में ही फंसा रहा।

थांथी टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, मॉस्को हवाई अड्डे के निकट ड्रोन हमले के कारण विमान उतर नहीं सका। घटना के बाद घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान परिचालन कुछ घंटों के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया।

हालांकि, कई घंटों के बाद, जिस विमान में भारतीय डेलिगेशन यात्रा कर रहा था, उसे सुरक्षित रूप से उतारा गया।

रूस के दौरे पर है भारतीय डेलिगेशन: बता दें, सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में एक डेलिगेशन पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को लेकर अंतरराष्ट्रीय जागरूकता बढ़ाने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में रूस का दौरा कर रहा है।

शेल्टर होम्स से महिला ने गोद लिया कुत्ता, फिर उसको मारा पकाया और खा गई

सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

बीजिंग , एजेंसी। चीन से एक दिल को झकझोर कर देने वाला मामला सामने आया है। चीन में एक महिला ने शेल्टर से आवारा कुत्तों को गोद लिया, अब इसको लेकर उसके खिलाफ जांच चल रही है। दरअसल उसने कुत्तों को लेने के बाद उन्हें मारकर, पकाकर उनके खा लिया। साथ ही महिला ने स्वंय वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया।

महिला की पहचान झिक्सुआन के रूप में हुई है, महिला ने खुद को एक पशु प्रेमी बताया और मैसेजिंग एप के जरिए लियाओनिंग प्रांत के कई आश्रयों तक पहुंच बनाई। उसने कुत्ते खरीदते समय दावा था किया कि वह आवारा कुत्तों को एक सुरक्षित घर देना चाहती थी। लेकिन उसने ऐसा नहीं किया वो सीधा कुत्तों को रसोई में ले गई।

कु ाका ास ाक ा ा ड ो

चीनी सोशल मीडिया पर वायरल स्क्रीनशॉट में झिक्सुआन को कुत्ते का मांस तैयार करते हुए खुद के वीडियो पोस्ट करते हुए दिखाया गया है। एक कैप्शन में उन्होंने लिखा, कुत्ते का मांस लगभग तैयार है। बारिश के दिनों में ड्रिंक के साथ खाने के लिए एकदम सही। दूसरे कैप्शन में उन्होंने लिखा, बच्चा मांस खाते हुए दिखाई दे रहा है, ये बच्चे के लिए सबसे अच्छा।

हालांकि चीन के ज्यादातर हिस्सों में कुत्ते का मांस खाना गैरकानूनी नहीं है और दक्षिण में यूलिन जैसी जगहों पर अभी भी इसे मनाया जाता है। लेकिन पालतू जानवरों के बढ़ते चलन और लोगों के बदलते नजरिए के बीच यह प्रथा लगातार विवादास्पद होती जा रही है।

लो ो स ा

रिपोर्ट में कहा गया है कि एक यूजर ने लिखा, झिक्सुआन जैसे लोग घृणित हैं। उन बेचारे आवारा कुत्तों को लगा कि उन्हें एक प्यारा घर मिल गया है, लेकिन उन्हें सीधे नरक में ले जाया गया। एक अन्य ने मजबूत पशु संरक्षण कानूनों की मांग करते हुए पूछा, चीन कब ऐसे लोगों को दंडित करने के लिए कानून बनाएगा जो जीवन के प्रति इतनी घोर उपेक्षा दिखाते हैं? अधिकारियों ने पुष्टि की है कि जिक्सुआन ने कुत्ते का मांस पकाया और खाया था।

चावल को लेकर जापान में हंगामा है बरपा... राइस की किल्लत

टोक्यो , एजेंसी। जापान में एक बार फिर चावल की आपूर्ति कम हो गयी है। देश में चावल के दाम आसमान छू रहे हैं और ये मामला अब सियासत की दहलीज तक पहुंच चुका है। चावल की बढ़ती महंगाई और कम होती आपूर्ति के मामले ने इतना तूल पकड़ लिया की जापान की कृषि मंत्री ताकू एटो को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा।

इस खबर में समझेंगे कि चावल की आपूर्ति को लेकर हालात इतने बदतर कैसे हुए लेकिन पहले समझते हैं कि जापान में चावल क्यों इतना अहम है? चावल को जापानी संस्कृति, परंपरा और राजनीति का खाद-पानी माना जाता है। लोग इस अनाज को अपनी अस्मिता से जोड़ते हैं। जापान में जिस चावल का इस्तेमाल बहुतायत होता है वह चिपचिपे तरीके का होता है और उसे जापोनिका कहते हैं। देश में चावल का

उत्पादन जापान में खाद्य आपूर्ति के लिए काफी अहम है। चावल जापानी आहार का एक प्रमुख हिस्सा है। जापान में ज्यादातर लोग चावल को अपने दैनिक आहार में इस्तेमाल करते हैं। जापान दुनिया में चावल का नौवां सबसे बड़ा उत्पादक है। जापान में पहली बार चावल की खेती सहस्राब्दी ईसा पूर्व के दौरान कोरियाई किसान प्रवासियों द्वारा लाई गई थी। गीले खेत की चावल की खेती जापान में अंतिम जोमोन और प्रारंभिक यायोई काल के बीच शुरू की गई थी। ऐसा माना जाता है कि इसने द्वीपसमूह की कृषि क्रांति को इसके पहले गहन फसल उत्पादन के साथ शुरू किया। चावल जापानी इतिहास, समाज और राजनीतिक अर्थव्यवस्था में एक भावनात्मक स्थान रखता है। देश के ज्यादातर व्यंजन को चावल की मदद से ही बनाया जाता है।

ा ा सु ाक
ा लक ा क

समाचार एजेंसी एसोसिएट प्रेस के मुताबिक, जापान की सुपरमार्केट से चावल गायब हो रहा है। पिछले साल के मुकाबले इसकी कीमतों में भारी उछाल आया है और अब दोगुनी हो गयी है। जापान के कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, जापान कृषि सहकारी समितियों और अन्य वाणिज्यिक थोक विक्रेताओं के पास चावल का स्टॉक पिछले साल के स्तर से 400,000 टन कम है, जो जून तक रिकॉर्ड निम्नतम 1.53 मिलियन टन पर पहुंच गया है।

ेहो ह ा लक क ल

जापान में चावल की कीमत पिछले साल से चल रही है, जब भूकंप की आशंका से लोगों ने चावल की खरीददारी की और महीनों का स्टॉक जमा कर लिया। इसके अलावा पिछले साल नूडल्स की कीमत बढ़ने पर भी लोगों ने चावल को खरीददारी बढ़ा दी थी और चावल पर और ज्यादा आश्रित हो गए थे। इसके अलावा यूक्रेन-रूस जंग की वजह से गेहूं की कीमतों में उछाल आने पर भी सारा असर चावल पर पड़ा।

क ा ा ो ा

जापान के कृषि मंत्री ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उनका एक बयान लोगों का रास नहीं आया। उन्होंने कहा था कि उन्हें कभी चावल खरीदने की दरकार नहीं हुई क्योंकि उनके समर्थक उन्हें गिफ्ट के तौर पर चावल दे देते हैं। इस बयान के बाद जापान में सियासी बवंडर खड़ा हो गया और अब एटो की जगह शिंजरो कोइजुमी ने लिया है।

हैल्दी लाइफ के लिए...

हैल्दी लाइफ चाहिए, तो रोजाना एक सेब खाइए, यह बात आप भी अच्छी तरह जानते हैं, पर अमल नहीं करते, लेकिन ऐसी ही कुछ छोटी-छोटी बातों का अपनाकर जिंदगी से बड़ी-बड़ी बीमारियों को दूर रखा जा सकता है। जैसे छोटी-छोटी खुशियां जिंदगी को खुशनुमा बना देती हैं, वैसे ही हमारी थोड़ी-सी केयर हमें हैल्दी बना सकती है।

- अच्छी सेहत के लिए अच्छी डाइट का होना बहुत जरूरी है। दिन की शुरुआत अगर बैलेंस्ड डाइट से की जाए, तो दिन यकीनन बढ़िया बीतेगा। दिन में तीन मुख्य भोजन के अलावा दो बार स्नैक्स जरूर लें।
- डाइट ऐसी हो, जिसमें फाइबर अधिक और फैट कम हो। इससे आप खुद को फिट महसूस करेंगे। फल और सब्जियों को डाइट में जरूर शामिल करें।
- वजन कम हो या ज्यादा, दोनों ही सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए वजन को मेनटेन रखना जरूरी है। यदि आपका वजन सही रहेगा, तो बीमारियां भी आपसे दूर रहेंगी और इसके लिए सबसे बढ़िया तरीका है एक्सरसाइज। रोजाना कम से कम 30 मिनट वर्क आउट करें। अगर जिम न जाना चाहते हों, तो डांसिंग, गार्डनिंग, स्वीमिंग, वॉक, जॉगिंग जैसी एक्टिविटिज को अपनाएं, दिल भी लगा रहेगा और सेहत भी बरकरार रहेगी।
- फिटनैस रूटीन बनाएं और उसका पालन भी करें। अनियमित दिनचर्या से न केवल ज़िंदगी अव्यवस्थित होती है, बल्कि बीमारियों को भी न्यौता मिलता है। आमतौर पर महिलाएं अपनी सेहत के प्रति लापरवाह होती हैं, यही कारण है कि वे गंभीर बीमारियों की शिकार ज्यादा होती हैं।
- आपकी उम्र कुछ भी हो, रैग्युलर हैल्थ चैकअप बहुत जरूरी है। आपको कौन-कौन से चैकअप की जरूरत है, यह आपकी उम्र, हैल्थ, फैमिली हिस्ट्री, लाइफ स्टाइल आदि पर निर्भर करता है। डॉक्टर की सलाह के अनुसार रैगुलर चैकअप करवाने से रोग का जल्दी पता चल जाता है और समय रहते उसका इलाज भी आसानी से हो जाता है।
- स्मोकिंग कई सेहत संबंधी समस्याओं के लिए जिम्मेदार है। अगर आपको वाकई अपनी सेहत की फिक्र है, तो स्मोकिंग से तौबा कीजिए।

एंटी ऑक्सीडेंट तुलसी

तुलसी की पत्तियां अनेक रोगों में औषधि का काम करती हैं। यह दूषित कफ तथा वात को ठीक करती है और पित्त बढ़ाती है। तुलसी रैस्पिरेट्री सिस्टम को प्रमोट करने में मदद करती है। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, इसलिए यह फ्री रैडिकल्स से बचाव करती है। स्ट्रैस में राहत पहुंचाती है। इम्यून सिस्टम को बेहतर बनाने में मदद करती है। स्टैमिना बढ़ाती है। मैटाबॉलिज्म को हैल्दी बनाती है। ब्लड शुगर लैवल को सामान्य रेंज में बनाए रखने में सहायक है। पाचन प्रणाली को सही रखने में मददगार है। हड्डियों और जोड़ों को ताकत देती है। कोलेस्ट्रॉल का स्तर सामान्य बनाने में मदद करती है।



इसकी पत्तियों को छाया में सुखाना चाहिए तथा अधिक समय तक नहीं रखना चाहिए, अन्यथा उनके औषधीय गुण नष्ट हो जाते हैं।

हेल्थ प्लस

सेहत से न करें मजाक

रैडी टू ईट खाने को प्रीजर्व करने के लिए उसमें कई बार ज्यादा नमक का इस्तेमाल किया जाता है। नमक की ज्यादा मात्रा हार्ट और हाई ब्लड प्रैशर के पेशंट्स के लिए ठीक नहीं है। फैटी फूड्स खासकर नॉनवेज फूड का लाल रंग बरकरार रखने के लिए इसमें कलरिंग एजेंट्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो कार्सेजनिक होते हैं। कलर प्रिजर्व करने के लिए सोडियम नाइट्रेट प्रयोग किया जाता है, जो सेहत के लिए हानिकारक है। इसलिए जहां तक संभव हो नॉनवैज फूड ना ख़रीदें। मैन्यूफैक्चरिंग व एक्सपायरी डेट जरूर चैक करें। ऐसे प्रॉड्क्ट्स खरीदें, जिनमें प्रीजर्वेटिव्स कम हों। पैकिंग एयर टाइट हो, नहीं तो इसमें बैक्टीरिया पनपने का खतरा रहता है। यदि आप केंड फूड का इस्तेमाल करते हैं, तो बचे हुए भोजन को टिन में ही स्टोर न करें।

ब्लड प्यूरीफायर ब्राह्मी

ब्राह्मी का इस्तेमाल नर्वस डिस्ऑर्डर, बुढ़ापा, उन्माद, मिर्गी और मैमोरी लॉस से संबंधित बीमारियों के इलाज में किया जाता है। इसके सेवन से बुद्धि में वृद्धि होती है। इससे इम्यून सिस्टम बेहतर काम करता है। ब्रह्मी उम्र से पहले बुढ़ापा आने से रोकती है। बालों को झड़ने से बचाती है, खासकर जब इसे तेल के रूप में बालों पर लगाया जाता है। ब्रह्मी एक बहुत बढ़िया ब्लड प्यूरीफायर भी है। यह स्किन व टिश्यूज को फायदा पहुंचाती है। अल्सर होने पर और जलने पर ब्रह्मी का इस्तेमाल लाभकारी है। क्रॉनिक स्किन डिसीज जैसे एग्जिमा में यह मददगार है। ब्रह्मी की प्रवृति ठंडी होती है, इसलिए डायरिया होने पर इसे बच्चों को दिया जाता है।

शरीर की सरकार

किडनियां हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंग हैं। इनमें खराबी आने पर वो सभी काम प्रभावित होते हैं, जो किडनियां करती हैं। इसलिए जरूरी है किडनियों की सही देखभाल...

शरीर में दो किडनियां रीढ़ की हड्डी के दोनों तरफ कमर में स्थित होती हैं। ये शरीर में चौबीस घंटे पूरी जिंदगी काम करती रहती हैं।

किडनी के काम

शरीर की गंदगी निकालना

हमारे मशीन रूपी शरीर में निरंतर बनने वाले विषाक्त पदार्थ खून में टॉक्सिन का काम करते हैं, ये पदार्थ किडनी के फिल्टर (जो चाय छानने वाली जाली के समान होते हैं), छान कर यूरिन के रूप में निकाल देते हैं।

ब्लड प्रैशर कंट्रोल रखना

किडनियां ब्लड प्रैशर को 120/80 एमएमएचजी पर बनाए रखती हैं।

खून बनाना

किडनियों में ईपीओ नामक हार्मोन बनता है, जो खून बनाने की प्रक्रिया को हड्डियों के अंदर उत्तेजित करता है।

हड्डियों को मजबूत बनाना

किडनियां विटामिन डी की सहायता से हड्डियों व मांसपेशियों को मजबूत बनाने का काम करती हैं।

किडनी की बीमारियां

किडनी की बीमारियां किसी भी उम्र में हो सकती हैं। यहां तक कि जन्म से पूर्व मां के गर्भ में भी बच्चे की किडनी में खराबी आ सकती है।

किडनी की बीमारियां: इंफैक्शन, पथरी, सिस्टिक किडनी, ग्लोमेरूलोनेफराइटिस- एक्यूट या क्रोनिक, नेफ्रोटिक सिंड्रोम, डायबीटीस, ब्लड प्रैशर या कोई अन्य बीमारी, आनुवांशिक रोग।

इसकी पहचान

कमजोरी होना, थकान जल्दी होना, खून की कमी होना, सांस फूलना, आंखों या पैरों पर सूजन आना, नींद कम आना, शरीर में दर्द होना, यूरिन की कोई तकलीफ होना, सैक्स में कमजोरी होना, भूख कम लगना, उल्टी आना या जी मिचलाना, खुजली होना या स्किन ड्राई होना, कहीं भी जी नहीं लगना, मन अशांत होना।

मिथ

आम तौर पर माना जाता है कि 'किडनी फेल' होने पर ठीक नहीं होती, यह धारणा गलत है। एक्यूट किडनी फेल्यर का यदि सही इलाज हो जाए, तो मरीज पूरी तरह से ठीक हो जाता है और उसका डायलिसिस भी बंद हो जाता है। वह अपनी शेष जिंदगी सामान्य रूप से जी सकता है।

ट्रीटमेंट

डाइट: चूंकि हमारे द्वारा ली गई डाइट ही किडनी में फिल्टर होती है, अत: अपनी डाइट को डॉक्टर की सलाह से नियंत्रित मात्रा में लें। ऐसी किसी भी चीज का सेवन न करें, जो किडनी को नुकसान पहुंचा सकती है। नमक, पानी, फलों व सब्जियों की मात्रा बीमारी एवं उसकी स्थिति पर निर्भर करती है।

मैडिसिन: कई मैडिसिन किडनी की बीमारी में काफी सहायक सिद्ध हुई हैं।

डायलिसिस: यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें शरीर की गंदगी (यूरिया, क्रिटेटिनिन) जो किडनी नहीं निकाल पाती, उसे मशीन द्वारा साफ किया जाता है। शरीर का गंदा खून, मशीन में डालकर उसी वक्त शरीर में साफ कर डाल दिया जाता है। डायलिसिस के बाद मरीज एकदम चुस्त-दुरुस्त हो जाता है। डायलिसिस के दौरान मरीज को कोई दर्द नहीं होता, वह खा-पी सकता है और सो भी सकता है।

डायलिसिस एक जीवन रक्षक प्रणाली है। जिन मरीजों की किडनियां काम नहीं करतीं, वे कई सालों तक डायलिसिस पर जिंदा रह सकते हैं। डायलिसिस के बाद मरीज घर या ऑफिस जाकर अपना काम सुचारू रूप से कर सकता है। डायलिसिस की यह प्रक्रिया शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं छोड़ती।

किडनी ट्रांसप्लांट: किडनी ट्रांसप्लांट एक ऐसा ऑपरेशन है, जिसमें मरीज के रिश्तेदार की किडनी उसकी मर्जी से मरीज के शरीर में फिट कर दी जाती है और उसे मैडिसिन से चलाया जाता है।

इसमें करीब दो लाख रुपए का खर्चा आता है और हर महीने मरीज को दस से पंद्रह हजार रुपए की मैडिसिन लेनी पड़ती हैं।

यदि किडनी अच्छी तरह से फिट हो जाए, तो फिर डायलिसिस की जरूरत नहीं पड़ती। किडनी देने वाले की उम्र 18 से 60 वर्ष की होनी चाहिए। किडनी देने वाले को कोई शारीरिक नुकसान न हो, इसकी जांच पहले ही कर ली जाती है।

लाइकोपिन

लाइकोपिन ब्राइट रैड कैरोटिनॉयड पिगमेंट है, जो ह्यूमन सीरम और स्किन के अलावा लिवर, एड्रेनल ग्लैंड्स, लंग्स, प्रोस्टेट व कोलोन में होता है। विभिन्न लिपोप्रोटींस के जरिए यह खून में ट्रांसपोर्ट हो जाता है और लिवर, एड्रेनल ग्लैंड्स व टैस्टिस में इकट्ठा होता है। यह एक एंटी ऑक्सीडैंट भी है। यह फ्री रैडिकल्स को खत्म करता है। कई स्टडीज में पाया गया है कि लाइकोपिन का सेवन कई तरह के कैंसर से भी बचाव करता है। कैरोटेनॉयड विजन लॉस से बचाता है, इम्यून सिस्टम को इम्प्रूव करता है, कार्डियोवैस्कुलर डिसीज के खतरे को कम करता है।



सॉर्स: यह टमाटर और दूसरे लाल रंग के फलों व सब्जियों जैसे गाजर, तरबूज, गुलाबी अमरूद और पपीते में पाया जाता है (पर स्ट्रॉबेरीज या चैरीज में नहीं पाया जाता)।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै:-शनै: बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

काकुरो पहेली - 3539



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3538 का हल



हंसी के फुव्वारें

कठघरे में खड़े चोर से जज ने कहा, 'अजीब बात है, जब मैं वकील था तो तुमने मुर्गी चुराई, जब मैं सरकारी वकील बना तो तुमने एक बकरी चुराई और आज जब मैं जज बन गया हूं तो तुमने एक भैंस चुराई आखिर ऐसा क्यों?'

चोर - हुजूर, वजह बहुत साफ है, आपके साथ-साथ मैंने भी तरक्की की है.

□ □ □

मीना (रीना से) - बिना बांहों का स्वेटर तुम कितने दिनों में बना सकती हो.

रीना (मीना से)- यह तो रिश्ते पर निर्भर करता है. यदि स्वेटर प्रेमी का है तो दो दिन में, जीजा का है तो सात दिन में और यदि पति का है तो दो महीने भी लग सकते हैं.

□ □ □

एक भिखारी को बैंक में घुसते देख चौकीदार बोला, 'अरे-अरे बाबा आगे जाओ यहां कुछ नहीं मिलेगा.'

भिखारी (चौकीदार से)- अरे भैया, मैं यहां कुछ लेने नहीं अपना पैसा जमा कराने आया हूं.

□ □ □

पत्नी (पति से)- कितनी बार कहा है कि अपने बालों में खिजाब लगाओ, बुड्ढे नजर आते हो.

पति (पत्नी से)- अरे भाग्यवान! अगर मैंने बालों में खिजाब लगा लिया तो लड़कियों से बेधड़क बात नहीं कर पाऊंगा.

फिल्म वर्ग पहेली- 3539



बायें से दायें:-

१. नाना, सलमान, सीमा, मनीषा की 'आज मैं ऊपर' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जै जै शिवशंकर' गीत वाली संजीव कुमार, राजेश, मुमताज की फिल्म-३,३
७. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबानो की 'आज की रात नया चांद' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली अजय, मा.सत्यजीत, अलका की फिल्म-३
११. मनोजकुमार, बबीता की 'वो परी कहां से लाऊं' गीत वाली फिल्म-४
१२. 'राम हो क्या तुम' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-२,३
१४. फिल्म 'बावरे नैन' में राजकुमार के साथ नायिका कौन थी?-२
१६. अमिताभ, नीतूसिंह की 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि कपूर, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
१९. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'ये उजली चांदनी जब' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिल ने चाहा है क्या' गीत वाली सनी देओल, फरहा की फिल्म-३
२१. फिल्म 'चोरी चोरी' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन है.?-२
२२. संजयदत्त, फरहा की 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'तूने जिंदगी में आके' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय खन्ना, अमीषा पटेल की फिल्म-४
२७. अमिताभ, वहीदा, नीतू सिंह की 'हमका ऐसा वैसा ना' गीत वाली फिल्म-४
२८. फिल्म 'मासूम' का नायक था-२,३

ऊपर से नीचे:-

१. 'वादा रहा' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२. मिथुन चक्रवर्ती, मुनमुन सेन की १९८६ की एक फिल्म-२
४. 'एक चतुर नार' गीत वाली सुनीलदत्त, किशोरकुमार, सायराबानो की फिल्म-४
५. अनिल, जैकी, पूजा भट्ट की 'जो मांगा था ख्वाब में' गीत वाली फिल्म-२,१,२
६. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
८. अजय देवगन, अक्षय, उर्मिला की 'ये ताजगी ये सादगी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'राजा की आयेगी बरात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
११. राकेश रोशन, हेमा की 'आज उनसे पहली' गीत वाली फिल्म-३,२
१३. 'जाना तेरे प्यार में' गीत वाली अश्मित पटेल, इमरान हाशमी, मल्लिका की फिल्म-३
१५. प्रदीपकुमार, बीना राय की 'पाँव छू लेने दो' गीत वाली फिल्म-५
१७. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिलकपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१९. फिल्म 'प्यार कोई खेल नहीं' में महिमा के साथ नायक कौन था-२
२१. 'अकेले हैं चले आओं' गीत वाली राजेशखन्ना, बबीता की फिल्म-२
२३. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की 'चुपके से दिल देदे' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'गाँवार' में नायक कौन था-३
२६. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3538

दे	व		प्रे	म	क	हा	नी		जी
व		तु	म		सू		तू	फा	न
ता	ल		पु	का	र		सिं		त
	क्ष्य		जा			तो	ह	फा	
नी		मे	री	जं	ग			गु	स्
क	बी	ला		ग		प्या		न	
री			सो	ल	वां	सा	ल		दा
	जु	ग	नू		टे		व	ही	दा
ध	र्मा				ड		स्टो		गि
	ना	जा	य	ज		चो	री	चो	री

सूडोकु -3539

					1	4		
						5	8	
			7	2				
			2				6	7
4								3
5	8				9			
				8	5			
	7	6						
		9	3					

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3538 का हल

7	8	9	2	3	1	6	5	4
3	2	4	6	5	9	7	8	1
6	5	1	8	4	7	2	9	3
5	1	7	3	9	8	4	6	2
4	6	8	5	1	2	9	3	7
9	3	2	4	7	6	8	1	5
1	4	6	9	2	3	5	7	8
2	9	3	7	8	5	1	4	6
8	7	5	1	6	4	3	2	9

शब्द पहेली - 3539



बाएँ से दाएँ

1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

ऊपर से नीचे

1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

शब्द पहेली -3538 का हल

अ	ना	द	र	णी	य		प्र	क्षे	प	क
सं	ग		वे		कृ	पा	ण		र	म
वै		अ	दा	व	त		य	हां		जो
धा	रा	दा	र			अ		का	त	र
नि		व		प्र	क्षा	ल	न		म	
क	म	त	र	ता		सा	ग	र	गा	मी
	लि		स	र	मा	या		द		न
बे	का	बू		णा			व	न	वा	सी
क		आ	स		अ	द	र	क		लै
द	म		ब	हा	र		दा		ता	व
र	सा	त	ल		ज	ही	न	कु	श	ल

म यम वर्ग के इंसान हं शाह



शाहरुख खान बॉलीवुड के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं। रोमांस के बादशाह दशकों से इंडस्ट्री पर राज कर रहे हैं। हर कोई उनकी दौलत के बारे में जानता है। हालांकि उनके करीबी लोगों को पता है कि वह दिल से मध्यम वर्गीय हैं। हाल ही में, रा वन के निर्देशक अनुभव सिन्हा ने बताया कि शाहरुख खान अपने परिवार को खुश देखकर खुश होते हैं। यह उनकी अब तक की सबसे मध्यम वर्गीय बात है।

य वर्गीय हं शाह न

शाहरुख खान भले ही दुनिया पर राज कर रहे हों लेकिन वह ऐसे व्यि भी हैं जो अपने बच्चों के लिए खाना बनाना, उनके हाई-स्कूल ड्रामा सुनना और जब भी संभव हो अपने परिवार के साथ ालिटी टाइम बिताना पसंद करते हैं। फेय डिसूजा के साथ बातचीत करते हुए निर्देशक अनुभव सिन्हा ने कहा कि शाहरुख दिल से एक मध्यम वर्गीय हैं।
परिवार को देखकर खुश होते हैं शाहरुख
अनुभव सिन्हा ने कहा कि उन्होंने शाहरुख को जब यह बताया कि वह मध्य वर्गीय हैं तो उन्होंने अजीबोगरीब हंसी के साथ इस पर सहमति जताई। अनुभव सिन्हा ने कहा कि खान के पास दुनिया का सारा पैसा है, लेकिन यह ऐसी चीज नहीं है जो उन्हें खुश करती है। अनुभव सिन्हा ने कहा क्या आपकी बहन की खुशी आपको खुश करती है उन्होंने आगे कहा कि मध्यम वर्ग का यह सितारा अपनी बहन शहनाज और अपने बच्चों को मुस्कुराते हुए देखकर खुश होता है।

शाह ान क ारे ॅ जानना स ा य की ात

निर्देशक के अनुसार जिस तरह से कुछ कुछ होता है का अभिनेता अपने परिवार की देखभाल करता है वह उसी तरह हैं। सिन्हा ने खान के बारे में में कहा, एक ऐसा व्यि होना मुश्किल है जो सार्वभौमिक प से लोकप्रिय हो और जड़ और जमीन से जुड़ा हो। अपनी फिल्म रा वन के निर्माण के दौरान निर्देशक शाहरुख से कहते रहे कि फिल्म बनाने से यादा उन्हें व्यि गत प से जानना एक सौभाष्य की बात है।

कला, पर्सि अ र आ म अभि यि पर कावेरी कपूर की राय

कावेरी कपूर भले ही जेनरेशन ज़ी से हों, लेकिन वह एक आम जेन ज़ी कलाकार नहीं हैं। फिल्म निर्देशक शेखर कपूर और गायिका-अभिनेत्री सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी कावेरी ने बॉबी और षि की लव स्टोरी से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा है, लेकिन उन्होंने अपने समकालीनों से एक अलग राह चुनी है, जो उनके साथियों की तुलना में काफी अलग है। फिल्मों में आने से पहले ही कावेरी एक स्थापित संगीतकार और कवित्री थीं। उनके चार म्यूज़िक वीडियो पहले से ही रिलीज़ हो चुके थे अपने पिता की तरह गहराई से सोचने वाली कावेरी को अपने प्रतिभाशाली माता-पिता से भरपूर प्रेरणा मिलती है, और यही बात उन्हें एक ओल्ड सोल बनाती है, जैसा कि वह खुद कहती हैं। एक मशहूर उपनाम और डेब्यू के बाद बढ़ती फैन-फॉलोइंग के बावजूद कावेरी बेहद ज़मीन से जुड़ी हुई नज़र आती हैं। उनकी बातचीत अक्सर उनके संगीत और कविताओं के ज़रिए खुद को अभिव्य करने के तरीके पर केंद्रित होती है वह एक कलाकार की तरह बात करती हैं, न कि किसी सेलिब्रिटी की तरह। जब उनसे उनकी प्रसि के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं चाहती हूं कि जब लोग मेरा संगीत सुनें या मेरी कविताएं पढ़ें, तो उन्हें कुछ सच्चा महसूस हो। मैं चाहती हूं कि वे उस किरदार से जुड़ सकें जिसे मैं निभा रही हूं। मैं चाहती हूं कि मेरे प्रोजेक्टस देखने वाले लोग मुझसे एक असली रिश्ता बना पाएं। यही वह प्रसि है जिसके लिए मैं जानी जाना चाहती हूं।
अपने साथियों से अलग, कावेरी का आत्म-अभिव्यि का तरीका बेहद सादा है। अपनी एक अलग राह बनाना, अपनी प्रतिभा से, न कि हर रोज़ बदलते ट्रेंडस की भीड़ का हिस्सा बनकर। कावेरी कहती हैं, मुझे लगता है कि खुद को नेचुरल बनाए रहना सबसे विद्रोही काम है जो आप अभी कर सकते हैं,
उन्होंने कई बार ओसीडी के साथ अपने संघर्षों के बारे में भी खुलकर बात की है। और चूंकि जेन ज़ी के लिए आज सबसे अहम बात है किसी से जुड़ाव और अपनापन महसूस करना, ऐसे में कावेरी की सलाह को परिप कहा जा सकता है। एक ऐसी दुनिया में जहा लोग शॉर्टकट लेकर जल्द से जल्द फल पाने की होड़ में लगे हैं, कावेरी कपूर की योजना है कुछ सच्चा बनाना ध धीरे, स्थिरता से, लेकिन लंबे समय तक टिकने वाला।

सामंथा और राज लिव इन में रहने का बना रहे लान एक ार में होंगे शि ट

सामंथा रुथ प्रभु और राज निदिमो अपने रिलेशनशिप की अफवाहों के कारण चर्चा में हैं। डायरेक्टर-एक्ट्रेस की जोड़ी ने द फैमिली मैन सीजन और सिटाडेल हनी बनी जैसी वेब सीरीज में साथ काम किया है। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि सामंथा और राज एक साथ रहने लगे हैं और वे एक घर की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, यह खबर झूठी निकली। हिंदुस्तान टाइम्स के मुताबिक, सामंथा के मैनेजर ने इसे अफवाह बताया। इससे पहले एक सूत्र ने पिंकविला को बताया था, सामंथा रुथ प्रभु और राज एक साथ रहने पर विचार कर रहे हैं और प्रॉपर्टी की तलाश कर रहे हैं। उनका इरादा साथ रहने का है और वे इस दिशा में काम कर रहे हैं। राज ने 0 में श्यामाली से आधिकारिक प से तलाक ले लिया और सिटाडेल के लिए साथ में काम करने के बाद उन्हें सामंथा में प्यार मिल गया।

राज की नहीं है कोई बेटी

सूत्र ने कहा, इस बीच राज को उनकी बेटी के साथ देखे जाने की खबरें झूठी हैं। उनकी कोई बेटी नहीं है और जिस बच्ची के साथ उन्हें देखा गया, वह उनके को-डायरेक्टर कृष्णा डीके की बेटी है।

सामंथा शेयर करती हैं राज संग फोटोज

सामंथा इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट करती रही हैं, जिसमें वह राज के साथ समय बिताती नजर आती हैं। हालांकि दोनों ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन फैंस कह रहे हैं कि एक्ट्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट से यह पुष्टि होती है कि वे डेटिंग कर रहे हैं।
सामंथा की तरफ से राज के साथ तस्वीरें पोस्ट करने के बाद फिल्म निर्माता की प ी श्यामाली डे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया था। इसमें लिखा था, मैं उन सभी को आशीर्वाद और प्यार भेजती हूं, जो मेरे बारे में सोचते हैं, मुझे देखते हैं, मुझे सुनते हैं, मेरे बारे में सुनते हैं, मुझसे बात करते हैं, मेरे बारे में पढ़ते हैं, मेरे बारे में लिखते हैं और आज मुझसे मिलते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि राज और श्यामाली का तलाक 0 में गया। हालांकि, वैलेंटाइन डे 0 पर श्यामाली ने अपने पति के लिए एक रोमांटिक पोस्ट शेयर किया था।

पलक तिवारी ने कथि त बॉयफ्रें इब्राहिम का किया सपोर्ट

अभिनेत्री पलक तिवारी अपने कथित बॉयफ्रेंड इब्राहिम अली खान के समर्थन में सामने आई हैं। हाल ही में पाकिस्तानी आलोचक ने इब्राहिम की पहली फिल्म नादानियां का मजाक उड़ाया था। आलोचक ने उनके लुक, खास तौर पर उनकी नाक पर टिप्पणी की थी। आलोचक की आलोचना करते हुए पलक ने बॉडी शेमिंग पर बात की। उन्होंने बाताया कि कैसे सेलेब्स से नफरत करना बाजार में नया चलन बन गया है।

सेलि ि टी से न रत एक न

पलक तिवारी ने नयनदीप रक्षित के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान कहा अगर कोई एक चीज है जो सेलिब्रिटी से यादा बिकती है, तो वह है सेलिब्रिटी को

कोसना। हम ऐसे समय में हैं जहां आम तौर पर स्टार्स के प्रति नफरत है।

क तिवारी ने ू ा सवा



पलक ने आगे कहा आप सबसे पहले हमारी खूबसूरती पर ध्यान देते हैं। फिर जब कोई व्यि अपने सौंदर्य के साथ कुछ करता है और उसे बदलवाता है, तो आप कहते हैं, आप ऐसा क्यों करेंगे पहले आप किसी व्यि को उसके प-रंग के लिए शर्मिंदा करते हैं। फिर जब वह अपनी असुरक्षा और अपने आस-पास की नफरत के कारण इसे ठीक करने की कोशिश करता है तो आप उसे क्यों कोसते हैं
पलक ने कहा यह किसी व्यि के लिए सबसे असंतोषजनक स्थिति हो सकती है। यह एक च है। वे मूल प से केवल आपकी आलोचना करना चाहते हैं। यह आपकी नाक, आपके बाल, आपके शरीर का वजन, आपका प्रदर्शन कुछ भी हो सकता है। अगर इनमें से आपका कुछ भी खराब नहीं है तो आप बहुत भाष्यशाली व्यि हैं।

ाहि की नाक का जाक

आपको बता दें कि इब्राहिम अली खान की फिल्म नादानियां मार्च को रिलीज हुई थी। पहली फिल्म में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें बुरी तरह से ट्रोल किया गया था। तब तमूर इकबाल नाम के एक पाकिस्तानी फिल्म समीक्षक ने अपने सोशल मीडिया पर स्टार किड और उनकी बड़ी नाक का मजाक उड़ाया था।

लस्ट स्टोरी में दिखाई देंगे राधिका और कोंकणा सेन

ल स्ट स्टोरी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटत्रिलक्स की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक हैं। अब तक इसके सीजन रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का काफी प्यार मिला। लस्ट स्टोरी के तीसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है। खबर यह है कि लस्ट स्टोरी के लिए राधिका आप्टे और कोंकणा सेन शर्मा ने पहली बार हाथ मिलाया है। रिपोर्टस के अनुसार सीरीज के एक पार्ट में राधिका और कोंकणा नजर आएंगी। इस पार्ट का निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी करने वाले हैं। सीरीज की कहानी तैयार हो चुकी है और इसकी शूटिंग जल्द ही शु होगी। इसमें अभिषेक बनर्जी भी नजर आएंगे। बता दें कि राधिका पहले ही लस्ट स्टोरी के एक पार्ट में नजर आ चुकी हैं, वहीं लस्ट स्टोरी के एक पार्ट का निर्देशन कोंकणा ने किया था। लस्ट स्टोरी को 15 जून 01 को रिलीज किया गया था।

एक्ट्रेस से निर्माता बनीं ये अभिने ियां

बॉलीवुड और सा थ सिनेमा में कई अभिने ियों ने न सिर्फ अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता, बल्कि निर्माता बनकर भी इंडस्ट्री में नया मुकाम हासिल किया आइए, ऐसी ही कु टैलेंटेड अभिने ियों के बारे में जानते हैं, जि होंने प्रोडक्शन के े ा में कदम रखा

आलिया भ

आलिया ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद आलिया ने कई सफल फिल्में दीं, जिनमें उरी द सर्जिकल स्ट्राइक, आरआरआर, गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी कई फिल्में शामिल हैं। अभिनय के कुछ समय बाद आलिया ने फिल्म डार्लिंग्स के साथ बतौर निर्माता अपनी नई पारी की शु आत की। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग और प्रोडक्शन दोनों को खूब सराहा गया।

नयनतारा

साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा ने अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ प्रोडक्शन में भी हाथ आजमाया। हाल ही में नयनतारा ने बतौर निर्माता फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी की घोषणा इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। नयनतारा ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी को लेकर एक पोस्ट शेयर किया और कैप्शन में लिखा, आओ प्यार में पड़ें, इस त्यौहार के मौसम में प्यार के त्यौहार। इस फिल्म में प्रदीप रंगनाथन, एसजे सूर्या और कृति शे ी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण नयनतारा ने किया है।

अनुष्का शर्मा

रब ने बना दी जोड़ी फिल्म से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनुष्का शर्मा ने बैंड बाजा बारात, पीके, संजू, सुल्तान और ऐ दिल है मुश्किल जैसी कई सफल फिल्मों में अभिनय किया। इसके बाद अनुष्का ने बुलबुल जैसी शानदार फिल्म बनाकर प्रोडक्शन में अपनी खास जगह बनाई। हालांकि, यह फिल्म उतनी नहीं चली।

करीना कपूर खान

करीना ने फिल्म रिफ्यूजी से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद करीना ने व , सिंघम अगेन, गोलमाल और भी कई बेहतरीन फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। एक्टिंग के साथ-साथ करीना ने फिल्म द बकिंघम मर्डर्स के साथ प्रोडक्शन में कदम रखा। इस थ्रिलर फिल्म में उनकी एक्टिंग और प्रोडक्शन की समझ को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दिल्ली दौरा, पीएम मोदी संग एनडीए बैठक में लेंगे भाग

निरंकार भास्कर

नवप्रदेश पटना/बैठक में सभी एनडीए शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से उनके राज्यों में केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनके परिणामों पर फीडबैक लिया जाएगा
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दिल्ली रवाना होंगे, जहां 25 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी. इस बैठक में एनडीए सरकारों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी और केंद्र सरकार की योजनाओं पर मुख्यमंत्रियों से फीडबैक लिया जाएगा. इस बैठक में सभी एनडीए शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से उनके राज्यों में केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनके परिणामों पर फीडबैक लिया जाएगा.

इन योजनाओं पर ली जायेगी रिपोर्ट बैठक के संबंध में बताया जा रहा है कि इस बैठक में खासतौर पर उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया जैसी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पर जोर रहेगा. यह भी माना जा रहा है कि 2025 में प्रस्तावित बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस बैठक में राजनीतिक रणनीति को लेकर भी बातचीत हो सकती है. गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे, विपक्षी दलों की रणनीति का जवाब और सामाजिक समीकरणों को साधने जैसे मुद्दे एजेंडे में हो सकते हैं.

पीएम मोदी के साथ हो सकती है मुलाकात

नीतीश कुमार के दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अलग से भी मुलाकात की संभावना है. इसके साथ ही बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से भी बैठक की संभावना जताई जा रही है. ये मुलाकातें आगामी रणनीति को अंतिम रूप देने के लिहाज से अहम मानी जा रही हैं. वहीं राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि क्या नीतीश कुमार की यह दिल्ली यात्रा केवल प्रशासनिक समीक्षा के लिए है,

नगर निगम कार्यालय परिसर और नजरबाग पार्क में लगेगा 100-100 फीट ऊंचा तिरंगाः गरिमा



नवप्रदेश प्रतिनिधि

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि नगर निगम कार्यालय परिसर और ऐतिहासिक नजर बाग पार्क में 100 फीट ऊंचा तिरंगा लगाने की योजना का प्रस्ताव नगर निगम बोर्ड ने पारित किया है। अपनी राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संप्रभुता की धारणा को और मजबूत बनाने के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा फहराए जाने की परम्परा है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसका उद्देश्य राष्ट्र के प्रति अपना सम्मान और देशभक्ति भावना एक एक भारतीय में और प्रबल रूप में जागृत करना है। महापौर ने बताया कि हमारा गगनचुंबी राष्ट्रीय ध्वज देश के उन वीर सपूत सेनानियों के श्रद्धांजलि है जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी प्राणाहुति जैसा सर्वोत्कृष्ट बलिदान दिया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि 100 फीट ऊंचा तिरंगा ध्वज दूर से भी दिखाई देता है। यह दृश्य हमारे सम्मानित जनता में का ध्यान आकर्षित करते हुए देश प्रेम के प्रति अपनी भावना व्यक्त करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करता है और उन्हें राष्ट्र के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ ही महापौर ने बताया वर्तमान के राष्ट्रीय परिदृश्य में करीब 12 -12 लाख तक की लागत से स्वीकृत इस योजना का महत्व और बढ़ गया है।

राष्ट्रीय एकता-अखंडता और संप्रभुता को और मजबूत बनाने के लिए की गई है योजना पारित,

अधिकतम 12 -12 लाख तक की लागत से स्वीकृत इस महत्वपूर्ण योजना को नगर निगम बोर्ड से मिली है स्वीकृति,

बोलीं महापौर वर्तमान समय के राष्ट्रीय परिदृश्य में बढ़ गया है इस योजना का और ज्यादा महत्व,

ठकराहा के श्रीनगर में आज होगा विशेष विकास शिविर का आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि

बेतिया। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों को प्रदान करने एवं आमजनों की समस्याओं के निराकरण हेतु ठकराहां प्रखंड के श्रीनगर पंचायत में विशेष विकास शिविर का आयोजन आज निर्धारित है। उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीनगर में आज 24 मई 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से विशेष विकास शिविर का आयोजन किया जायेगा।
उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीनगर में आयोजित होने वाले विशेष विकास शिविर में सम्पर्कता पथ, बिजली से आच्छादन, पेयजल की व्यवस्था, चापाकल मरम्मति, पेभर ब्लॉक अधिष्ठापन, नाली निर्माण, भूमिहीन परिवारों को पर्चा वितरण/आवेदन प्राप्त करना, दाखिल-खारिज करना/रसीद काटना, स्वास्थ्य की जांच, चश्मा वितरण, आयुष्मान कार्ड का निर्माण, बच्चों का विद्यालय में दाखिला, खेतों की सिंचाई व्यवस्था, पुस्तकालय /विवाह भवन निर्माण, मनरेगा पार्क/ओपेन जिम का निर्माण, जीविका समूह का गठन, सतत जीविकोपार्जन से आच्छादन, बैंक लिंकेज प्रदान, आवास योजना, एलएसबीए अंतर्गत शौचालय निर्माण, पशुशेड/बकरी शेड का निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण, उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं से आच्छादन, सामुदायिक भवन का निर्माण, दिव्यांग लाभुकों को विभागीय प्रावधान के तहत लाभ, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, लोक शिकायत निवारण, मुख्यमंत्री निश्चय योजना अंतर्गत विभिन्न योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के लाभ से लाभान्वित कराया जाना है।

मेगा ड्राइव: पूरे डीडीयू मंडल में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

लगभग 1373 व्यक्ति धराए

जुर्माने के रूप में लगभग 7 लाख 13030 हजार रुपए का हुआ राजस्व अर्जन

नवप्रदेश प्रतिनिधि बक्सर

डीडीयू मंडल द्वारा दिनांक 23.05.2025 को पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक प्रातः 06.00 से 22.00 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था ' जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड - स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जाँच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी उपस्थित रहे ' मुख्यतः बक्सर -डीडीयू खंड, वाराणसी- डीडीयू, सासाराम -डीडीयू, आरा- सासाराम खंड, गढ़वा रोड- डेहरी ऑन सोन, किउल- गया, गोमो - गया एवं पटना- गया खंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जाँच किया गया, जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी '
सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जाँच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया ' अपराह्न 2 बजे अंतिम सूचना तक डीडीयू मंडल द्वारा लगभग 1373 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है, जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 7 लाख 13030 हजार रुपये की राशि वसूली गयी है। मेगा ड्राइव जारी है जो रात्रि दस बजे तक चलेगा '
इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि सदैव उचित टिकट लेकर संबंधित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें एवं अन्य यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें।

आयुष्मान वय वंदना कार्ड का कराया जाएगा निर्माण

बेतिया (घनश्याम)। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभार्थियों के लिए कार्ड निर्गत करने एवं 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्माण हेतु दिनांक 26.05.2025 से दिनांक 28.05.2025 तक विशेष अभियानह का आयोजन किया जाना है।
उक्त के आलोक में जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। साथ ही 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ



नागरिकों को चाहे उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, आयुष्मान वय वंदना कार्ड से आच्छादित किया जाना है।
उन्होंने कहा कि उक्त योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को प्रति वर्ष प्रति परिवार पाँच लाख रुपए तक के लिए निःशुल्क चिकित्सा प्रदान किये जाने का प्रावधान है। मुख्य सचिव, बिहार द्वारा जिले को लक्ष्य देते हुए सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान योजना से आच्छादित करने के लिए दिनांक 26.05.2025 से दिनांक 28.05. 2025 तक द्वारा विशेष अभियान का आयोजन किये जाने का निदेश दिया गया है।
उन्होंने कहा कि 'विशेष अभियान' हेतु पंचायत, प्रखण्ड, अनुमण्डल, नगर निकाय एवं जिला स्तर पर की जाने वाली गतिविधियाँ एवं दायित्व भी निर्धारित किया गया है। साथ ही यह भी संसूचित किया गया है कि 'विशेष अभियान' में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन जिला के संबंधित पदाधिकारी को पारितोषिक/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।
निर्देश के आलोक में सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान योजना से आच्छादित करने के लिए दिनांक 26.05.2025 से दिनांक 28.05.2025 तक पंचायत/प्रखण्ड/नगर निकाय/अनुमण्डल/जिला स्तर पर स्वविशेष अभियानह का सफल आयोजन करना सुनिश्चित करें।
उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्ड बनाने हेतु लोगों को जागरूक करें और उन्हें कैम्प में लाते हुए उनका कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि इस विशेष महाभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय ताकि जिले को मिले लक्ष्य को प्राप्त करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जा सके।
इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, कुमार रविन्द्र, निदेशक डीआरडीए, अरुण प्रकाश, एसडीएम, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता, एसडीएम, बेतिया सदर, विनोद कुमार विशेष कार्य पदाधिकारी,जिला गोपनीय शाखा,सुजीत कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य को ले निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा



बिक्रमगंज। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए शुक्रवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा काली स्थान तेंदुनी से शुरू होकर तेंदुनी चौक व सासाराम रोड होते हुए इंटर कॉलेज मोड़ से लौटकर तेंदुनी चौक पर समाप्त हुई। भाजपा के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री डा. मनीष रंजन ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफल ऑपरेशन सिंदूर के बारे में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए भारत माता की नारे लगाते हुए देश के बहादुर सेना की अहम भूमिका को भी खूब सराहना की। लोगों ने हाथो में तिरंगा थामे हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए, तिरंगा यात्रा में त्रिविक्रम नारायण सिंह, बसंत चौधरी, किरण प्रभाकर, नवीन चंद्र शाह, विशाल आनन्द, विजय सिंह, रविकांत मिश्रा, सुदर्शन प्रसाद वैश्य, डब्लू पांडेय, अखिलेश सिंह, विवेक सिंह, संतोष शर्मा, प्रमोद सिंह, आनंद पाण्डेय, मदन प्रसाद वैश्य, अरविंद पाण्डेय, मनमोहन तिवारी, हरेंद्र हरियाली, प्रियतम कुमार मौजूद थे।

शिक्षकों की पोस्टिंग के लिए बनी नई गाइडलाइन

नवप्रदेश प्रतिनिधि

पटना। सूबे में 1.30 लाख शिक्षकों के जिले स्तरीय तबादले की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब स्कूलों में इनकी पोस्टिंग की व्यवस्था शुरू हो गई है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने समुचित कार्ययोजना तैयार की है। सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) को इसे लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दी गई है। विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ के स्तर से यह निर्देश जारी किया गया है। तबादला होकर आए सभी शिक्षकों को 15 जून तक विद्यालय आवंटित कर दिया जाएगा। स्थानांतरित हुए शिक्षक नए आवंटित विद्यालय में आगामी 23 से 30 जून के बीच अपना योगदान करेंगे। विभाग को तबादले से संबंधित 1 लाख 90 हजार 226 आवेदन शिक्षकों की तरफ से प्राप्त हुए थे। इसमें पारदर्शिता और गोपनीयता बरतने के लिए विभाग की तरफ से यह नई व्यवस्था की गई है।
जिला शिक्षा पदाधिकारियों को शिक्षकों के स्थानांतरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि डीईओ शिक्षक का नाम, आईडी, पूर्व पदस्थापित विद्यालय और तबादले का कारण नहीं देख पाएंगे।
जिला शिक्षा पदाधिकारी के लॉग-इन में उन सभी शिक्षकों की सूची भेज दी गई है, जो पहले से उस जिले में पदस्थापित थे या अन्य जिलों से स्थानांतरण के बाद आए हैं। श्रेणीवार शिक्षकों की सूची डीईओ के लॉग-इन में उपलब्ध होगी, लेकिन डीईओ इस सूची को नहीं देख सकेंगे। शिक्षा विभाग के पोर्टल पर डीईओ को एक बार में किसी एक शिक्षक की जानकारी ही दिखेगी। शिक्षक आईडी नहीं दिखेगी, लेकिन अन्य विवरणी मसलन कोटि, विषय, वर्ग, पंचायतें का विकल्प दिख सकेगा। इसका मकसद पारदर्शिता को बनाए रखना है।डीईओ के लॉग-इन में प्रदर्शित शिक्षक के सामने अंकित प्रोसिड बटन पर क्लिक करने पर उस शिक्षक के भरे सभी पंचायतों के विकल्प खुलेंगे। इसमें उपलब्ध रिक्ति के आधार पर विद्यालय आवंटन की कार्रवाई की जाएगी। अगर शिक्षक की ओर से भरे गए 10 विकल्पों में से किसी में रिक्ति नहीं हो तो डीईओ विकल्प में दिए गये पंचायत के निकटतम किसी पंचायत का विद्यालय आवंटित करेंगे। पोर्टल पर ऐसी व्यवस्था की गई है कि एक शिक्षक के आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही डीईओ के समक्ष दूसरे शिक्षक का आवेदन प्रदर्शित हो सकेगा।
वैसे शिक्षक जो अपने तबादले से असंतुष्ट हैं, वे स्थानांतरित विद्यालय में योगदान देने के बाद डीईओ को फिर से आवेदन कर सकते हैं। इनके आवेदनों का निपटारा दूसरे चरण में किया जाएगा। ऐसे शिक्षक ई-शिक्षाकोष से अपना आवेदन वापस भी ले सकते हैं या अपने आवेदन को डिलीट कर नये सिरे से अपने लिए अन्य विकल्प चुन सकते हैं। इन सभी आवेदनों पर दूसरे चरण में जिलों में रिक्ति की उपलब्धता और छात्र शिक्षक अनुपात के आधार पर विचार किया जायेगा।

एलिवेटेड रोड

पीएम 30 मई को गोपालगंज में एलिवेटेड रोड का

करेंगे वर्चुअल लोकार्पण, जाम से मिलेगा छुटकारा

निरंकार भास्कर

पीएम नरेंद्र मोदी 30 मई को गोपालगंज के बहुप्रतीक्षित एलिवेटेड रोड का वर्चुअल तरीके से लोकार्पण करेंगे। एलिवेटेड रोड शुरू होने के बाद शहर के लोगों को जाम से छुटकारा मिलेगा।बिहार के गोपालगंज शहर के लिए बहुप्रतीक्षित बंजारी-हजियापुर एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका लोकार्पण 30 मई को वर्चुअल माध्यम से करेंगे। ई-लोकार्पण की तैयारी चल रही है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अंतिम चरण में



रंगरोगन और अन्य बचे हुए कार्यों को पूरा करने में जुटा है। ताकि उद्घाटन तक सभी तैयारियां पूरी हो सकें। इस एलिवेटेड रोड के चालू होने से शहर को जाम की समस्या से निजात मिलने वाली है बता दें कि एनएच 27 पर बंजारी से हजियापुर तक 2.75 किलोमीटर लंबाई में बने इस एलिवेटेड रोड पर 184.9 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी एएसबी इंफ्रा कंपनी को सौंपी गई थी। कार्य की निर्धारित समय-सीमा 31 अगस्त 2024 थी। मगर निर्माण कार्य करीब 8-9 महीने की देरी से मई 2025 में जाकर पूरा हो सका।एलिवेटेड रोड पर फिलहाल प्रायोगिक तौर पर वाहनों का आवागमन शुरू हो चुका है। लेकिन, विधिवत रूप से यह रोड प्रधानमंत्री के उद्घाटन के बाद आम जनता के लिए पूर्ण रूप से खोल दिया जाएगा। इस रोड के निर्माण से हजियापुर से बंजारी तक का सफर अब सुगम हो गया है। जहां पहले महाजाम के कारण दो किलोमीटर की दूरी तय करने में घंटों लग जाते थे। अब वाहन तेजी से बिना रुके गुजर रहे हैं।

9 साल बाद सपना हुआ साकार

एनएच 27 पर एलिवेटेड रोड का सपना करीब नौ साल बाद हकीकत में बदला है। इसकी मांग वर्ष 2016 में उठी थी। जब शहरवासियों ने फ्लाईओवर निर्माण का विरोध करते हुए बंजारी से हजियापुर तक एलिवेटेड रोड की मांग की थी। तत्कालीन सदर विधायक स्व. सुभास सिंह के प्रयासों से वर्ष 2019 में इस परियोजना के लिए डीपीआर की मंजूरी मिली। इसके बाद 2021 में निविदा जारी हुई और मार्च 2022 में निर्माण कार्य आरंभ किया गया।

बिहार का तीसरा सबसे लंबा एलिवेटेड रोड

एनएचएआई के अनुसार, बिहार में एनएच पर यह तीसरा सबसे लंबा एलिवेटेड रोड है। यह अब गोपालगंज शहर का प्रमुख लैंडमार्क बन गया है। जिससे शहर को एक नई पहचान मिली है।

एक नजर

कांग्रेस ओबीसी की बैठक

नवप्रदेश डेहरी/स्थानीय रोहित चित्र मंदिर के प्रांगण में कांग्रेस ओबीसी के जिला अध्यक्ष रोहित राहुल की अध्यक्षता में पिछड़ा अति पिछड़ा का आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। मौके पर ओबीसी के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहन लाल मेहता, प्रखंड अध्यक्ष ललन चंद्रवंशी, डॉक्टर पंकज कुमार ,ध्रुव कुमार, वेद प्रकाश शर्मा, राहुल कुमार, मजहर अंसारी, जुगनू अंसारी, रहमान, विनोद यादव, राम ध्यान यादव, ललन मेहता, वीरेंद्र कुशवाहा, कृष्णा मेहता, अजय पटेल, देव मुनि सिंह, हरिवंश सिंह ,सहित कई लोगों उपस्थित थे।

जीविका द्वारा सेवथा पंचायत के सेवथरा गांव में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

नवप्रदेश प्रतिनिधि/अगिआंव भोजपुर प्रखंड के सेवथा पंचायत के सेवथरा गांव में जीविका द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा आयोजित महिला सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। सेवथरा में 14 समूह के कुल 210 सदस्यों के बीच अनुभव भी शेयर किया गया है। नली गली,एसजेवाई लाभ, साइकिल, पोशाक, इंदिरा आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, समेत जन कल्याणकारी योजना की जानकारी दी गई। साथ ही बजरंगबली जीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा सरकार से अपेक्षाएं जीविका भवन निर्माण, आंगनवाड़ी केंद्र, गांव में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था ,सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में बढ़ोतरी समेत अन्य मांगों को भी रखा गया। इस दौरान जीविका स्टाफ बीपीएम निलेश कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक अनिल कुमार, सामुदायिक समन्वयक नागेंद्र प्रसाद सिंह, नीरज कुमार, सीएम प्रभावती देवी, सैक कंचन कुमारी, सुनीता देवी,भीओ अध्यक्ष रीता देवी,सचिव रिंकू देवी, कोषाध्यक्ष संगीता देवी एवं अन्य कैडर शशिकला देवी, शीला देवी, मीना देवी, सावित्री देवी, डिम्पल सिंह, संतोषी देवी, कलावती कुमारी, चिंता देवी, पार्वती देवी अभिमन्यु कुमार के साथ समूह सभी सदस्य उपस्थित थे।

ननौर में चार भैंस का अचानक मरी

नवप्रदेश प्रतिनिधि/सहार थाना क्षेत्र के ननौर पंचायत सरकार भवन के समीप जिनोरा खेती मे अचानक चार भैंस मरी कोई पड़ा देखा गया' ग्रामीणों ने देखते ही कानों कान पूरे गांव सहित पूरे क्षेत्र में फैल गया। मिली जानकारी के अनुसार बरूही गांव निवासी अयोध्या चौधरी, श्याम बिहारी चौधरी, साधु चौधरी सहित चार पशुपालक का भैंस मर गई है' ग्रामीणों ने बताया कि 9 भैंस गायब है जिसमे से चार भैंस मरी हुई मिली है शेष की खोजबीन जारी है' हालांकि मौत किस कारण से हुई है इसकी अभी पुष्टि नहीं है। पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार सिंह ने बताया कि बरूही महादलित समुदाय के लोगों का भैंस थी' भैंस के मरने से पशुपालकों की आर्थिक मार पड़ी है' आर्थिक मदद के लिए अंचल एवं पशु विभाग से गुहार लगाई है'

सहकारिता संबंधी योजनाओं को लेकर किया गया शिविर का आयोजन

नवप्रदेश/बिक्रमगंज। प्रखंड क्षेत्र के नोनहर पंचायत के नोनहर पैक्स में अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पैक्स अध्यक्ष अमन कुमार, शाखा सहायक कुंदन कुमार झा, चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर उपस्थित खाताधारी किसानों सहकारिता के योजनाओं की जानकारी दी गई। उपस्थित अन्य लोगों को कोऑपरेटिव बैंक में खाता खोलकर सहकारिता योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। मौके पर खाताधारी नितेश कुमार, विपुल कुमार, राहुल चौधरी, आनंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संतोष राजपूत सहित कई किसान और ग्रामीण उपस्थित थे।

सुदामा पांडे को प्रदेश जनता दल यू के राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत किया गया

नवप्रदेश/सूर्यपुरा। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने सूर्यपुरा प्रखंड के सुदामा पांडेय को प्रदेश जनता दल यू के राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत किया है। श्री पांडेय के मनोनीत होने पर पार्टी नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया। पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह ने कहा कि सुदामा पांडे जी माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा स्थापित समता पार्टी के समय से ही पार्टी के मजबूत साथी और क्षेत्र में हम सबों के स्तंभ की तरह हैं, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा इन्हें इस जिम्मेवारी मिलने के बाद पार्टी की स्थिति और मजबूत होगी, साथ ही प्रदेश के पार्टी के वरीय नेता ई शंभू नाथ सिन्हा ने कहा कि श्री पांडे जी के मनोनयन से युवाओं के साथ ही हर वर्ग के लोगों का सहयोग मिलेगा, पूर्व विधायक राणा रणधीर सिंह चौहान ने कहा कि श्री पांडेय जी की पैठ हर वर्ग के लोगों में खास तरह का है इस लिए इस कार्य से पार्टी का जनाधार बढ़ेगा और आगामी चुनाव में इस का सीधा फायदा मिलेगा। बधाई देने वालों में पार्टी के अन्य नेताओं में शामिल हैं सच्चिदानंद सिंह, पूर्व प्रमुख दायथ चितरंजन पासवान, गंगा सागर कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष अशोक चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मुद्रिका सिंह, धनजी यादव,गणेश तिवारी, मुकेश चौधरी, कमलेश सिंह,सूर्यपुरा प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना चंद्रवंशी, उप प्रखंड प्रमुख चंचल सिंह,अभय पांडेय, पूर्व मुखिया प्रेम तिवारी, विजय गुप्ता, प्रमुख पति सुनिल कुमार, युवा नेता मो मजहरूल हक कैमुद्दीन दिन, सेलू पांडेय, टुन्ना तिवारी, राकेश सिन्हा, बीडीसी विनोद कुमार, धर्मेंद्र राम, मन्नू चौधरी,वीरेंद्र पांडेय, मंटू पांडेय, सुभाष गिरी, शंकर दुबे, पप्पू सिंह, शैलेन्द्र सिंह, मुकेश यादव, नन्द किशोर यादव,रंग बहादुर सिंह कुशवाहा, गोरा कुशवाहा श्रीहरि कुशवाहा, सुनिल चंद्रवंशी सहित दर्जनों लोग हैं।

राष्ट्र धर्म सेवी संत मणि जी शांडिल्य चुटकी बाबाजी की अंतराष्ट्रीय ख्याति थीः पं0भरत उपाध्याय

नवप्रदेश/क्षितिज राज। मधुबनी, बगहा अनुमंडल अंतर्गत मधुबनी प्रखंड स्थित राजकीय कृत हरदेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज मधुबनी के पूर्व प्राचार्य पं0भरत उपाध्याय ने शुभाश्रम परिसर में श्री श्री 1008 मणि जी शांडिल्य ऱचुटकी बाबाजीरके पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि दादा जी एक छोटे-से गांव से अंतराष्ट्रीय स्तर पर रामायण के माध्यम से धर्मध्वजा आजीवन फहराते रहे। उन्होंने हमेशा हमें अपने अनिवार्य कर्त्तव्यों से चाहे वह परिवार के प्रति हो, समाज के प्रति हो या अपने अंतःकरण के प्रति हो जागरूक करते रहते थे।हम चुटकी बाबाजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अखिलेश शाण्डिल्य ने कहा कि बाबू जी ने रामचरित मानस के माध्यम से अंतराष्ट्रीय स्तर पर जो ख्याति प्राप्त की, वह हमारी पूंजी है। इनके प्रेरणादायक उपदेशों और व्याखानों से सम्पूर्ण विश्व शिक्षा, संस्कार और संस्कृति को सुरक्षित रखने में मदद प्राप्त कर रहा है।

गंगा नदी में कूद कर प्रेमी जुगल जोड़ी ने की आत्महत्या

बड़हरा (भोजपुर)/बड़हरा थाना क्षेत्र केशोपुर मुक्तिधाम गंगा नदी घाट स्थित शुक्रवार को गंगा नदी में कूद कर प्रेमी जुगल जोड़ी ने की आत्महत्या। गंगा घाट पर रखे बुलेट बाइक, हेलमेट लड़की के सैंडल, मोबाइल देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना बड़हरा पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते हैं बड़हरा थाना अध्यक्ष शैलेश्वर प्रसाद ने एसडीआरएफ टीम के साथ गंगा नदी घाट पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचे एसडीआरएफ की टीम ने प्रेमी जुगल जोड़ी को गंगा नदी से बाहर निकला गया। प्रेमी जुगल जोड़ी की पहचान सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बसौरी गांव निवासी विजेंद्र शर्मा के पुत्र विकास कुमार शर्मा के रूप में की गई है। वही लड़की की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि मृत लड़की के मोबाइल पर तमिलनाडु से फोन आ रहा है। फोन करने वाले व्यक्ति के द्वारा सरिता नाम बताया जा रहा है। लड़के के पर्स में कोलकाता का ड्राइवरी लाइसेंस भी बरामद किया गया है। पुलिस पूरे मामले को लेकर जांच कर रही है।

संक्षिप्त समाचार

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के रुख से अदालत नाराज

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के एक संघीय जज ने कहा है कि ट्रंप प्रशासन ने तीसरे देशों में निर्वासन पर अदालत के आदेश का उल्लंघन किया है। अदालत के मुताबिक प्रशासन ने अराजक देश दक्षिण सूडान से जुड़ी उड़ान में यात्रियों को भेजकर गलत किया है। बोस्टन में न्यायाधीश ब्रायन ई मर्फी ने कहा, विमान में सवार आठ प्रवासियों को यह आपत्ति करने का कोई सार्थक अवसर नहीं दिया गया कि निर्वासन उन्हें खतरे में डाल सकता है। नोटिस मिलने के कुछ ही घंटों बाद इस समूह को अमेरिका से बाहर भेज दिया गया। इस कारण उन्हें अदालत में आपत्ति जताने के लिए वकीलों से संपर्क करने का मौका ही नहीं मिला। कोर्ट की इस टिप्पणी पर सरकारी वकीलों ने कहा, इन लोगों का आव्रजन प्रणाली से पुराना संबंध रहा है। उन्हें निर्वासित किये जाने का डर व्यक्त करने का अवसर पहले ही मिल गया था। आव्रजन अधिकारियों ने अदालत के आदेश को गलत समझा होगा, क्योंकि न्यायाधीश ने नोटिस और निर्वासन के बीच आवश्यक समय का उल्लेख नहीं किया था।

सातवीं बार बोले राष्ट्रपति ट्रम्प : बिजनेस के जरिए जंग रुकवाई; मोदी को महान शख्स बताया

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष को सुलझाया है। ट्रम्प ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने बिजनेस के जरिए से विवाद सुलझाया है। अमेरिका, भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ बड़ा सौदा कर रहा है। ट्रम्प ने यह दावा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान किया। उन्होंने कहा, भारत-पाकिस्तान के बीच हमले और भी खतरनाक और बदतर होते जा रहे थे। किसी को तो इसे अंजाम पर पहुंचाना ही था। हमने उनसे बात की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा, मैंने दोनों देशों से कहा कि आप लोग क्या कर रहे हैं पाकिस्तान में कुछ बेहतरीन और कुछ बहुत अच्छे, महान नेता हैं। भारत के प्रधानमंत्री मोदी मेरे दोस्त हैं। इस पर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ने कहा- कॉमन फ्रेंड, मोदी हमारे भी दोस्त हैं। फिर ट्रम्प ने कहा- वह (मोदी) एक महान शख्स हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर हुआ था। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ङ्ग पर सबसे पहले इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद से बार-बार दावा करते रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को सुलझाने में मदद की है। हालांकि, 15 मई को उन्होंने कहा था- मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, बल्कि सिर्फ मदद की है।

अमेरिका के साथ अगले दौर की वार्ता में भाग लेने पर विचार कर रहा ईरान

तेहरान, एजेंसी। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के साथ परमाणु समझौतों पर अप्रत्यक्ष बातचीत के अगले दौर से पहले उनका देश विचार-विमर्श कर रहा है। समाचार एजेंसी इरना के मुताबिक, ईरानी विदेश मंत्री ने यह टिप्पणी पिछले वर्ष 19 मई को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में अपने पूर्ववर्ती हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की मृत्यु की पहली वर्षगांठ के अवसर पर तेहरान में आयोजित एक समारोह में की। अराघची ने कहा, हम देख रहे हैं कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिकी अधिकारियों ने अनुचित और अतार्किक रुख अपनाया है। ईरान ने इन स्थितियों पर तुरंत प्रतिक्रिया दी है। अराघची ने कहा, हम बातचीत की मेज पर अत्यधिक मांगों के खिलाफ खड़े होंगे, लेकिन हमने कभी कूटनीति नहीं छोड़ी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान की स्थिति स्पष्ट है कि समझौता हो या न हो (यूरेनियम) संवर्धन जारी रहेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, विदेश मंत्री ने कहा, देश अपने परमाणु कार्यक्रम के बारे में पारदर्शिता प्रदान करने के लिए तैयार है। बदले में ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने पर बातचीत होनी चाहिए, और प्रतिबंधों को हटाया जाना चाहिए। पिछले साल हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पूर्व ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मृत्यु की स्मृति में आयोजित एक समारोह में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने तेहरान के यूरेनियम संवर्धन के बारे में निरर्थक टिप्पणी करने के खिलाफ अमेरिका को चेतावनी दी थी। उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित फुटेज में यह बात सामने आई है। मंगलवार को ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि तेहरान अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के पांचवें दौर के लिए प्राप्त प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है। ओमान की मदद से, ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने पर अप्रैल से अब तक चार दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है। हाल के दिनों में, अमेरिकी अधिकारियों ने बार-बार मांग की है कि ईरान यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से बंद कर दे, लेकिन तेहरान ने दृढ़ता से उसे अस्वीकार कर दिया है।

अमेरिका में इजराइली एंबेसी के 2 अफसरों की हत्या

वॉशिंगटन में यहूदी म्यूजियम के बाहर गोली मारी, हमलावर ने लगाए फिलिस्तीन की आजादी के नारे



वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना बुधवार रात करीब 9 बजकर 5 मिनट (भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 6 बजकर 35 मिनट) पर यहूदी म्यूजियम के बाहर हुई। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक अपराधी ने 'फ्री फिलिस्तीन' का नारा लगाकर दोनों को नजदीक से गोली मारी है। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। घटना के वक्त दोनों कर्मचारी कैपिटल यहूदी म्यूजियम से बाहर निकल रहे थे। इजराइली दूतावास ने प्रवक्ता ने कहा कि दोनों ने हाल ही में सगाई की थी और जल्द ही शादी करने वाले थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान एलियास रॉड्रिगेज के रूप में हुई है। उसकी उम्र 30 साल है। वह शिकागो का रहने वाला है। गिरफ्तारी के दौरान वह फिलिस्तीन को आजाद करने के नारे लगा रहा था।

अमेरिका बोला- यह टारगेट किलिंग : पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने कहा कि गोलीबारी से पहले एक संदिग्ध को म्यूजियम के बाहर घूमते हुए देखा गया था। उसने बाहर निकलते चार लोगों के एक ग्रुप पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। घटना शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई, जहां कई म्यूजियम, सरकारी दफ्तर और एफबीआई का ऑफिस भी मौजूद है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह टारगेट किलिंग जैसी घटना है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है और जल्द ही और जानकारी साझा की जाएगी। एफबीआई की ज्वॉइंट टेररिज्म टास्कफोर्स इस घटना की जांच में जुट गई है।

इजराइली राजदूत बोले- यह पूरे यहूदी समुदाय पर हमला : संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत डैनी डैनन ने इस हमले को यहूदी विरोधी आतंकवाद बताया है। उन्होंने कहा कि यह पूरे यहूदी समुदाय पर हमला है। उन्होंने अमेरिका से दोषियों पर सख्त एक्शन लेने की अपील की। इजराइली दूतावास के प्रवक्ता ने बताया कि दोनों कर्मचारी एक यहूदी कार्यक्रम में भाग ले रहे थे, तभी उन्हें करीब से गोली मारी गई। इस दौरान अमेरिका में इजराइल के राजदूत वहां मौजूद नहीं थे। पुलिस ने लोगों को उस इलाके से दूर रहने की सलाह दी है, जहां यह हमला हुआ। हालांकि स्त्रख्र् ने कहा है कि अभी स्थिति कंट्रोल में है। एफबीआई चीफ काश पटेल ने कहा- मुझे और मेरी टीम को इस घटना की जानकारी दी गई है। हम इस पर काम कर रहे हैं। आपको जल्द ही इस बारे में और जानकारी देंगे। अमेरिकन यहूदी समिति के सीईओ टेड ड्यूच ने कहा कि यह कार्यक्रम उनकी संस्था ने आयोजित किया था। वह इस हिंसक घटना से बहुत दुखी हैं।

नफरत और कट्टरपंथ के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं : वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप ने भी इन हत्याओं पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ये हत्याएं साफ तौर पर यहूदी-विरोधी भावना पर आधारित हैं। नफरत और कट्टरपंथ के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। बहुत दुख की बात है कि ऐसी चीजें हो सकती हैं। इस बीच, एफ.बी.आई. निदेशक काश पटेल ने बताया कि मुझे और मेरी टीम को आज रात कैपिटल यहूदी संग्रहालय के बाहर और हमारे वाशिंगटन फील्ड ऑफिस के पास डाउनटाउन डी.सी. में हुई गोलीबारी के बारे में जानकारी दी गई है। हम इसे लेकर एम.पी.डी. के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और अधिक जानकारी जुटा रहे हैं। उन्होंने पीड़ितों के प्रति संवेदनाएं जताते हुए कहा कि हम इस बारे में जरूरी अपडेट देते रहेंगे।

इस्त्राइल के राष्ट्रपति आइजैक हर्ज़ोग ने दी प्रतिक्रिया : इस्त्राइल के राष्ट्रपति आइजैक हर्ज़ोग ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह घृणा और यहूदी विरोधी भावना का एक घृणित कृत्य है, जिसने इस्त्राइली दूतावास के दो युवा कर्मचारियों की जान ले ली है। हमारी संवेदनाएं मारे गए लोगों के प्रियजनों के साथ हैं और हमारी प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं। मैं राजदूत और दूतावास के सभी कर्मचारियों को अपना पूरा समर्थन देता हूं। उन्होंने आगे कहा कि हम डीसी और पूरे अमेरिका में यहूदी समुदाय के साथ खड़े हैं। अमेरिका और इस्त्राइल अपने लोगों और हमारे साझा मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट रहेंगे। आतंक और नफ़रत हमें नहीं तोड़ पाएगी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताई आंखो-देखी : वहीं, एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जब उसने गोलियों की आवाज सुनी तो बाहर आकर देखा। उन्हें एक आदमी कुछ ज्यादा ही परेशान दिख रहा था। फिर लोग उसकी मदद के लिए आए और उसे पानी लाकर दिया, यह सोचकर कि उसे मदद की ज़रूरत है। उन्हें नहीं पता था कि वह संदिग्ध था। बाद में जब पुलिस आई, तो उसने फ्री फलस्तीन के नारे लगाना शुरु कर दिया। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में इस्त्राइल के राजदूत डैनी डैनन ने इस गोलीबारी को यहूदी विरोधी आतंकवाद का घृणित कृत्य करार दिया है। डैनन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमें विश्वास है कि अमेरिकी अधिकारी इस आपराधिक कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

चीन दे रहा अमेरिका को टक्कर, क्या 5जी सैटेलाइट की चाल से बिगड़ेगा खेल

बीजिंग , एजेंसी। चीनी प्रौद्योगिकी का एक नया उदाहरण सामने आया है। चीनी वैज्ञानिकों ने 5जी उपग्रहों की मदद से सीधे स्मार्टफोन पर ब्रॉडबैंड वीडियो कॉल करके इतिहास रच दिया है। दुनिया में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, सैद्धांतिक रूप से इस तकनीक का उपयोग करके वीडियो को सैटेलाइट के माध्यम से सीधे फोन पर स्ट्रीम किया जा सकता है। तो क्या अमेरिका टिकटॉक पर फंस सकता है यदि अमेरिका और चीन के बीच टिकटॉक से जुड़ी डील टूट जाती है और ऐप को अमेरिका में प्रतिबंधित कर दिया जाता है, तो भविष्य में 5जी सैटेलाइट तकनीक के जरिए फोन पर सीधे अंतरिक्ष से टिकटॉक चलाने की संभावना बढ़ सकती है। यद्यपि इसमें कई विनियामक मुद्दे होंगे, लेकिन लोग हैकिंग में विशेषज्ञ हैं। वे भविष्य में अपने डिवाइसों पर प्रतिबंधित ऐप्स चलाने के लिए ऐसी तकनीक का उपयोग कर सकते हैं। चाइना सैटेलाइट नेटवर्क ग्रुप (चाइना सैटनेट) ने इस परीक्षण की जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, यह परीक्षण 5जी नॉन-टेरेस्ट्रियल नेटवर्क मानकों पर किया गया था। इसका मतलब यह है कि फोन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त 5जी विनिर्देशों के माध्यम से उपग्रह से जुड़ा हुआ है। इसमें किसी हार्डवेयर को स्थापित करने की आवश्यकता नहीं है। अब कल्पना कीजिए कि यदि कोई अमेरिकी यूजर अपने फोन को इस तकनीक से जोड़ ले तो उसके मोबाइल में प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से ऐसे ऐप्स आसानी से डाउनलोड हो जाएंगे जो अमेरिका में प्रतिबंधित हैं। हालाँकि, स्वयं चीनी विशेषज्ञों का मानना है कि व्यवहार्य होने के बावजूद, इस तकनीक को नियामक मुद्दों का सामना करना पड़ सकता है।चीन सैटेलाइट इंटरनेट के क्षेत्र में भी अमेरिका को चुनौती देने के लिए आगे बढ़ रहा है। वहां चाइनासेटनेट सरकारी नियंत्रण में है। इसने अंतरिक्ष में हजारों उपग्रह भी प्रक्षेपित किये हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी का सीधा मकसद एलन मस्क की स्टारलिंक को चुनौती देना है।रिपोर्ट के अनुसार, चीनी विशेषज्ञों का मानना है कि नई तकनीक से भविष्य में फोन को सीधे उपग्रहों से जोड़ा जा सकेगा। इससे पारंपरिक मोबाइल टावरों पर निर्भरता खत्म हो जाएगी। दूरदराज के क्षेत्रों में जहां कनेक्टिविटी की समस्या है, वहां लोगों को सिग्नल मिलते रहेंगे।

कानूनी लड़ाई में जीत के बाद इंस्टीट्यूट ऑफ पीस को वापस मिला अपना मुख्यालय, मस्क के प्रयासों को लगा झटका

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के इंस्टीट्यूट ऑफ पीस को अपना मुख्यालय वापस मिल गया है। दरअसल सरकार की लागत कम करने के उद्देश्य से एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग ने इंस्टीट्यूट ऑफ पीस के बोर्ड और कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था और संस्थान के कामकाज पर कब्जा कर लिया था। सरकारी दक्षता विभाग के इस फैसले के खिलाफ इंस्टीट्यूट ऑफ पीस के बोर्ड सदस्यों ने अदालत का रुख किया। जहां संघीय जज ने सरकारी दक्षता विभाग द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ पीस के कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के फैसले को अवैध बता दिया और मुख्यालय का कब्जा फिर से संस्थान को बोर्ड सदस्यों को सौंपने का फैसला सुनाया।

बुधवार को मुख्यालय पहुंचे कार्यकारी अध्यक्ष : इसके बाद संस्थान को इसका मुख्यालय वापस मिल गया। बुधवार को इंस्टीट्यूट ऑफ पीस के कार्यकारी अध्यक्ष जॉर्ज मूस ने एक बार फिर से मुख्यालय में प्रवेश किया। सरकारी दक्षता विभाग द्वारा इस मुख्यालय को अपने कब्जे में लेने के बाद यह पहली बार था कि मूस मुख्यालय में दाखिल हुए। मार्च में मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग ने मूस समेत बोर्ड सदस्यों और कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था।

नेतन्याहू ने दोहराया गाजा पर पूर्ण कब्जे का इरादा, ट्रंप से मतभेद की खबरों को बताया बेबुनियाद

यरूशलम, एजेंसी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को गाजा पर पूरी तरह से कब्जा करने के अपने इरादे को दोहराया और युद्ध समाप्ति के लिए किसी भी प्रकार के समझौते की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि गाजा में 20 बंधक अब भी जीवित हैं, जबकि 38 अन्य के मारे जाने की आशंका है। पश्चिम यरूशलम स्थित अपने कार्यालय में बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेतन्याहू ने अपनी मंशा जाहिर की।

फिलिस्तीनी संगठन हमास ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि वह युद्ध समाप्ति, गाजा से इजरायली सेना की वापसी और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में इजरायली बंदियों को एकमुश्त रिहा करने के लिए तैयार है। नेतन्याहू ने इन शर्तों को खारिज कर दिया है। इसके बजाय उन्होंने फिलिस्तीनी प्रतिरोध समूहों के निरस्त्रीकरण की मांग की है और गाजा पर पूरी तरह से फिर से कब्जा करने पर जोर दिया है।

नेतन्याहू ने दावा किया कि एक बार ये लक्ष्य हासिल हो जाने के बाद, इजरायल तथाकथित ट्रंप योजना को लागू करने के लिए आगे बढ़ेगा -जिसे व्यापक रूप से गाजा से फिलिस्तीनियों के पुनर्वास की रूपरेखा के रूप में देखा जाता है। नेतन्याहू ने ट्रंप की खाड़ी यात्रा के बाद अमेरिकी प्रशासन के साथ मतभेद की अटकलों को भी खारिज कर दिया, जिसमें इजरायल को शामिल नहीं किया गया था।

ट्रंप की सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा ने कई बड़े व्यापारिक सौदे किए। इसे लेकर मीडिया में कई तरह की बातें उठीं। खासकर वाशिंगटन के सबसे करीबी सहयोगी इजरायल को शामिल न किए जाने को लेकर तमाम सवाल खड़े किए गए। यह यात्रा ट्रंप के यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी बमबारी अभियान को समाप्त करने के निर्णय के बाद हुई।

नेतन्याहू, जिन्होंने पहले इस मुद्दे पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की थी, ने एक समाचार सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि : मैं इजरायल के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। इजरायल पर बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बीच, ट्रंप ने गाजा में युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने और मानवीय सहायता सामग्री की राह बाधित न करने का आग्रह किया था। कुछ दिनों पहले एक अलग बातचीत में, नेतन्याहू ने कहा था कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने उनसे कहा था : हमारे बीच पड़ रही दरार को लेकर उठ रही सभी फर्जी खबरों पर ध्यान न दें।

गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम में शामिल हो सकता है कनाडा, मार्क कार्नी की ट्रंप से हुई बात

ओटावा, एजेंसी। अमेरिका के गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट में कनाडा भी शामिल हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को बताया कि उनकी सरकार गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम में शामिल होने के लिए अमेरिका की सरकार से बात कर रही है। 175 अरब डॉलर के इस मिसाइल डिफेंस सिस्टम की मदद से अमेरिका अंतरिक्ष में भी हथियार तैनात करने में सक्षम हो जाएगा। ट्रंप ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि साल 2029 तक यह गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से संचालित हो जाएगा।

मार्क कार्नी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बात

मार्क कार्नी ने कहा कि यह कनाडा की सुरक्षा के लिए अच्छा विचार है। कार्नी ने इस बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बात करने की पुष्टि की और कहा कि दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर इसे लेकर बात हो रही है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी मार्क कार्नी के दावे की पुष्टि की और कहा कि कनाडा सरकार ने

उनकी सरकार से संपर्क किया है और गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट में शामिल होने की इच्छा जताई है। ट्रंप ने कहा कि वे कनाडा के साथ मिलकर काम करेंगे और इसके लिए कनाडा को उचित योगदान देना होगा। गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम से अमेरिका ऐसी क्षमता हासिल करना चाहता है, जिससे वह अंतरिक्ष से आने वाली मिसाइल को भी रोक सके। साथ ही संभावित खतरे को मिसाइल लॉन्च से पहले ही तबाह करने, मिसाइल लॉन्च होने के तुरंत बाद ही दुश्मन की मिसाइल को हवा में ही तबाह करने की क्षमता हासिल करना भी शामिल है।

ट्रंप ने गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसी साल मार्च में अमेरिकी संसद में दिए अपने भाषण में इस्त्राइल के आयरन डोम सुरक्षा कवच की तर्ज पर ही अपने देश में एक गोल्डन डोम बनाने का प्रस्ताव रखा था। मंगलवार को उन्होंने इस सिस्टम के निर्माण को लेकर मंजूरी भी दे दी। अमेरिका के पास फिलहाल ऐसी कोई सुरक्षा प्रणाली नहीं है, जिसके जरिए वह आधुनिक समय की हाइपरसोनिक मिसाइलों, ड्रोन हमलों की बाढ़ का सामना कर सके। व्यवस्था अब तक काफी बिखरी हुई मानी जाती है। गोल्डन डोम में अगली पीढ़ी के समग्र मिसाइल सिस्टम, अंतरिक्ष आधारित सेंसर और सिग्नल इंटरसेप्टर तैनात होंगे। यह बाहर से आने वाली बैलिस्टिक मिसाइल, हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल, ड्रोन्स, फाइटर जेट्स के हमलों के नाकाम करेगा और उन्हें मार गिराएगा।

भारत की कार्रवाई से झल्लाया पाकिस्तान

भारतीय उच्चायोग के स्टाफ को किया निष्कासित

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को निष्कासित करने का एलान किया। पाकिस्तान ने यह कार्रवाई भारत की कार्रवाई के विरोध में की। भारत ने बुधवार को पाकिस्तानी उच्चायोग के एक स्टाफ को अवांछित घोषित करते हुए निष्कासित कर दिया था। भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया था। भारत की कार्रवाई से झल्लाया पाकिस्तान भी अब बिना किसी ठोस सबूत के भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।

भारत ने 13 मई को भी पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को किया था निष्कासित : इससे पहले 13 मई को भी भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को अवांछित घोषित करते हुए निष्कासित कर दिया था। इन अधिकारियों पर जासूसी के आरोप लगे हैं। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास में एक अधिकारी दानिश को तो पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। दानिश के तार ही जासूसी के आरोप में पकड़ी गई भारतीय यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा और पंजाब और हरियाणा से गिरफ्तार कई जासूसों से जुड़े पाए गए हैं।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में छिड़ा संघर्ष : पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। पहलगाम आतंकी हमले में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी। इसके जवाब में भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला कर कई आतंकियों को ढेर कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत के शहरों को निशाना बनाते हुए हमले किए, लेकिन भारत ने उन हमलों को रोक दिया। जिसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का नाकाम प्रयास किया। भारतीय पक्ष ने पाकिस्तानी कार्रवाइयों का कड़ा जवाब दिया। 10 मई को दोनों देशों के बीच संघर्षविराम हो गया।

ट्रम्प की साउथ अफ्रीकी प्रेसिडेंट से तीखी नोकझोंक : गोरे किसानों के नरसंहार का वीडियो दिखाया

न्यूयॉर्क, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के बीच बुधवार को व्हाइट हाउस में मीडिया के सामने तीखी बहस हुई। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका में गोरे किसानों का नरसंहार किया जा रहा है। ओवल ऑफिस में मीटिंग के दौरान ट्रम्प ने एक वीडियो को सबूत के तौर पर दिखाते हुए दावा किया कि साउथ अफ्रीका में गोरे लोगों को बड़े पैमाने पर टारगेट किया जा रहा है। इसके कारण किसान अमेरिका की ओर भाग रहे हैं। रामफोसा को इसके खिलाफ कदम उठाने चाहिए

हालांकि, रामफोसा ने दावों का खंडन करते हुए कहा कि नरसंहार के आरोप झूठे हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा- साउथ अफ्रीका में सभी नस्लों के लोग हिंसा से पीड़ित हैं। इनमें ज्यादातर अश्वेत हैं। वहां सिर्फ गोरे लोगों को नहीं सताया जा रहा है। ट्रम्प ने इससे इनकार करते हुए कहा कि सिर्फ गोरे किसानों को सताया जा रहा है। रामफोसा ने ट्रम्प को कतर सरकार से गिफ्ट में मिले प्लेन पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा- मुझे माफ कीजिए मेरे पास आपको देने के लिए प्लेन नहीं है, इस पर ट्रम्प ने भी उसी तरह जवाब दिया, उन्होंने कहा, काश आपके पास ये होता, तो मैं ले लेता।

दोस्ताना माहौल में मीटिंग शुरू हुई : दोनों राष्ट्रपतियों के बीच दोस्ताना माहौल में मीटिंग शुरू हुई। दोनों ने गोल्फ के बारे में बात की। ट्रम्प ने अफ्रीका में लोगों के गोल्फ खेलने के टैलेंट की तारीफ की। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा ने फिर टी शब्द का जिक्र करते हुए दोनों देशों के बीच ट्रेड पर चर्चा करने की कोशिश की। उन्होंने एक मिनरल डील का भी जिक्र किया।

ट्रम्प ने अचानक कहा- लाइट बंद करो,

वीडियो चलाओ : दोनों नेता के बीच ठीक से बातचीत चल चल रही थी। अचानक ट्रम्प ने अपने स्टाफ से वीडियो चलाने के लिए लाइट्स बंद करने को कहा। इससे रामफोसा चौंक गए।

रामफोसा सिर्फ दो-तीन बार वीडियो देखने के लिए मुड़े : जब वीडियो शुरू हुआ, तो रामफोसा ने ट्रम्प से इशारों में सवाल किया कि यह क्या है हालांकि, ट्रम्प ने उन्हें इंतजार करने का इशारा किया। रामफोसा ने दो-तीन बार पीछे मुड़कर वीडियो देखा। ट्रम्प ने वीडियो को गोरे लोगों के नरसंहार का सबूत बताते हुए कहा कि इसमें हजारों गोरे किसानों की कब्र दिखाई गई हैं।

रामफोसा बोले- पता लगाएंगे वीडियो कहां की है : रामफोसा ने अपना संयम बनाए रखते हुए दावों से इनकार किया। उन्होंने कहा- मैंने पहले कभी यह वीडियो नहीं देखा है। हम पता लगाएंगे कि यह वीडियो कहां है। इसकी प्रामाणिकता की गहराई से जांच करेंगे। रामफोसा ने कहा, हमारे देश में हिंसा अपराध है, और इससे सभी प्रभावित हैं- चाहे वो काला हो या गोरा

ट्रम्प नहीं रुके, न्यूज आर्टिकल्स दिखाकर हत्या-हत्या कहने लगे : रामफोसा के यकीन दिलाने के बाद भी ट्रम्प नहीं रुके। उन्होंने न्यूज आर्टिकल्स की प्रिंटेड कॉपी दिखाई, जिनमें साउथ अफ्रीका में मारे गए गोरे लोगों के बारे में बताया गया है। पन्नों को पलटते हुए ट्रम्प जोर से हत्या...हत्या कहते रहे। गोल्फ ट्रम्प का पसंदीदा खेल है। इसे ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति रामफोसा दो दक्षिण अफ्रीकी गोल्फ खिलाड़ियों एर्नी एल्स (सबसे दाएं) और रीटिफ गूसेन (बीच में) को मेहमान के तौर पर साथ ले गए थे। बहस के दौरान वे दोनों राष्ट्रपति के पीछे खड़े थे। गोल्फ ट्रम्प का पसंदीदा खेल है। इसे ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति रामफोसा दो दक्षिण अफ्रीकी गोल्फ खिलाड़ियों एर्नी एल्स (सबसे दाएं) और रीटिफ गूसेन (बीच में) को मेहमान के तौर पर साथ ले गए थे। बहस के दौरान वे दोनों राष्ट्रपति के पीछे खड़े थे।

रामफोसा बोले- साउथ अफ्रीका में गोरे ज्यादा खुशहाल : इसके खत्म होने के बाद रामफोसा ने कहा कि वीडियो में उनके देश की पूरी तस्वीर नहीं दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि साउथ अफ्रीका में कई राजनीतिक दल हैं। लोकतंत्र ने उन्हें अपनी बात कहने की अनुमति दी है। वीडियो में वो जो कह रहे हैं हमारी सरकार की नीति उससे अलग है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)